भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -06 ■ वर्ष : 12, अंक : 149 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 28 न्यून.23 haribhoomi.com


शिप्रा नदी का रामघाट

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## छत्तीसगढ़ में बना लो प्रेशर एरिया, प्रदेश में भारी बारिश शुरू, आज 15 जिलों में अलर्ट

# उज्जैन में उफान पर शिप्रा नदी, राम घाट पर बने सभी मंदिर भी डूबे बाणसागर डैम के गेट खुलते ही नदी के बीच धार में 'फंसा' युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार से बारिश में तेजी आना शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ और आसपास लो प्रेशर एरिया बनने के साथ ही मानसून ट्रफ शिवपुरी, दमोह और छत्तीसगढ़ के मध्य से गुजरने के कारण अब बारिश में अगले पांच दिन तेजी बनी रहेगी। गुरुवार को भोपाल सहित गुना, इंदौर, शाजापुर, धार, उज्जैन, दमोह, खजुराहो, मंडला, उमरिया समेत कई जिलों में भी पानी गिरा। रायसेन में भारी बारिश से सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। धार के मनावर में सुबह तेज पानी गिरा। इंदौर के गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास सड़क ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोपाल में आज से और तेजी पकड़ेगी बारिश

राजधानी में गुरुवार को अजीब तरह से बारिश हुई कभी धूप के साथ बारिश तो कभी धूप कभी रिमझिम


सोन नदी में युवक का रेस्क्यू

### युवक का 6 घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू

शहडोल। जिले के बाणसागर बांध में सोन नदी का जलस्तर बढ़ जाने से गुरुवार की देर शाम गेट खोलने पड़ गए। गेट खुलते ही बांध के निचले हिस्से में नदी के बीचों-बीच मछली पकड़ रहा युवक नदी के बीच धार में फंस गया। 6 घंटे चले रेस्क्यू के बाद एसडीआरएफ की टीम एवं पुलिस ने युवक को सुरक्षित निकाल लिया। घटना देवलौंद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आज यहां तेज बारिश

नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा आदि जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आज से

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा दो दिवसीय



रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 29 एवं 30 अगस्त को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी होंगे।

### पीएम जनधन योजना में 56 करोड़ खुले खाते

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री जन धन योजना को गुरुवार को 11 वर्ष पूरे हो गए। यह योजना 28 अगस्त 2014



को शुरू की गई थी और आज यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन (फाइनेंसियल इन्क्लूजन) की पहल बन चुकी है। अब तक 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें कुल 2.67 लाख करोड़ रुपए की जमा राशि है। इनमें से 56% खाते महिलाओं के नाम पर हैं, जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और वित्तीय समानता का प्रतीक है।

## बड़ी पहल : सीएम डॉ. यादव ने सीएम हाउस में बुलाई सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव पारित

# ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिलाने के लिए सब मिलकर लड़ेंगे

10 सितंबर से पहले बैठक कर लें सभी पक्षों के वकील

*बैठक में तय किया गया कि सभी दल मिल सभी फोरम में होल्ड 13 फीसदी आरक्षण दिलाने का तेजी से प्रयास करेंगे ताकि बच्चों को आयु सीमा पूर्ण होने से पहले इसका लाभ मिल सके*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार को सीएम हाउस में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में निर्णय लिया गया कि राजनीति से ऊपर उठ कर सभी दल ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिलाने के लिए मिल कर लड़ाई लड़ेंगे।

बैठक में इस संबंध में दो प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें तय किया गया कि सभी दल मिल सभी फोरम में होल्ड 13 फीसदी आरक्षण दिलाने का तेजी से प्रयास करेंगे ताकि बच्चों को आयु सीमा पूर्ण होने से पहले इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर से इस मामले से संबंधित सभी याचिकाओं पर सुनवाई डे टू डे होना है इसलिए सभी पक्षों के वकील 10 सितंबर से पहले बैठक कर लें ताकि सभी मिल कर एक साथ आरक्षण के पक्ष में तर्क रख सकें। ▶▶ शेष पेज 6 पर

▶▶ सुप्रीम कोर्ट 22 सितंबर से करेगा हर रोज सुनवाई

▶▶ होल्ड 13 फीसदी आरक्षण दिलाने का प्रयास करेंगे तेज



### जिन विभागों में गुंजाइश थी, वहां दिया 27% आरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार हरसंभव प्रयास किए हैं। जिन विभागों में गुंजाइश थी उन सभी विभागों में आरक्षण देने में सरकार पीछे नहीं रही। कई विभाग जिनमें स्टे नहीं था, जैसे लोक निर्माण विभाग आदि में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इस विषय में राज्य सरकार वरिष्ठतम अधिवक्ताओं की सलाह लेने और राज्य सरकार का पक्ष रखने में उनका सहयोग लेने के लिए सहमत और तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को उनका हक दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हो रही जातिगत जनगणना से भी मदद मिलेगी।

### एमपीपीएससी के वकीलों का पैनल बदला जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमपीपीएससी के वकीलों का पैनल बदला जाएगा। मध्यप्रदेश लोकसभा आयोग ने 13 फीसदी होल्ड पदों वाले अभ्यर्थियों की याचिका को खारिज करने के लिए काउंटर एफिडेविट दिया था, जिसे एमपीपीएससी ने बुधवार को वापस ले लिया है और कोर्ट से पहले के एफिडेविट के लिए माफी मांगी है। एमपीपीएससी की ओर से कहा गया कि यह एफिडेविट गलती से प्रस्तुत कर दिया गया था। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### बैठक में ये नेता रहे मौजूद

*सर्वदलीय बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव, प्रदेश अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी रमाकांत पिप्पल, प्रदेश अध्यक्ष समाजवाद पार्टी मनोज यादव, प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं विधायक तलेश्वर सिंह मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष आम आदमी पार्टी एवं महापौर नगर पालिक निगम सिंगरौली रानी अग्रवाल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जेपी दुबे, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल तथा अधिवक्ता वरुण ठाकुर के अलावा पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रामकृष्ण कुसमारिया, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हेमंत खंडेलवाल तथा सतना सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। बैठक में एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह ने वर्चुअली सहभागिता की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव विधि एनपी सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।*

## बढ़े अमेरिकी टैरिफ के बीच बड़ा दावा

# निर्यातकों की 'मदद' के लिए केंद्र उठा रहा कदम

*प्रस्तावित भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द ही बातचीत होगी शुरू*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार से जुड़े अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लागू करने के बाद देश के निर्यातकों को होने वाली परेशानियों पर प्रतिक्रिया दी है।

एक अधिकारी ने कहा है कि सरकार बढ़े हुए टैरिफ के कारण निर्यातकों के सामने आ रही रही समस्याओं को समझती है और उनकी मदद के लिए सकारात्मक कदम उठाए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नकदी की कमी का सामना करना पड़ेगा

*अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव पर वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यह सर्वविदित है कि 50% टैरिफ व्यापार को प्रभावित करेंगे। अल्पावधि में कपड़ा, रसायन और मशीनरी क्षेत्रों पर इसका प्रभाव पड़ेगा, लेकिन यह बहुत दीर्घकालिक नुकसान नहीं होगा। उद्योग चिंतित हैं वे लगातार अपने ज्ञापन भेज रहे हैं। उद्योग ने बताया* ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मोदी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ भारतीय कपड़ा निर्यातकों को मिलेगी राहत

केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि गुरुवार को तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी। इस कदम का मकसद अमेरिका के 50% उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक ▶▶ शेष पेज 6 पर

## टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी विदेश रवाना

# जापान के बाद चीन की भी यात्रा करेंगे, जिनपिंग व पुतिन से मिलेंगे

*जापान यात्रा क्वॉड पर होगी फोकस*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो देशों के अहम दौरे पर रवाना हो गए। 29-30 अगस्त को जापान की यात्रा के बाद पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन भी जाएंगे। जहां राष्ट्रपति शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात होगी। शुक्रवार 29 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी टोक्यो पहुंचेंगे। यहां पीएम जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ 15वें भारत- ▶▶ शेष पेज 6 पर

## आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम के आखिरी दिन संघ प्रमुख ने दिए सवालों के जवाब

रिटायरमेंट की अटकलों को किया खारिज

# न 75 साल पर 'रिटायर' होऊंगा न किसी को होने के लिए कहूंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सौ साल पूरे होने पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि न 75 साल पर रिटायर होउंगा और न ही किसी को रिटायर होने के लिए कहूंगा।

आरएसएस की 100 वर्ष की यात्राः नए क्षितिज विषय पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भागवत ने साफ कहा कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। राजनेताओं ▶▶ शेष पेज 6 पर

संघ प्रमुख ने कहा कि हम स्वयंसेवक हैं, हम वही करते हैं, जो संघ हमसे करने के लिए कहता है



### 80 साल का होने के बाद भी शाखा लगाऊंगा

सरसंघचालक ने कहा कि संघ में हम स्वयंसेवक हैं। अगर मैं 80 साल का हो जाऊं और संघ कहे कि जाओ, शाखा चलाओ, मैं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं 75 साल से अधिक का हो चुका हूं और रिटायरमेंट बेनिफिट एंजॉय करना चाहता हूं। सरसंघचालक ने कहा कि संघ में कोई ▶▶ शेष पेज 6 पर

दूसरों की खुशियों में शामिल होने से समाज में समरसता आती है और आपसी भेद-भाव कम होते हैं

### तकनीकी शिक्षा का विरोध नहीं, लेकिन संस्कृति बनाए रखना जरूरीः संघ प्रमुख

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर समझाया है कि अपने घरों में अपनी भाषा, परंपरा, वेशभूषा और संस्कृति बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी तकनीकी शिक्षा का विरोध नहीं करते। नई शिक्षा नीति लाना जरूरी था। गुरुवार को संघ प्रमुख ने परिवार को एकजुट करने के तरीके भी बताए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में शामिल होकर सामाजिक एकता मजबूत होती है, साथ ही प्रेम और करुणा बढ़ती है। संघ प्रमुख ने कहा कि विवाद या भड़काऊ स्थिति में कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए, बल्कि कानूनी व्यवस्था पर भरोसा करना चाहिए। हमारे देश की विविध संस्कृति में विभिन्न जाति, पंथ, और समुदाय के लोग रहते हैं। इन सबके बीच सौहार्द बनाए रखने और संबंध मजबूत ▶▶ शेष पेज 6 पर

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने 'एक्स' पर दी बधाई

# अनुराग जैन बने रहेंगे मप्र के मुख्य सचिव एक साल का मिला एक्सटेंशन, आदेश जारी

*31 अगस्त को खत्म हो रहा था उनका कार्यकाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नए मुख्य सचिव को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। अनुराग जैन मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव बने रहेंगे। उन्हें एक साल का एक्सटेंशन मिला है। जैन को 31 अगस्त को रिटायर होना था।

जैन को एक्सटेंशन मिलना पहले से ही तय माना जा रहा था, जिसके लिए केंद्रीय कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बैंस और वीरा राणा को भी मिल चुका है मौका

गौर हो कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में इकबाल सिंह बैंस को केंद्र सरकार ने दो बार एक्सटेंशन दिया था। 6-6 महीने के दो बार के एक्सटेंशन के चलते बैंस 2022 में रिटायर होने के बाद नवंबर 2023 तक सेवा में रहे थे। वहीं, विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

## केंद्र सरकार ने दलील दी कि राज्य के पास खुद कोई मौलिक अधिकार नहीं होता, वह सिर्फ लोगों के अधिकारों की रक्षा करता है

सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ में अहम बहस

# बिल पर राष्ट्रपति और राज्यपाल के फैसलों के खिलाफ याचिका दायर नहीं कर सकते राज्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे।

मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ▶▶ शेष पेज 6 पर



◆ ***राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं?***

### राज्यपाल का छह महीने तक विधेयक लंबित रखना सही नहीं: सीजेआई

उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 32 का उपयोग तब किया जाता है, जब मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। लेकिन संविधानिक ढांचे में राज्य सरकार खुद मौलिक अधिकार नहीं रखती। राज्य सरकार की भूमिका यह है कि वह अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करे। सॉलिसिटर जनरल ने आठ अप्रैल के उस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### तो क्या अदालत के पास कोई उपाय नहीं रहेगा?

26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया था कि अगर कोई राज्यपाल किसी विधेयक पर अनिश्चितकाल तक फैसला नहीं लेता तो क्या अदालत के पास कोई उपाय नहीं रहेगा? क्या राज्यपाल की स्वतंत्र शक्ति के चलते बजट जैसे जरूरी विधेयक भी अटक सकते हैं? शीर्ष कोर्ट ने यह सवाल तब उठाया जब कुछ भाजपा शासित राज्यों ने कहा कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने में पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। इन राज्यों ने यह भी कहा कि कोर्ट हर समस्या का हल नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट अभी राष्ट्रपति की ▶▶ शेष पेज 6 पर



भोपाल। चूना भट्टी तिराहे पर सजी आकर्षक झांकी

## वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा



भोपाल। पिपलानी, भेल क्षेत्र में भगवान गणेश की आकर्षक झांकी।



भोपाल। जहांगीराबाद पुलिस लाइन की झांकी।



भोपाल। कोलार स्थित झांकी 'लालबाग के राजा'



भोपाल। कोलार गेस्ट हाउस रोड स्थित झांकी।



भोपाल। कोलार दानिशकुंज स्थित झांकी।

## अड़ीबाजी, रिश्वतखोरी की तो होगी कार्रवाई

**भोपाल।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार (एनसीआईएसएम) द्वारा गुरुवार को जारी सर्कुलर ने स्पष्ट किया है कि आयोग के नाम पर औचक निरीक्षण, अवैध धन की मांग के झूठे दावे के साथ रिश्वतखोरी, अड़ीबाजी, जबरन वसूली की गई तो आयोग सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने सर्कुलर जारी किया है। आयोग के संज्ञान में लाया गया है कि कुछ शरारती तत्व सरप्राइज विजिट या औचक निरीक्षण के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं तथा एनसीआईएसएम के नाम का दुरुपयोग करके पैसे की मांग का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आयोग भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का पालन करता है। औचक निरीक्षण, कॉलेजों का निरीक्षण जब भी होते हैं वो आयोग द्वारा गठित टीमों द्वारा उचित प्राधिकरण के साथ कराए जाते हैं। सभी संस्थानों, प्राधिकारियों व हितकारकों को सख्त चेतावनी दी जाती है कि ऐसे झूठे दावों पर ध्यान न दें और ऐसे किसी भी प्रयास की सूचना आयोग को दी जाना चाहिए। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने एनसीआईएसएम के इस कड़े कदम की सराहना की है।

**एनसीआईएसएम ने जारी किया सर्कुलर**

### राशि स्वीकृत पर चीफ इंजीनियर नहीं होने से काम अटकने का आरोप

# 50 साल पुराना जीएमसी का हॉस्टल बदहाल टपक रही छत, टूट रहे पिलर, मरम्मत की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लगातार हो रही बारिश से एक तरफ जहां लोगों को हाल बेहाल हो रहे हैं वहीं गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के हॉस्टल भी बदहाल हो रहे हैं। यहां की छतें टपक रही हैं तो पिलर में दरारें पड़ रही हैं। हॉस्टल की दीवारों और छतों से प्लास्टर तक गिर रहा है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि कॉलेज के 500 से ज्यादा मेडिकल छात्र यहां रहने को मजबूर हैं।

मालूम हो कि जीएमसी के हॉस्टल 50 साल से ज्यादा पुराने हैं। हॉस्टल के सात ब्लॉक में से एफ ब्लॉक (गर्ल्स हॉस्टल) नया बन चुका है। इन छात्रों का आरोप है कि वे कई बार संस्थान को पत्र लिख चुके हैं लेकिन रिनोवेशन नहीं हो रहा। छात्रों की स्थिति को देखते हुए अब कॉलेज प्रबंधन से रेनोवेशन के लिए 3.5 करोड़ रुपए की मांग की। बताया जा रहा है कि बीते सप्ताह राशि स्वीकृत भी हो गई, लेकिन इसी बीच चीफ इंजीनियर रिटायर हो गए और प्रोजेक्ट ठप पड़ गया।



**नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया**

*जानकारी के मुताबिक जब तक चीफ इंजीनियर की नियुक्ति नहीं होती रिनोवेशन का काम शुरू नहीं हो सकता। अब तक नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं तक नई नियुक्ति में दो से तीन महीने का समय लगेगा। ऐसे में छात्रों को बारिश के महीने में इन परिस्थितियों में ही रहना होगा।*





**हॉस्टल की प्रमुख समस्याएं**

- साफ-सफाई का अभाव, गंदे कमरे और शौचालय
- दरकी दीवारें, सीलन, लीकेज और खराब फर्नीचर
- जर्जर ढांचा, 50 साल से भी पुराना स्ट्रक्चर
- बिजली की खराब वायरिंग, हादसे का खतरा
- मच्छर व गंदगी से डेंगू-मलेरिया का डर
- सुरक्षा व्यवस्था कमजोर, बाहरी लोगों की आवाजाही

**50 साल पुराना हॉस्टल अब रहने लायक नहीं**

जीएमसी हॉस्टल 50 साल पुराने और बेहद जर्जर हो चुके हैं। यहां रहना मुश्किल है, लेकिन विकल्प न होने से छात्र मजबूर हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। पीजी सीटें बढ़ने के बाद नए हॉस्टल की भी सख्त जरूरत है। जीएमसी का छात्रावास अब रहने लायक नहीं बचा है। कभी हादसा हो सकता है।

डॉ. कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष, जूडा

**बारिश के बाद शुरू होगा कार्य**

कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई देरी नहीं हुई है। जैसे ही चीफ इंजीनियर की नियुक्ति होगी, रेनोवेशन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि बरसात को देखते हुए अब काम बारिश के बाद ही शुरू करने की योजना है, ताकि काम के बीच कोई व्यवधान न आए।

डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, जीएमसी

### चंद्रशेखर, नारायण और बेगवानी के बीच टक्कर

## अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार चुनावी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की प्रतिष्ठित और धार्मिक त्यौहार की गतिविधियों में अग्रणी संस्था श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। एक सितंबर को होने वाले इस बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर इस बार अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार मैदान में हैं, जिनमें चंद्रशेखर तिवारी, कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह के नाम भी चर्चा में हैं। जहां एक ओर चंद्रशेखर तिवारी को शहर के विभिन्न सामाजिक वर्गों से जनसमर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह मतदाताओं तक पहुंच रहे है।

**श्री हिंदू उत्सव समिति का चुनाव एक सितम्बर को**

समिति के अध्यक्ष पद के लिए पहली बार चंद्रशेखर तिवारी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समिति के चुनाव को लेकर शहरभर में उत्सुकता बनी हुई है। डोर टू डोर जनसंपर्कः प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क, सोशल मीडिया कैंपेन और स्थानीय कार्यक्रमों में भागीदारी के जरिए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीसी कोठारी और टीम की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

## बीएमएचआरसीः प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन पर शुरू हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के विभिन्न शासकीय अस्पतालों एवं संस्थानों में स्थापित वायरल रिसर्च एवं डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज और इंटर-डिसिप्लिनरी रिसर्च डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज में कार्यरत वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से बीएमएचआरसी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत हुई। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं प्रयोगशालाओं में कार्यरत वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगी।

### अपामार्ग की 108 दातून की और पवित्र स्नान किया

## महिलाओं ने ऋषि पंचमी पर कुशा से सप्तऋषि बनाकर की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऋषि पंचमी गुरुवार को सौभाग्यवती महिलाओं ने व्रत रखा और कुशा से सप्तऋषि और अरुंधति की आकृति बनाकर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सुबह अपामार्ग की 108 दातून की और पवित्र स्नान किया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत रखा और मध्यान्ह में पूजा अर्चना की।

शहर में अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। ऋषि पंचमी पर रजोधर्म के दौरान जाने-अनजाने में स्पर्श के कारण जो दोष लगता है। उससे मुक्ति के लिए सप्तऋषि और अरुंधति का पूजन किया जाता है। इस त्योहार में मोरधन और दही का सेवन किया गया।

**अति पुण्यकारी व्रत**

*महिलाओं के लिए ऋषि पंचमी व्रत अति उत्तम और बहुत पुण्य कारी है। सात ऋषियों में महर्षि कश्यप, अति भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि, वशिष्ठ, महर्षियों की पान के पत्तों पर सुपारी रखकर स्थापना की जाती है। विभिन्न प्रकार के निवेदकों का भोग, ऋषियों की कथा का पाठ करने साथ भजन कीर्तन कर महा आरती की जाती है।*

### मंत्री टेटवाल से विद्यार्थियों ने किया संवाद

### आईआईआईटी-2025 बैच का दीक्षारंभ समारोह आयोजित

## तकनीकी ज्ञान और नवाचार से ही बन सकता है भारत विश्वगुरूः मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मैनिट कैंपस स्थित ट्रिपल आईटी (भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) का नवागंतुक छात्रों के लिए 4 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम दीक्षारंभ 2025 का आयोजन किया गया। नए विद्यार्थियों के इस स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और उनके अभिभावकों को संस्थान, उसकी सुविधाओं और भोपाल शहर से परिचित कराना था। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा है कि दीक्षारंभ केवल शिक्षा का औपचारिक आरंभ नहीं है, बल्कि यह वह क्षण है जब विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं।



**कर्म में कौशल ही योग**

*मंत्री टेटवाल ने गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्म में कौशल ही योग है और यही उत्कृष्टता जीवन को सार्थक बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक स्वरूप वही है, जो व्यक्ति में अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना जगाए।*

**विद्यार्थी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे**

*मंत्री टेटवाल ने कहा कि आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियान युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने की हिम्मत दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईआईआईटी-2025 बैच के विद्यार्थी इस बदलते दौर में अपनी पहचान*

### पर्यूषण पर्व का प्रथम दिन, अनुराग जैन कहा-

## हमारे जीवन की गंदगी को धोने में निर्मल जल का काम करता है पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन गुरुवार को सांगानेर आए अनुराग जैन ने प्रवचन देते हुए कहा पर्यूषण पर्व हमारे जीवन की गंदगी को धोने में निर्मल जल का काम करता है। धर्म जीवन की नींव है।

धर्म जीवन का आधार है। धर्म ही ऐसा तत्व है, जो मानव को स्वभाव में स्थिर करने की प्रेरणा देता है। आज दशलक्षण पर्व का प्रथम दिन है। पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन तामोट दिगंबर जैन मंदिर, मेंन रोड औबेदुल्लागंज एवं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महाशांति धारा। उसके बाद देव शास्त्र गुरु की पूजा हुई। देव शास्त्र पूजा के बाद तत्वार्थ सूचना का वाचन हुआ।



**ये लोग रहे मौजूद**

*दोपहर 3 बजे से सभी लोगों की क्लास लगी। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीचंद मीना जैन तामोट, एलसी जैन, तरुण जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, कविता जैन, नीति अनुराग जैन, रितेश जैन, नरेश दादा, गुड्डन जैन, सुनील तामोट, अध्यक्ष शिरोमणि आशा रानी आदि लोग मौजूद थे।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025



# उम्रदराज और टूर्नामेंट नहीं खेलने वाले आधा शूटर्स का छिनेगा स्पोर्ट्स का तमगा

## जिला प्रशासन के सामने तीसरे दिन 14 शूटर्स की पेशी, अब तक 46 का लिया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के इंटरनेशनल और नेशनल काम्पटीशन खेलने वाले 77 शूटर्स को लेकर पहली बार जिला प्रशासन ने जांच शुरु की है। अब तक एक से अधिक गन वाले प्रख्यात 46 शूटर्स की गन और कारतूस का रिकार्ड खंगाला गया है।

जांच में पता चला है कि कई शूटर्स ने कारतूस नहीं लिए, बावजूद इसके काम्पटीशन में हिस्सा लिया है। इसके साथ पचास से अधिक उम्र वाले शूटर्स ने भी इक्का-दुक्का काम्पटीशन में ही हिस्सा लिया है। ऐसे में इन शूटर्स के लाइसेंस से स्पोर्टस का तमगा हटाया जा सकता है। ऐसे में इन्हें एक से अधिक गन को सरेंडर करना पड़ेगा। कारतूस का कोटा भी घटा दिया जाएगा।

शार्ट बोर और सिंगल गन वाले शूटर्स को भी बुलाया

उम्रदराज का कारतूस का कोटा भी घटा दिया जाएगा

### जांच के बाद कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा प्रतिवेदन



अफसरों का कहना है कि 46 शूटर्स की जांच करने के बाद शेष बचे शूटर्स की भी जांच की जा रही है। जिसके बाद प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पेश किया जाएगा। गुरुवार को अनवर हसन खान कोहेफिजा, अब्बास हसन खान हनुमानगंज, आयशा खान हनुमानगंज, साहिब उर रहमान कोहेफिजा, सौरभ कुमार सिंह शाहपुरा, साद खान कोहेफिजा, सौम्या मिश्रा हबीबगंज, शाहिद खान ऐशबाग, साद शाह शाहजहांनाबाद, सानिया खान तलैया, मोहम्मद समीर खान तलैया, इबाद शाह शाहजहांनाबाद, इमाद शाह शाहजहांनाबाद और हर्षित तिवारी गोविंदपुरा से दस साल के कारतूसों का रिकार्ड मांगा गया है। शूटर्स ने कारतूसों के बिल पेश किए हैं, जबकि लाइसेंस पर दर्ज एंट्री को भी जांच में शामिल किया गया है।

### कारतूस खरीदी पर रोक से प्रेक्टिस का नुकसान

गुरुवार को पेशी पर आए शूटर्स ने जिला प्रशासन की जांच को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गन और कारतूस के संबंध में पहले से जिला प्रशासन के पास रिकार्ड है। बावजूद इसके लिए शूटर्स को बार-बार बुलाकर पूछताछ की जा रही है। ऐसे में कई नेशनल, इंटरनेशनल टूर्नामेंट है, बावजूद इसके प्रेक्टिस का नुकसान हो रहा है।

तीन साल के लिए आरजीपीवी ने दिया भवन

# राजधानी में शुरू हुआ राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का कैंपस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) ने गुरुवार को राजधानी में अपने नए कैंपस का संचालन शुरू कर दिया है। यह नया परिसर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग में शुरू किया गया है। विवि ने इसके संचालक के लिए 3 साल के लिए भवन उपलब्ध कराया है।

आरजीपीवी के कुलगुरू प्रो. राजीव त्रिपाठी के अनुसार गृह मंत्रालय भारत सरकार के इस विवि में अभी कुछ सामान्य कोर्सेस संचालित करने की उम्मीद है। इनमें साइबर सिक्योरिटी आदि कोर्स हो सकते हैं। राष्ट्रीय रक्षा विवि के साथ मिलकर आरजीपीवी भी कुछ कोर्स शुरू करेगा। इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे आरजीपीवी के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा।

साइबर सिक्योरिटी सहित अन्य कोर्स संचालित होने की उम्मीद

### कैबिनेट में लिया था सरकार ने निर्णय

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने इसी साल एक जुलाई को हुई कैबिनेट बैठक में इस कैंपस के लिए आरजीपीवी में जगह देने का निर्णय किया था। साथ ही 10 एकड़ जमीन देने को भी मंजूरी दी गई थी। भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विवि के कैम्पस यहां स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा शिक्षा एवं अनुसंधान को मजबूती देना बताया गया है। इससे युवाओं को विश्वविद्यालय से जुड़कर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने का अवसर मिलेगा। यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सुरक्षा एवं पुलिस विज्ञान के अध्ययन के लिए समर्पित है।

## खाद्य पदार्थों की जांच गैर न्यायालीन अफसर करेंगे

**भोपाल।** स्कूल, अस्पताल, खाद वितरण, खाद्य पदार्थों की जांच, खनिज और नगर निगम क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाने के काम में गैर न्यायालीन अफसरों की मदद ली जाए। आने वाले दिनों में इन अफसरों को अपने काम के बारे में बताना पड़ेगा कि उन्होंने हफ्ते भर में क्या किया। जबकि न्यायालय का काम देखने वाले अफसर इस बात का ध्यान रखें कि वह सुबह दस से शाम छह बजे तक तहसील दफ्तरों में ही रहें, जिससे आम लोगों के कामों को टाइम लिमिट में निपटाया जा सके। यह बात गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में कही। बैठक में अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने कहा कि तहसील कोर्ट में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य केसों को टाइम से निपटाया जाए।

## सहायक प्रबंधक को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त सागर की टीम ने सेवा सहकारी समिति केसली के सहायक प्रबंधन संतोष चौबे को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। मूंग की ग्रेडिंग रिपोर्ट को सही करके उसे वेयर हाऊस में एवं माल की टीसी बनाने के बदले में 2 लाख रुपए की मांग की गई थी।

ट्रैफिक और अतिक्रमण से पुराने शहर के बाजारों में बढ़ी दिक्कत

# स्मार्ट सिटी एरिया में सर्राफा, किराना कपड़ा बाजार शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने शहर में ट्रैफिक और अतिक्रमण की वजह से सर्राफा बाजार, थोक किराना बाजार, दवा बाजार और कपड़ा बाजार प्रभावित हो रहा है। ऐसे में इन बाजारों को स्मार्ट सिटी के खाली प्लॉटों में शिफ्ट किया जा सकता है। व्यापारी कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से राशि भी देने तैयार हैं। यह बात गुरुवार को सांसद आलोक शर्मा ने व्यापारियों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय में बैठक रखी।

सांसद ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से कहा कि पुराने भोपाल का सौ साल पुराना मार्केट काफी कंजस्ट हो गया है। यहां माल लेकर आने वाले ट्रैफिक जाम में फंस जाते हैं। पार्किंग की भी समस्या बढ़ती जा रही है। अब जनता सर्राफा मार्केट, जुमेराती, हनुमानगंज, दवा बजार जैसे थोक के मार्केट में जाने से कतराती है। ऐसे में इन बाजारों को टीटी नगर के स्मार्ट सिटी में शिफ्ट किया जा सकता है। जिसको लेकर कलेक्टर ने व्यापारियों से भी बातचीत कर कारोबार में आ रही दिक्कतों को समझा। कलेक्टर ने इस संबंध में अफसरों के साथ बैठक रखकर आगे की रणनीति बनाने की बात कही।

स्मार्ट सिटी के खाली प्लॉटों में शिफ्ट हो सकेंगे बाजार व्यापारी कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से राशि देने को तैयार

व्यापारियों ने रखी शिफ्टिंग की मांग, सांसद ने रखी बैठक

थोक किराना बाजार, दवा बाजार और कपड़ा बाजार प्रभावित हो रहा

पुराने भोपाल का सौ साल पुराना मार्केट काफी कंजस्टेड हो गया



### सांसद खेल महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक

सांसद आलोक शर्मा ने सासंद खेल महोत्सव-2025 के आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टोरेट में बैठक रखी, जिसमें बताया कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को खिलाड़ियों के पंजीकरण से शुरु हो रहा है। पंजीकरण 29 अगस्त से 20 सितंबर तक किया जाएगा, उसके बाद 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, ब्लॉक, जिला स्तरों पर प्रतियोगिताएं रखी जाएंगी।

### माल सप्लाई करने में होगी आसानी

भोपाल डीलर एशोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन ने कहा कि थोक का मार्केट नए भोपाल में आने से आसानी हो जाएगी। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि दवा मार्केट में 700 व्यापारी है। इन्हें 150 से 200 स्क्वायर फीट की डबल हाइट की दुकान बना कर स्मार्ट सिटी में दी जाए। सर्राफा एसोसिएशन के नरेश अग्रवाल ने कहा कि 300-300 स्क्वायर फीट की दुकान व्यापारियों को दी जाए।

# जोन में सालों से जमे प्रभारी स्वच्छता व जेडओ हटेंगे, एडीसी ने बनाई सूची

## एक-दो दिन में हो सकते हैं आदेश, प्रभारी के भरोसे स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम में सालों से एक ही जोन में पदस्थ प्रभारी स्वच्छता अधिकारी और जोनल अधिकारियों को हटाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग ने लिस्ट तैयार कर ली है। एक-दो दिन में इस संबंध में आदेश जारी हो सकते हैं। यह पहला मौका होगा, जब बड़े स्तर पर निगम प्रशासन जोन के अधिकारियों को हटाने जा रहा है। अभी तक मूल विभाग के कर्मचारियों की जगह प्रभारी बनाकर ही जोन का संचालन हो रहा है।

नगर निगम के ज्यादातर जोन में प्रभारी के भरोसे स्वास्थ्य विभाग का काम चल रहा है। इनमें ऐसे भी कर्मचारी हैं, जो 10 साल से एक ही जोन में पदस्थ हैं। इन 10 सालों में कई कमिश्नर आए, लेकिन प्रभारियों को नहीं हिला सके। लेकिन अब यह प्रथा बंद होने जा रही है। बताया जाता है कि सभी 21 जोन के प्रभारी स्वास्थ्य और जोनल अधिकारियों की जिम्मेदारी में फेरबदल करने की पूरी तैयारी हो चुकी है। दो दिन पहले एडीसी ने सूची भी फाइनल कर ली है। अब कमिश्नर के आदेश का इंतजार है।





### इन जोन में दस साल से जमे अधिकारी

जोन 1 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य रविकांत औदिच्य बीते 5 साल से अधिक समय से जोन में पदस्थ हैं। वहीं जोन-2 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य राजेश गेंगट भी लगभग 4 सालों से एक ही जोन में हैं। जबकि जोन 4 के प्रभारी शाहब बीते 9 साल से एक ही जोन में हैं। जोन 5 के प्रभारी आसिफ नजीर को भी तीन साल हो चुके हैं। जोन 7 के प्रभारी योगेश दुबे को दो साल, जोन 8 के प्रभारी रविन्द्र यादव को 2 साल, जोन 9 के प्रभारी बलवीर मलिक को 5 साल, जोन 11 के प्रभारी जेएस तोमर को 7 साल, जोन 12 के प्रभारी रवि बाथम को 8 साल, जोन 13 के प्रभारी विजेन्द्र गुप्ता को 5 साल, जोन 14 के प्रभारी राकेश शर्मा को 6 साल, जोन 15 के प्रभारी मगन झांझोट को 6 साल, जोन 17 के प्रभारी रामरतन लोहिया को 4 साल, जोन 18 के प्रभारी मधुसूदन तिवारी को 6 साल और जोन 19 के प्रभारी रमाकांत यादव को लगभग 3 साल जोन की जिम्मेदारी संभालते हुए हो चुके हैं। इधर राजस्व विभाग में भी बड़े स्तर पर फेरबदल होने जा रहा है। प्रभारी जोनल अधिकारियों को हटाकर एआरआई और दूसरे मूल पद के कर्मचारियों को जोन का जिम्मा मिलने जा रहा है।

## व्यापमं के पीएमटी घोटाला मामले में दिग्विजय ने न्यायालय में बयान दर्ज कराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने व्यापमं के पीएमटी परीक्षा घोटाला मामले में गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना के न्यायालय में अपने बयान दर्ज कराए। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी अकील अहमद खान ने एसटीएफ की ओर से दिग्विजय सिंह के न्यायालय में बयान दर्ज कराए। अपने बयान में दिग्विजय सिंह ने न्यायालय को बताया कि मेरे द्वारा 6 अक्टूबर 2014 को एसटीएफ के तत्कालीन एडीजी सुधीर शाही को मेडिकल कॉलेजों में हुई गड़बड़ी के सबंध में पत्र लिखकर शिकायत की गई थी। दिग्विजय सिंह ने न्यायालय को बताया कि मैंने तीन बिंदुओं के आधार पर शिकायत की थी।

# काटजू अस्पताल:'अमृत कलश' की शुरुआत अब हर नवजात को मिल सकेगा मां का दूध

## समय से पूर्व जन्मे, कमजोर एवं बीमार बच्चों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीगणेश चतुर्थी एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों के शुभ अवसर पर नवजात शिशुओं, विशेष रूप से समय से पूर्व जन्मे, कमजोर एवं बीमार बच्चों को मां के दूध द्वारा जीवनरक्षक पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में मानव मिल्क बैंक का शुभारंभ किया गया।

अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने बताया कि यह कदम उन नवजात शिशुओं के लिए आशा की किरण है, जिन्हें किसी कारणवश अपनी मां का दूध नहीं मिल पाता है।



### मिल्क बैंक से शिशु मृत्यु दर में भी आएगी कमी

मिल्क बैंक माताओं के दान किए गए दूध को सुरक्षित रूप से पाश्चराइज कर नवजात शिशुओं को उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। इससे शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी और माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह एक बहुत ही जरूरी और अच्छा कदम है जिससे कोई भी शिशु मां के दूध से वंचित न रहे। यह सुविधा केवल काटजू चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। मिल्क बैंक के शुभारंभ अवसर पर अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय, मिल्क बैंक इंचार्ज डॉ. स्मिता सक्सेना, विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## राहुल गांधी को भोपाल के विशेष न्यायालय से फिर नोटिस जारी

**भोपाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय की मानहानि के मामले में भोपाल के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट तथागत याग्निक ने एक बार पुनः नोटिस जारी कर 9 दिसंबर को उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। कार्तिकेय चौहान की ओर से अधिवक्ता दीपेश जोशी ने मानहानि का परिवाद पेश कर बताया था कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में 29 अक्टूबर 2018 को राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने झाबुआ आए थे। सार्वजनिक सभा में राहुल गांधी ने शिवराज और उनके बेटे कार्तिकेय के विषय में कहा था। परिवादी कार्तिकेय ने उक्त भाषण भ्रामक मनगढ़ंत और परिवार को बदनाम करने के उद्देश्य से दिया बताया था।

# दूसरे दिन 482 रजिस्ट्री, एक दिन में 9.50 करोड़ की आमदनी

## प्लॉट और फ्लैट की रजिस्ट्री अधिक, खरीदार एडवांस में करा रहे बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले पांच महीने से ठंडे पड़े प्रॉपर्टी के बाजार में गणेशोत्सव के दूसरे दिन से बूम आ गया है। गुरुवार को शहर के आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ लगी रही।

देर शाम तक 482 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिससे पंजीयन विभाग को साढ़े नौ करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।

प्रॉपर्टी बाजार में गणेशोत्सव के दूसरे दिन से आया बूम

आईएसबीटी परी बाजार के पंजीयन दफ्तरों में भीड़



### पहले दिन अवकाश होने से शुभ मुहूर्त के दूसरे दिन गुलजार रहा प्रॉपर्टी का बाजार

गणेशोत्सव के पहले दिन अवकाश होने की वजह से रजिस्ट्री नहीं हो पाई थीं। अब दूसरे दिन प्रॉपर्टी का बाजार गुलजार रहा। शुक्रवार को रजिस्ट्री के लिए प्रॉपर्टी के खरीदारों ने एडवांस में बुकिंग कराई है। जबकि सोमवार के लिए भी सर्विस प्रोवाइडर्स स्लॉट बुक करने में जुट गए हैं। हालांकि जिले में एक अप्रैल से अब तक 36 हजार से अधिक रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिससे विभाग को 445 करोड़ रुपए से अधिक की आमदनी हुई है। पिछले साल भी गणेशोत्सव के शुभ दिनों में रिकार्ड डेढ़ हजार से अधिक रजिस्ट्रियां हुई थीं। इस बार भी आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तरों में गणेशोत्सव के दौरान रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ गई है।

वकील ने किया सरकारी जमीन पर कब्जा, धान बोई, मकान भी बनाया

# निजी खेत में बीस हजार फीट निकली पशुपालन विभाग की जमीन

## मछली परिवार की बेची गई जमीन में भी निकली थी सरकारी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हथाईखेड़ा में पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन को बचाने के लिए सीमांकन के दूसरे दिन भी सरकारी जमीन पर कब्जा मिला है। टीम जब मजार के पास पहुंची, तो वहां नजदीक स्थित एक वकील के खेत में 20 हजार वर्गफीट जमीन सरकारी निकली है।

यहां धान बोई गई थी, साथ ही मकान भी बना हुआ था। हालांकि बारिश की वजह से सीमांकन बार-बार रोकना पड़ा था। दोपहर तीन बजे शुरु हुए सीमांकन के बाद शुक्रवार को भी सीमांकन किया जाएगा।

### जंगल में ईटीएस मशीन से पूरी की जाएगी सीमांकन की कार्रवाई



शुक्रवार को पशुपालन विभाग के पीछे जंगल के भीतर ईटीएस मशीन से सीमांकन की कार्रवाई पूरी की जाएगी। इस सीमांकन की जद में कोर्टयार्ट कॉलोनी का मेन गेट और उसके अंदर जाने वाली सड़क आ रही है। इसके साथ ही सड़क के बाजू में स्थित खाली मैदान भी इसकी जद में आ रहा है। सीमांकन के बाद अतिक्रमणकारियों की लिस्ट बनाकर नोटिस दिए जाएंगे।



### सीमांकन के लिए लगाई चार मुनारें

जिला प्रशासन की टीम ने लकड़ी की चार मुनारें कॉलोनी के अंदर लगाई हैं। गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव का कहना है कि बारिश की वजह से सीमांकन का काम रोकना पड़ा था। अब तक 99 एकड़ जमीन में से 50 एकड़ जमीन का सीमांकन कर लिया।

# 35 मिनट में 25 किमी की रफ्तार से हवाओं के साथ 11 मिमी बारिश, शाम को पारा 6 डिग्री गिरा

## दोपहर तक खिली धूप, फिर 2 से ढाई बजे के बीच तेज गरज-चमक के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में चार दिन से लगातार बढ़ रहे तापमान ने अब यू-टर्न लेना शुरू कर दिया है। गुरुवार को सुबह से धूप खिली, हल्के बादल मंडराते रहे, लेकिन दोपहर बाद 2 बजे से अचानक काले घने बादलों ने डेरा जमाया और करीब 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ बरस पड़े। इस बीच तेज गरज चमक के साथ करीब 35 मिनट की बारिश ने 11 मिमी का आंकड़ा पार कर दिया।

दोपहर में दिन का पारा दशमलव 9 डिग्री गिरकर 30.4 डिग्री रहा, जबकि बारिश के बाद शाम 6 बजे पारा 6 डिग्री और गिरकर 24 डिग्री के करीब पहुंच गया।



### झमाझम के बीच तेज हवाओं में बिजली गुल

झमाझम के दौरान तेज हवाएं चलीं। इससे कई इलाकों में पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गईं। इस दौरान बिजली कंपनी ने भी कुछ मिनट बिजली की सप्लाई बंद रखी। हालांकि, कुछ देर बाद सप्लाई बहाल कर दी गई। गोविंदपुरा, भेल इलाके में कुछ जगह टहनियां टूटने के साथ ही अयोध्यानगर, राजीव नगर, पटेल नगर, पुराने शहर, शाहपुरा इलाके के कुछ क्षेत्र, अशोका गार्डन सहित कई इलाकों में कुछ देर बिजली बंद रही।

# राजधानी के अलग-अलग थानों में 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म की पांच एफआईआर

**अलग-अलग थानों में पहुंचकर महिलाओं ने दर्ज कराई दुष्कर्म और दैहिक शोषण की शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में गत चौबीस घंटे के भीतर पांच महिलाओं ने दुष्कर्म की शिकायतें दर्ज कराई है। संबंधित थाना पुलिस ने सभी शिकायतें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिसरोद पुलिस के अनुसार 30 साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती है और प्राइवेट नौकरी करती है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर उसकी दोस्ती जबलपुर निवासी विवेक से हुई थी। विवेक ने खुद को रेलकर्मी बताया। करीब नौ महीने पहले विवेक युवती से मिलने भोपाल पहुंचा और एक दोस्त के कमरे पर ले गया। वहां उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद वह अक्सर भोपाल आने लगा और युवती का दैहिक शोषण करने लगा। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर विवेक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर, अयोध्या नगर पुलिस ने बताया कि 28 साल की महिला इलाके में रहती है। करीब आठ महीने पहले उमेश ने महिला से दुष्कर्म किया। पिछले कुछ दिनों से वह उस पर दौबारा शारीरिक संबंध बनाने के लिए महिला पर दबाव बना रहा था। महिला ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और उमेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



## कोलार इलाके में पांच साल तक किया शारीरिक शोषण

कोलार इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ एक व्यक्ति ने पांच साल तक शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इंकार कर दिया। कोलार पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 28 साल की महिला गृहणी है। करीब पांच साल पहले उसी इलाके में रहने वाले बबलू नामक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करना शुरू किया था। पिछले दिनों महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो बबलू ने उसके साथ मारपीट कर दी। काफी समझाइश के बाद भी जब बबलू शादी के लिए तैयार नहीं हुआ तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

## पति के दोस्त ने किया दुष्कर्म

छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 31 साल की महिला गृहणी है। पति प्राइवेट काम करता है। पति के दोस्त शिवम का उसके घर आना-जाना था। इस कारण पीड़िता शिवम को जानती थी। कुछ समय बाद महिला का अपने पति से विवाद हो गया। विवाद के बाद दंपती अलग-अलग रहने लगे। इसका फायदा उठाकर शिवम ने महिला की मदद करनी शुरू कर दी। मदद के बहाने आरोपी ने शादी का प्रलोभन दिया और दैहिक शोषण करने लगा। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो शिवम ने इंकार कर दिया।

## पड़ोसी के खिलाफ दुष्कर्म का केस

गोविंदपुरा पुलिस ने बताया 21 साल की युवती की रोहित नामक युवक से दोस्ती थी। दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और रोहित ने उसे शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो रोहित रायसेन चला गया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटा तो पीड़िता ने थाने जाकर शिकायत दर्ज करवाई।

## महिला ने घर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मीरा नगर में बुधवार शाम एक महिला ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उनका भांजा उन्हें फांसी के फंदे से उतारकर एम्स ले गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार अन्नु गौतम पति बाबूराम गौतम (35) मीरा नगर, हबीबगंज में रहती थी। वह पति के साथ मजदूरी करने जाती थी। अन्नु और बाबूराम का एक बेटा है। बुधवार को बाबूराम काम पर गया था, जबकि अन्नु घर पर अकेली थी। शाम करीब 7 बजे अन्नु ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोस में रहने वाले उनके भांजे इंद्रजीत गौतम ने उन्हें फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद वह फंदे से उतारकर उन्हें एम्स ले गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अन्नु को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### भगवान गणेशजी की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज व्यापार संघ के संरक्षक अशोक सेठी, पार्षद भारती नरेश सेठी, विनोद सेठी ने वार्ड 2 स्थित ग्राउंड में भगवान गणेशजी की प्रतिमा स्थापित कर नगर में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। शक्ति गणेश उत्सव समिति विद्या नगर में जय सेठी, प्रांजल, पुनीत, अनुज आदि मौजूद थे ।

### युवक ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर में एक युवक गुरुवार तड़के फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार फैजान मंसूरी पिता फारूख मंसूरी (22) कल्याण नगर, छोला में रहता था और पीओपी का काम करता था। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सो गया था। गुरुवार तड़के पिता की नींद खुली तो उन्होंने फैजान को फांसी के फंदे पर लटके देखा। इधर सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई थी। निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला। पिता फारूक ने पुलिस को बताया कि फैजान जुआ खेलने का आदी था। अनुमान है कि जुए में बड़ी रकम हारने पर उसने यह कदम उठाया है।

### शराब के नशे में गलती से पीया कीटनाशक, मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अगरिया छापर गांव में किसान ने कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नवल सिंह सिलावट (45) गांव अगरिया, छापर ईंटखेड़ी में रहता था। नवल सिंह बटाई पर जमीन लेकर खेती किसानी करता था। बुधवार सुबह नवल सिंह ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। बुधवार रात करीब दस बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी प्रीतम सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने भादंसं की धारा- 307 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 2500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 5 अप्रैल 2021 को फरियादी उमेश सिंह ने थाना गौतम नगर में उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया, और प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 488 | 05 | 339 |
| रात: | 370 | 09 | 117 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 118 | 01 | 678 |
| रात: | 667 | 99 | 234 |

## गुनगा पुलिस ने की कार्रवाई, 9 लाख का माल बरामद

# ऑटो चालक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो आरोपी चढ़ गए हत्थे

**रस्सी से हाथ-पैर बांधकर नगदी, मोबाइल, हाथघड़ी सहित ऑटो लेकर हुए थे फरार**

**पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

### पकड़े गए दोनों आरोपी शमशाबाद जिला विदिशा के रहने वाले हैं




गुनगा पुलिस ने ऑटो ड्राइवर से मारपीट कर साढ़े 15 हजार की नगदी, मोबाइल, हाथघड़ी और लोडिंग ऑटो लूटकर भागे लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लूट का करीब 9 लाख रुपए का माल बरामद किया है। फरियादी से पूछताछ के दौरान एक आरोपी की नामजद पहचान हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों का कहना है कि उन्होंने नशे की हालत में वारदात को अंजाम दिया था।

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर के मुताबिक जिला विदिशा निवासी अभिषेक जाटव (22) भाड़े से लोडिंग ऑटो चलाता है। विगत 26 अगस्त को वह अपने भाड़े के ऑटो के साथ बैरसिया बस स्टैंड पर था। तभी दो लड़के आए और बोले कि कुआ खोदने की मशीन लेकर ग्राम पीपलखेड़ा जाना है। मशीन महानीम चौराहा से लेकर जाना है। किराए की बात 2400 रुपए तय हुई। उनमें से एक लड़का ऑटो में बैठ गया, जबकि दूसरा लड़का मोटरसाइकिल से चलने लगा। चलते-चलते अभिषेक की ऑटो में बैठे लड़के से बात होने लगी। उस लड़के ने अपना नाम विक्रम बंजारा बताया और वह बंजारों की भाषा में बात कर रहा था। शाम करीब सात बजे जैसे ही वह अपनी लोडिंग ऑटो लेकर ग्राम महोली तक पहुंचा, विक्रम बंजारा ने उसे कच्चे रास्ते पर चलने के लिए कहा, लेकिन वो रास्ता आगे से बंद मिला। रास्ता बंद होने की वजह से अभिषेक ने ऑटो रोक दिया। उसने कहा कि मशीन ट्रैक्टर से लेकर आ जाओ। इतना कहकर अभिषेक ऑटो की पल्ली खोलने लगा। तभी विक्रम और उसके साथी ने उसे दबोच लिया। ऑटो चालक की जेब में रखे पर्स से 15 हजार 600 रुपए, हाथ घड़ी और मोबाइल फोन छीन लिया। मारपीट करने के बाद दोनों आरोपियों ने अभिषेक के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और वहीं छोड़कर उसका ऑटो लेकर फरार हो गए। फरियादी का कहना है कि उसने अपने मुंह से रस्सी खोलकर खुद को आजाद किया और गांव में आकर परिजन को कॉल किया। अभिषेक की बुआ का बेटा अनिल जाटव और दोस्त वीरू जाटव वहां आ गए और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी को भी हिरासत में लिया

पुलिस ने बताया कि फरियादी से किराए की बात करने के दौरान एक आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर भी उसे दे दिया था। इसके अलावा घटनास्थल पर सक्रिय मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर पुलिस एक आरोपी विक्रम तक पहुंची और उससे पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों के नाम विक्रम सिंह बंजारा (20) निवासी ग्राम उमरखो बरखेड़ा जागीर थाना शमशाबाद जिला विदिशा और विनोद बंजारा (19) निवासी ग्राम दुनातर, बरोदिया मोथाना शमशाबाद जिला विदिशा बताए गए हैं। आरोपी विनोद बंजारा वारदात के बाद ब्यावरा चला गया था। पुलिस ने उसे ब्यावरा से गिरफ्तार किया है।

# स्कूली छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी विदिशा से अरेस्ट

**अपराध में साथ देने वाले दो युवकों को भी पुलिस ने बनाया आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र से लापता स्कूली छात्रा को पुलिस ने दस्तयाब कर लिया। छात्रा ने बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। पुलिस ने इस मामले में छात्रा का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपहरण में साथ देने वाले उसके दो दोस्तों को भी आरोपी बनाया है।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। गत शुक्रवार को वह घर से बिना बताए चली गई थी। दिनभर तलाश करने के बाद भी जब छात्रा का पता नहीं चला तो परिजन ने थाने पहुंचकर अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर किशोरी की तलाश में लगाया। इस दौरान पता चला कि किशोरी का एक परिचित युवक भी लापता है। पुलिस ने जब उसकी लोकेशन निकाली तो मोबाइल फोन बंद मिला। बार-बार प्रयास के बाद पुलिस ने किशोरी को विदिशा जिले से दस्तयाब कर लिया। इसी दौरान उसकी पहचान किशोरी के पिता से हुई थी, जिसके बाद अनिकेत का किशोरी के घर आना-जाना हो गया था। इसी दौरान उसने किशोरी के साथ दोस्ती की और अपने साथ बहला-फुसला कर ले गया। जांच के दौरान आरोपी अपने एक परिचित को दूसरे फोन से लोकेशन की जानकारी देता रहा। पुलिस ने इस परिचित की मदद से उसे विदिशा से दबोच लिया।

### दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

पूछताछ के दौरान किशोरी ने बताया कि उसे अनिकेत नामक युवक अपने साथ लेकर गया था और उसने दुष्कर्म भी किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी अनिकेत के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद उसकी मदद करने वाले दोस्तों पप्पू और सुनील को भी सह आरोपी बनाते हुए उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी पास के गांव का रहने वाला है और दुकानों पर सामान सप्लाई का काम करता है।

**संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में कार्यशाला आयोजित**

# रसोई में खाना बनाते समय कीटनाशक स्प्रे के प्रयोग से भी लग सकती है आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी यूनिट और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फायर ड्रिल एवं इवैक्यूएशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में साजिद खान, सहायक अग्निशमन अधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यशाला के दौरान खान ने छात्राओं को आग लगने की विभिन्न परिस्थितियों विशेष रूप से एलपीजी गैस और पेट्रोल से उत्पन्न अग्निकांड से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने समझाया



कि रसोई में खाना बनाते समय या कीटनाशक स्प्रे के प्रयोग से भी आग लग सकती है, और ऐसे हालात में क्या सावधानियां अपनाई जानी चाहिए। सहायक अग्निशमन अधिकारी साजिद खान बताया कि एलपीजी से लगी आग को पानी से नहीं बुझाना चाहिए, बल्कि उपयुक्त अग्निशामक यंत्र का ही प्रयोग करना चाहिए।

**गायत्री परिवार ने किया आयोजन, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास**

# गौहरगंज सब जेल में गायत्री पंचकुंडीय यज्ञ में सभी बंदियों ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज सब जेल में गुरुवार को गणेश उत्सव एवं ऋषिपंचमी पर गायत्री पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार के द्वारा किया गया। पंच कुंडीय यज्ञ पूर्ण विधि विधान मंत्रोचार के साथ किया गया। यज्ञ हवन पूजन के द्वारा व्यक्ति के मन अंतरात्मा और वातावरण को शुद्ध कर देते हैं। जेल में परिरूध बंदियों को अपने नैतिक मूल्य एवं सदाचार को ग्रहण करने तथा मानसिक शांति के लिए शास्त्री जी द्वारा यज्ञ विधि पूजन कराया गया, साथ ही अपने नैतिक मूल्य को बनाए रखना और अपराध नहीं करने के लिए बंदियों को शपथ दिलाई।

पंडित शास्त्री ने यज्ञ का महत्व समझाते हुए कहा कि यज्ञ अर्थदान, संगतिकरण और त्याग होता है। यज्ञ करने से प्राणियों की आयु में वृद्धि होती है और मनुष्य के शत्रु स्वयं नष्ट हो जाते हैं। इस लिए सभी बंदियों से यज्ञ हवन में आहुति डलवाई गई। मानसिक वैचारिक द्वेष, घ्रिणा, ईर्ष्या को त्याग करने का संकल्प दिलाया। यज्ञ में गायत्री परिवार की ओर से पंडित शास्त्री, प्रेमलाल कुशवाहा, अरविंद विजयवर्गीय, घनश्याम, पवन लाल मालवीय एवं दिनेश राजपूत एवं अन्य गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। सहायक जेल अधीक्षक यशवंत शिल्पकार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया गया।



### जेल में प्रतिदिन कराए जाते हैं योग प्राणायाम और सूर्य नमस्कार

यशवंत शिल्पकार ने बताया कि बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु जेल में प्रतिदिन योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार कराया जाता है। साथ ही समय-समय पर आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे बंदियों को सकारात्मक ऊर्जा मिले और जेल में आने से पूर्व की गई गलतियो की पुनरावृत्ति न हो। जेल से रिहा होने पर वो सब पुनः समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।



## विधायक पटवा के निवास पर विराजे विघ्नहर्ता

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर धूमधाम के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई। पटवा ने पत्नी मोना पटवा के साथ विधि विधान से पूजा कर आरती की। विधायक पटवा ने मध्य प्रदेश और भोजपुर वासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं भी दी है। साथ ही गणपति बप्पा से सब की जिंदगी से विघ्न हरे कर खुशियां और आशीर्वाद प्रदान करने की कामना की। इस दौरान पटवा ने नृत्य भी किया। जिसे देख अन्य भक्त भी झूम उठे। इस अवसर पर ओपी मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, लोकेश परमार, राहुल प्रजापति, जीतू नंदवंशी, संजय प्रजापति, नरेश सेठी आदि शामिल हुए।

**12 प्रशिक्षण स्थलों पर 25 दिन तक चलेगा गरबे का प्रशिक्षण**

# सिंधी प्रतिभागियों को तीन ताली एवं हिच डांस जैसे कई गरबे के सिखाएंगे स्टेप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

**1 से 25 सितंबर तक भोपाल का रास ग्रुप देगा गरबे का प्रशिक्षण**

सिंधी मेला समिति द्वारा सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का इस वर्ष धूमधाम व उल्हास के मनाया जाएग। सिंधी मेला समिति द्वारा युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष गरबा महोत्सव का प्रशिक्षण पूरे 25 दिनों तक आयोजित किए जाएंगे। भोपाल के अलग-अलग क्षेत्रों में 12 स्थानों पर 1 से 25 सितंबर तक भोपाल के रास ग्रुप द्वारा गरबे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शाला में तीन ताली एवं हिच डांस जैसे अनेक गरबे की स्टेप्स सिखाई जाएगी।

सिंधी मेला समिति द्वारा इस वर्ष 26, 27, 28, 29 सितंबर को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गरबा महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए मुंबई के म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार कल्पेश एवं मानव सोलंकी को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है। गरबा प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपने नजदीक के सेंटरों पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसलिए अलावा सिंधी मेला समिति द्वारा क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आप घर बैठे थी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इस विषय पर सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि सिंधी समाज के युवाओं को सालभर इस सांस्कृतिक गरबे का इंतजार रहता है। कार्यकम के संयोजक अर्जुनदास नेभनानी, सह संयोजक हरीश मेघानी एवं सह संयोजिका मीना भागचंदानी को मनोनीत किया गया है। समदढ़िया ग्रुप इस आयोजन के मुख्य सहयोगी होंगे।

**आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज**

# लोकायुक्त की टीम ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कृषि विस्तार अधिकारी, रोजगार सहायक और पीडब्ल्यूडी के बाबू को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में लोकायुक्त की टीम लगातार रिश्वतखोरों पर शिकंजा कस रही है। इसी क्रम मे लोकायुक्त ने तीन जिलों में अफसर और कर्मचारियों को ट्रैप किया है। आरोपी फरियादियों से काम करने के एवज में रिश्वत की डिमांड कर रहे थे। लोकायुक्त ने रतलाम में कृषि विस्तार अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा है तो झाबुआ में रोजगार सहायक को दबोचा है। वहीं, नर्मदापुरम में पीडब्ल्यूडी के क्लर्क को पकड़ा गया है। सभी मामलों में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उज्जैन लोकायुक्त ने आवेदक विजय सिंह राठौर ने शिकायत की थी।

शिकायतकर्ता को उसके गांव में कीटनाशक और खाद-बीज की दुकान खोलना है, जिसके लाइसेंस के लिए मई में लोकसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन किया था। जुलाई में लाइसेंस बनने का मैसेज मोबाइल पर मिल गया था। तीनों लाइसेंस की असल कॉपी लेने कृषि विस्तार अधिकारी सैलाना मगन लाल मेडा से मिला, जिसके लिए 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। आवेदक के आग्रह पर मगन लाल मेडा 25 हजार रिश्वत लेने पर राजी हुआ। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी ने आवेदक से 15 हजार रुपए ले लिए थे। शिकायत की तस्दीक के बाद लोकायुक्त की टीम ने ट्रैप प्लान तैयार किया। इसके बाद आरोपी कृषि विस्तार अधिकारी को रिश्वत के शेष राशि 10 हजार रुपए लेते हुए कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ लिया।

### नर्मदापुरम से पीडब्ल्यूडी का बाबू गिरफ्तार



नर्मदापुरम जिले में ठेकेदार अवधेश कुमार पटेल ने भोपाल लोकायुक्त से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि उनके एफडी और जमा राशि को वापस करने के बदले में 12 हजार रुपए की रिश्वत की मांग पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ बाबू पवन सक्सेना कर रहे हैं। आवेदक की शिकायत को लोकायुक्त की टीम ने सत्यापित किया तो मामला सही पाया गया। इसके बाद 7000 रुपए की रिश्वत के साथ आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया है।

### झाबुआ में पकड़ा गया रोजगार सहायक

इंदौर लोकायुक्त की टीम ने आवेदक कमल सिंह निंगवाल की शिकायत पर झाबुआ में कार्रवाई की है। आवेदक रानापुर तहसील के डिग्गी गांव का रहने वाला है। उसे अपने सात वर्षीय बेटे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना था। इसके लिए रोजगार सहायक दिनेश कुमार पचाहा से बात की। जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए रोजगार सहायक ने 1600 रुपए की मांग की। इसके बाद फरियादी ने लोकायुक्त में शिकायत दी। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी दिनेश कुमार पचाहा को 1250 रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा गया है।



# ग्वालियर की दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' पर्यटन को देगी नई दिशा

### 'टाइमलेस ग्वालियर: इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर होगा केंद्रित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्वालियर-चंबल एवं सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्वालियर में 29 अगस्त से दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। 'टाइमलेस ग्वालियर: इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर केंद्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ग्वालियर की दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' पर्यटन को नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा।

**निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के हितधारक होंगे शामिल**

**11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का किया जाएगा**



### नई परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी। इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे। इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्केपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

### पर्यटन को गति देने के लिए होंगे कई अहम करार

कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू होगा। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध होंगे। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

### सांस्कृतिक संध्या में दिखेगा मध्य प्रदेश का गौरव

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में मध्यप्रदेश का गौरव देखने को मिलेगा। इस दौरान कलाकारों द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार मैहर बैंड समां बांधेगा। इस कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, होस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम, हैंडिक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी निवेशकों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, स्थानीय उद्यमियों और आगंतुकों को एक मंच पर लाकर पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने का अवसर देगी।

### टूरिज्म कॉन्क्लेव में होंगे दो महत्वपूर्ण सत्र

*रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। 'टूरिज्म ऐज अ कल्चरल ब्रिज-ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी' विषय पर पैनल डिस्कशन होगा, जिसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन 'ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग-इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्जरी एंड एक्सपीरियंस' विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा। कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी।*

### इंफ्लुएंसर्स मीट होगी, जानेंगे समृद्ध विरासत

*कॉन्क्लेव में इंफ्लुएंसर्स मीट भी होगी। इसमें ग्वालियर–चंबल क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल होंगे और उन्हें अभिनेता फैसल मलिक के साथ रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसी तरह ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियाराइजेशन टूर का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इस विशेष भ्रमण के माध्यम से प्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व आदि का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे निवेश, प्रचार-प्रसार और*

## खबर संक्षेप

### पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन सराहनीय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन कर ऋण अवधि 31 मार्च, 2030 तक बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में ऋण अवधि को 31 दिसम्बर 2024 से आगे बढ़ाकर 31 मार्च, 2030 करने का निर्णय सराहनीय है।

### वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी की पुत्रवधु का निधन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी एवं पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया भोपाल



चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी की पुत्रवधु एवं यश द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती आकृति द्विवेदी का बीमारी के दौरान गुरुवार 28 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे निज निवास 127, गुड शेफर्ड कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल से निकलेगी। अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट पर किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रीमती आकृति द्विवेदी दूरसंचार विभाग में कार्यरत थी। वह अपने पीछे एक बिटिया सहित भरा-पूरा परिवार को छोड़ गईं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक

# आरक्षण की राह में आ रहे अवरोधों को मिलकर दूर करेंगे सभी दलः भाजपा

### ◆ ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार ने अच्छी पहल की हैः प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा अच्छी पहल की गई है, जिसकी सभी दलों ने



सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही सभी ने स्पष्ट किया है कि 27 प्रतिशत आरक्षण देने की सरकार की नीयत, प्रतिबद्धता के साथ हम सब पूरी तरह खड़े हैं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर सर्वदलीय बैठक मुख्यमंत्री निवास में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सहित अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की हर पहल में भाजपा प्रदेश सरकार के साथ है। सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए और सभी के बीच सहमति बनी।

### सांसद गणेश सिंह बोलेः कानून पर स्टे नहीं



बैठक में भाजपा सांसद गणेश सिंह ने कहा कि एक ही मामले में एडीपीओ वाली पोस्ट पर स्टे है। बाकी किसी मामले में कोई स्टे नहीं है। कानून पर भी स्टे नहीं है तो इसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा? इस पर मुख्य सचिव अनुराग जैन और बैठक से वर्चुअली जुड़े महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि एडीपीओ की पोस्ट के लिए जो विज्ञापन जारी हुआ था, उसमें रोस्टर को भी कोर्ट में चैलेंज किया गया था। रोस्टर पर भी स्टे है इसलिए हम 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का क्रियान्वयन नहीं कर पा रहे हैं।

### यह ओबीसी का हक है और उसे मिलना ही चाहिएः अग्रवाल

आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण तो प्रदेश में लागू हो गया था। यह ओबीसी का हक है और उसे मिलना ही चाहिए।



केंद्र-राज्य में भाजपा सरकार है। चाहे तो 27 प्रतिशत आरक्षण हो सकता है लेकिन वह लटकाए हुए हैं।

### जिलेवार रोस्टर लागू हो

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि पिछड़े वर्ग



को आबादी के हिसाब से 52 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। 13 प्रतिशत होल्ड आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू करें। जिला और हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों की नियुक्ति में पिछड़े वर्ग को आरक्षण मिले। जिलेवार रोस्टर लागू हो।

# सरकार की कथनी और करनी में अंतर जल्द आरक्षण का रास्ता साफ होः कांग्रेस

### ◆ सरकार कांग्रेस के बनाए घर में नारियल फोड़कर श्रेय लेना चाहती हैः नेता प्रतिपक्ष

ओबीसी मुद्दे पर आयोजित हुई सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार



कांग्रेस के बनाए घर में नारियल फोड़कर श्रेय लेना चाहते हैं। किसी के हित की बात हो तो राजनीति नहीं करनी चाहिए। जल्द से जल्द आरक्षण का रास्ता साफ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कई पेचीदगियां बताईं। जिस पर कांग्रेस ने उनको ठोस सुझाव दिए। मामले को विधानसभा में लाने और आगे लोकसभा में प्रस्ताव भेजने की बात रखी गई। उन्होने कहा कि देर आए दुरूस्त आए, सरकार ने अपनी गलती मान ली और सुधारने का प्रयास किया। भाजपा तो 6 साल से मामले को अटकाने में लगी थी। उन्होंने कहा यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ी है और यह हमारी जीत है।

### सरकार माफी मांगेः पटवारी



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सवाल यह है कि जिन लोगों ने गड़बड़ की, क्या उनको सजा मिलेगी? पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस द्वारा दिए आरक्षण को क्यों रोका? इसके लिए सरकार माफी मांगे। वहीं उन्होने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी कहा कि यदि ओबीसी आरक्षण लागू करने का कोई रास्ता निकलता है तो यह एक सकारात्मक कदम होगा। जरूरत इस बात की है कि बीते 6 साल तक इसे रोकने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।*

### ओबीसी समाज को बरगलाने की कोशिशः नाथ

*बैठक से पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर प्रदेश सरकार बार-बार अपने ही बुने जाल में फंस रही है। सर्वदलीय बैठक बुलाना भी जनता को गुमराह करने का षड्यंत्र है। जब कांग्रेस सरकार पहले ही 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है, तो सर्वदलीय बैठक की जरूरत ही क्यों? यह साफ है कि सरकार ओबीसी समाज को बरगलाने और भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।*



### आरक्षण दिलाने की जिम्मेदारी सरकार कीः यादव



*कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने बैठक के बाद कहा- 27 प्रतिशत आरक्षण सालों से पेंडिंग था। 2019 में हम सरकार में आए और उसे लागू किया। 2003 से 2025 के बीच भाजपा के 4 मुख्यमंत्री बने। किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया क्योंकि नीयत में खोट था। बैठक में फैसला हुआ है कि पिछड़ों का हक 27 प्रतिशत आरक्षण उन्हें दिलाएं। हम सरकार से कहना चाहते हैं कि नीयत ठीक है तो पिछड़ों का आरक्षण दिलाने की जिम्मेदारी आपकी है।*

# मुख्यमंत्री ने राजपत्रित अधिकारी संघ की स्मारिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ के दस वर्ष के कार्यकाल की एक स्मारिका का प्रकाशन किया है। गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर स्मारिका का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया।

स्मारिका के विमोचन अवसर पर प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव, महामंत्री डॉ. संतोष गांधी, सचिव व्ही. आरएस चौहान, सचिव संतोष ऊईके, पूर्व संभागीय अध्यक्ष अजीत कुमार कुजूर की उपस्थिति में किया गया। दस वर्षों के कार्यकाल को समर्पित इस स्मारिका के प्रकाशन के अवसर पर डीके यादव ने संघ ने सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया हैं, जिनके अथक प्रयासों और सक्रिय सहयोग से यह स्मारिका साकार हो पाई है। उन्होंने कहा कि यह स्मारिका मप्र के सभी राजपत्रित अधिकारियों के लिए एक उपयोगी और प्रेरणादायक दस्तावेज साबित होगी।



### स्मारिका में दस वर्षों का लेखा-जोखा

यह स्मारिका विगत दस वर्षों की संघ की गतिविधियों, जैसे नियमित साप्ताहिक और वार्षिक बैठकें, संभागीय और जिला सम्मेलन, राष्ट्रीय त्योहारों 15 अगस्त और 26 जनवरी पर झंडा वंदन, होली और दीपावली मिलन समारोह, सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की विदाई और विभिन्न सामाजिक व शासकीय आयोजनों का जीवंत दस्तावेज है। इसके अतिरिक्त, इसमें शासकीय व्यवस्था, सामाजिक और शासकीय कानूनों पर आधारित लेखों के साथ-साथ शासन के महत्वपूर्ण आदेशों और परिपत्रों को भी संकलित किया गया है। इन आयोजनों की संजीव झलक फोटो गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

**पीएम पर कांग्रेस की अभद्र टिप्पणी जनता का अपमान**

# कांग्रेस गाली और गोली से हथियाना चाहती है लोकतंत्रः विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार में कांग्रेस के मंच से राहुल गांधी-तेजस्वी यादव की यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



और उनकी स्वर्गीय मां को लेकर आपत्तिजनक भाषा का वीडियो सामने आने पर देशभर में कांग्रेस-आरजेडी के खिलाफ भाजपा नेताओं और लोगों का आक्रोश सामने आया है।

गुरुवार को भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मंच पर जिस निचले स्तर की भाषा का प्रयोग प्रधानमंत्री के लिए किया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय है। रामेश्वर ने कहा कि इससे यह साबित हो गया कि कांग्रेस न तो बाबा साहब आंबेडकर के संविधान का पालन करती है, न हिंदुस्तान के लोकतंत्र के प्रति कांग्रेस की श्रद्धा है। कांग्रेस तो तानाशाही रखना चाहती है, कांग्रेस डराना चाहती है, कांग्रेस लोगों के अंदर भय व्याप्त करना चाहती है, कांग्रेस यह बताना चाहती है कि हम भारत के सबसे बड़े पद पर बैठे प्रधानमंत्री के प्रति आशोभनीय टिप्पणी कर सकते हैं तो हम आम नागरिक को तो कैसे भी दबा सकते हैं, उसके प्राण संकट में डाल सकते हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का इस तरह का व्यवहार आज साबित करता है कि कांग्रेस लोकतंत्र की हत्यारी है, कांग्रेस माओवादी है, कांग्रेस आतंकवादियों के साथ है, कांग्रेस देशद्रोहियों के साथ है, कांग्रेस हिंदुस्तान में अव्यवस्था फैलाना चाहती है।

**सहकारी संस्थाओं के व्यवसाय विविधीकरण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला**

# मप्र की सभी पैक्स समितियां डब्ल्यूडीआरए की सदस्य बनेंगीः मंत्री विश्वास सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब तक अर्थव्यवस्था आम आदमी के दरवाजे से नहीं निकलेगी, तब तक मजबूती नहीं होगी। हम किसानों को समृद्ध करना चाहते हैं, तो पहले हमें पैक्स (प्राथमिक कृषि सहाकारी समितियों) को समृद्ध बनाने की दिशा में प्रयास करने होंगे। जिला बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से अपेक्षा करता हूं कि वे मध्यप्रदेश की प्रत्येक पैक्स को डब्ल्यूआरडीए (भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण) का सदस्य बनाने के प्रयास आज से ही आरंभ कर दें, जिससे कि आगे चलकर प्रदेश के किसानों को दूरदराज अंचलों में परेशान न होना पड़े। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कही।

अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के व्यवसाय विविधिकरण पर अपेक्स बैंक, सहकारिता विभाग एवं विनियामक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### सकारात्मक परिणाम आज हमारे सामने आ रहे हैंः विश्वास

*मंत्री सारंग ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था से गांव व किसान को जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो जन-धन योजना लागू की है, इसका मुख्य उद्देश्य गांव व किसान को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। इसके सकारात्मक परिणाम आज हमारे सामने आ रहे हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि हम स्वर्णिम मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नवाचार के विभिन्न माध्यमों का प्रयोग करते हुए प्रदेश की प्रगति के लिये काम कर रहे हैं।*

### भारत वर्ष 2051 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

*कार्यशाला में अरूण कुमार श्रीवास्तव, सदस्य, डब्ल्यूडीआरए ने कहा कि वर्ष 2051 तक हमारे देश की जनसंख्या 170 करोड़ हो जाएगी व मध्यप्रदेश की लगभग 12 करोड़, जो देश का लगभग 6.3 प्रतिशत होगी। मध्यप्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 338 लाख मी.टन है। भारत वर्ष 2051 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस मान से प्रदेश में वेयर हाउस के गोदामों के लिए एक सुनियोजित योजना बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।*

**रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन**

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले, वोट जनता का अधिकार, उसे हम चोरी नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में जिला कांग्रेस ने गुरुवार को रोशनपुरा चौराहे पर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद रहे।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने वोटर अधिकार सत्याग्रह सभा तथा वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर पैदल मार्च भी किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पैदल मार्च के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश समेत देश भर में वोट चोरी की सरकार चल रही है। वोट जनता का अधिकार है हम उसे चोरी नहीं होने देंगे।



### जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रवीण सक्सेना को पुनः जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह प्रभारी संजय दत्त मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में वन्यजीवों के पुर्नवास के लिए हुआ एमओयू**

# उज्जैन में होगी चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति और ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर समिति के बीच एमओयू हुआ। चिड़ियाघरों, रेस्क्यू सेंटर्स और सफारी में रखे गए वन्यजीवों के पुर्नवास, संरक्षण, पशु स्वास्थ्य और कल्याण में सहयोग करना इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य है, इस दिशा में संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

उज्जैन में प्रस्तावित चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता सहित वन कर्मियों, पशु चिकित्सकों और हाथी महावतों के लिए विशेष क्षमता-निर्माण और कौशल उन्नयन के कार्यक्रम संचालित होंगे। साथ ही पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाओं सहित उन्नत वन्यजीव स्वास्थ्य और बचाव बुनियादी ढांचे का सहयोगात्मक विकास भी किया जाएगा।



### यह अधिकारी रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुए एमओयू हस्ताक्षर और आदान-प्रदान अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अम्बाड़े, ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के डॉ बृज किशोर गुप्ता, अनुपम जैन और संदीप दीक्षित उपस्थित रहे।

### डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का होगा विकास

मुख्यमंत्री डॉ यादव की उपस्थिति में हुए इस एमओयू के अंतर्गत प्रदेश के चिड़ियाघर संस्थानों के लिए एकीकृत डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का डिजाइन और विकास किया जाएगा। संरक्षण योजना और साक्ष्य-आधारित वन्यजीव प्रबंधन के लिए, विशेष रूप से चिड़ियाघर के बाघों की आबादी के आणविक आनुवंशिक विश्लेषण के लिए ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की उन्नत प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए भी संयुक्त अनुसंधान आरंभ होंगे। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। समझौते के अनुक्रम में ग्रीन्स सेंटर तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों की समीक्षा कर, इस संबंध में सलाह राज्य शासन के वन विभाग को दे सकेगा।

## पेज एक का शेष...

## उज्जैन में उफान...

पर दो फीट से ज्यादा पानी भर गया। बारिश की वजह से उज्जैन में शिप्रा नदी उफान पर है। नदी किनारे बने राम घाट के मंदिर पानी में डूब गए हैं। नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं, घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसडीआरएफ के जवान घाटों पर तैनात किए गए हैं। नदी पर बने छोटे पुल पर पानी का स्तर लगभग 2-3 फीट है। ऋषि पंचमी के कारण गुरुवार को भक्तों की भीड़ रही। प्रशासन लोगों को समझाइश देता रहा कि गहराई में न जाएं और केवल किनारे पर बैठकर ही स्नान करें क्योंकि जल स्तर काफी अधिक है।

**सुबह से शाम तक यहां हुई भारी बारिशः** गुरुवार को सुबह से शाम 5:30 बजे के बीच श्योपुरकलां, गुना, राजगढ़ सहित कुछ जिलों में भारी बारिश दर्ज हुई है। रतलाम, उज्जैन, इंदौर, धार, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, बैतूल, रायसेन, हरदा, खंडवा, नीमच में मध्यम बारिश हुई। भोपाल, मंदसौर, शाजापुर, नर्मदापुरम, सीहोर, मुरैना, भिंड, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सागर, बालाघाट, सिवनी, विदिशा, अशोकनगर आदि जिलों में तेज बौछारें और मध्यम बारिश हुई है।

## युवक का 6 ....

थाना क्षेत्र के कुमहिया गांव की है। बाणसागर के 6 गेट बुधवार खोले गए थे। इस दौरान डैम के खुले छह गेटों को तत्काल बंद कराया गया।

## ओबीसी को 27...

**राजनीतिक दलों ने डॉ. यादव की पहल को सराहाः** मुख्यमंत्री द्वारा इस विषय पर सर्वदलीय बैठक आयोजित करने की पहल की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सराहना की। बैठक में शामिल सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और सदस्यों ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सर्वदलीय बैठक को स्वागत योग्य पहल बताया। समाजवादी पार्टी के मनोज यादव ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को उनका अधिकार मिलना चाहिए। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडलवाल, आम आदमी पार्टी की रानी अग्रवाल तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जेपी दुबे ने भी अपने विचार रखे।

**27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर 6 साल से लगी रोकः** 2019 से लेकर 2025 तक 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का लाभ पिछड़े वर्ग को नहीं मिल पाया है। 2019 में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अध्यादेश के जरिए इसे लागू किया था। लाखों अभ्यर्थी पहले से चयनित हो चुके हैं। सिर्फ उन्हें नियुक्ति पत्र यह कहकर नहीं दिए जा रहे हैं कि इनकी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं, जबकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट कई बार यह कह चुके हैं कि कोर्ट की ओर से कोई रोक नहीं है। आप करना चाहें तो कर सकते हैं। 13 फीसदी आरक्षण होल्ड करने को लेकर कोर्ट फटकार भी लगा चुका है।

## निर्यातकों की 'मदद' के...

जा रहे हैं। सरकारी सूत्र ने कहा कि निर्यात में विविधता लाने से निर्यातकों को लंबे समय में व्यापार की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी। निर्यातकों की मदद के लिए सरकार की ओर से निर्यात संवर्धन मिशन को जल्दी से जल्दी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह प्रतिक्रिया निर्यातकों की ओर से नकदी के मोर्चे पर मदद मांगने के बाद आई है। सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा फिलहाल विचाराधीन है। अधिकार के अनुसार, सरकार को उम्मीद है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द ही बातचीत शुरू हो जाएगी, नई तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।

**निर्यात में विविधता लाने की तैयारीः** अधिकारी ने बताया कि उनके सुझावों को लागू करने का सबसे अच्छा तरीका निर्धारित करने के लिए सकारात्मक कार्य चल रहा है। उनके सुझाव सरकार के एजेंडे में हैं। हम निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को जल्द से जल्द लागू करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि यह उद्योग को कुछ प्रोत्साहन और समर्थन दे सके। हमें लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने की आवश्यकता है, चाहे वे निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाएं हों या आयात आपूर्ति श्रृंखलाएं। अधिकारी ने कहा कि हर चुनौती या संकट एक नया अवसर होता है। इसलिए यह उद्योग के लिए एक चेतावनी है। सरकारों, सभी से यह देखने का आग्रह है कि हम अपने निर्यात में विविधता कैसे ला सकते हैं।

## नकदी की कमी का ...

है कि अल्पावधि में, उनके ऑर्डर कम हो जाएंगे और उन्हें नकदी की कमी का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अपना परिचालन चलाने के लिए वित्तीय दबाव का सामना करना पड़ेगा। वे अल्पावधि में इस नकदी संकट से निपटने में मदद के लिए सरकार को पत्र लिख रहे हैं।

## केंद्र सरकार ने...

कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है। इसमें पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट, साथ ही दोनों पर 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार शामिल है जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11% बैठता है। इस कदम से कपड़ा मूल्य श्रृंखला की कच्चे माल की लागत कम होने और विनिर्माताओं एवं उपभोक्ताओं दोनों को आवश्यक राहत मिलने की उम्मीद है। कपड़ा मूल्य श्रृंखला में धागा, कपड़ा, परिधान एवं सिले हुए उत्पाद शामिल हैं। कपड़ा, रत्न एवं आभूषण और चमड़ा सहित भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से अमेरिका शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

## जापान के बाद....

जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पीएम के दौरे से पहले इसके एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की है। मिसरी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की जापानी प्रधानमंत्री के साथ पहली वार्षिक शिखर बैठक होगी और लगभग सात सालों में यह जापान की पहली स्वतंत्र यात्रा भी होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने 2018 में वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा क्वॉड साझेदारी पर केंद्रित होगी। इस समूह में भारत और जापान के साथ ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका भी शामिल है। पीएम के दौरे के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा आने वाले सालों में भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए लगभग 68 बिलियन डॉलर के निवेश की योजना की घोषणा करेंगे। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान दोनों के बीच भारत के 508 किलोमीटर लंबे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए ई10 बुलेट ट्रेनों की खरीद पर भी चर्चा हो सकती है।

## न 75 साल ...

के 75 वर्ष की उम्र के बाद रिटायर होने वाले उनके बयान का जिक्र करते हुए सवाल पूछा गया। इस सवाल के जवाब में सरसंघचालक ने कहा कि मैंने मोरोपंत पिंगले को कोट किया। उन्होंने कहा कि वह (मोरोपंत पिंगले) बड़े मजाकिया आदमी थे।

वह 70 साल के थे और एक बार ऑल इंडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में सरकार्यवाह एचवी शेषाद्रि ने उन्हें शॉल दिया, उनसे कुछ कहने के लिए कहा। डॉ. भागवत ने कहा कि मोरोपंत पिंगले ने तब कहा था कि आपने यह शॉल दिया है, इसका मतलब है कि आपकी उम्र अब अधिक हो गई है। आप एक कुर्सी पर बैठिए और देखिए कि क्या हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कभी नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाउंगा या किसी को रिटायर हो जाना चाहिए।

## 80 साल का होने ...

रिटायरमेंट बेनिफिट नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम वही करते हैं, जो संघ हमसे करने को कहता है। मोहन भागवत ने यह भी कहा कि क्या आपको लगता है कि मैं ही इकलौता व्यक्ति हूं जो सरसंघचालक बन सकता है? उन्होंने कहा कि हम जीवन में कभी भी रिटायर होने के लिए तैयार हैं और 75 साल की उम्र के बाद कभी भी काम करने के लिए भी।

## तकनीकी शिक्षा का ....

करने के लिए एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में सम्मिलित होना बहुत जरूरी है। उन्होंने समझाया कि ऐसा करने से सामाजिक दूरियां घटती हैं और विश्वास बढ़ता है। इसके साथ ही समाज में प्रेम और करुणा की भावना पनपती है। दूसरों की खुशियों में शामिल होने से समाज में समरसता आती है और आपसी भेद-भाव कम होते हैं।

**हमारा सरकारों से कहीं कोई झगड़ा नहींः** संघ प्रमुख ने कहा कि हमारा हर सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों, दोनों के साथ अच्छा समन्वय है। लेकिन कुछ व्यवस्थाएं ऐसी भी हैं, जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं। कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था। इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो। भले ही कुर्सी पर बैठा व्यक्ति हमारे लिए पूरी तरह से समर्पित हो, उसे यह करना ही होगा और वह जानता है कि इसमें क्या बाधाएं हैं। वह ऐसा कर भी सकता है और नहीं भी। हमें उसे वह स्वतंत्रता देनी होगी। कहीं कोई झगड़ा नहीं है।

## अनुराग जैन बने...

मुख्य सचिव पद के लिए दावेदारी कर रहे डॉ. राजेश राजौरा, अशोक बर्णवाल समेत अन्य अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों को अब सालभर का इंतजार करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर मुख्य सचिव जैन को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन, आपको कार्यकाल के एक वर्ष बढ़ाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, नवाचारों और सतत प्रयासों से प्रदेश की विकास यात्रा निरंतर नए प्रतिमान स्थापित करे, मेरी मंगलकामनाएं।

## बैंस और वीरा...

दिसंबर से चुनाव आयोग ने सीनियर आईएएस वीरा राणा को सीएस बनाने की सहमति दी गई थी। राणा को मुख्य सचिव बनाए रखने का फैसला मुख्यमंत्री बने डॉ. मोहन यादव ने बरकरार रखा था। इसके बाद उनकी पहल पर राणा को 6 महीने का एक्सटेंशन भी मिला था। वे 30 सितंबर 2024 को रिटायर हुई थीं।

## बिल पर राष्ट्रपति और...

ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे। मेहता ने संविधान पीठ को बताया कि इन सवालों पर पहले भी चर्चा हुई है। लेकिन राष्ट्रपति का मत है कि अदालत की स्पष्ट राय जरूरी है, क्योंकि भविष्य में ऐसा मामला फिर उठ सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति या राज्यपाल के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। न तो कोर्ट ऐसे मामलों में कोई निर्देश दे सकता है और न ही इन फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

## राज्यपाल का छह ...

फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर राज्यपाल समयसीमा के भीतर विधेयकों पर फैसला नहीं करते तो राज्य सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इस पर सीजेआई गवई ने कहा कि वह आठ अप्रैल के दो जजों के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन यह भी कहा कि राज्यपाल का किसी विधेयक को छह महीने तक लंबित रखना सही नहीं है। मेहता ने जवाब में कहा कि अगर एक सांविधानिक संस्था अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करती, तो इसका मतलब यह नहीं कि कोर्ट दूसरी सांविधानिक संस्था को आदेश दे। इस पर सीजेआई ने कहा कि हां, हम समझ रहे हैं कि आप क्या कह रहे हैं। लेकिन अगर यह अदालत ही किसी मामले को 10 साल तक नहीं सुलझाए, तो क्या राष्ट्रपति को कोई आदेश देने का हक होगा? सुनवाई अभी जारी है।

## तो क्या अदालत के ...

ओर से भेजे गए उस सांविधानिक संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पूछा गया है कि क्या अदालत राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकती है कि वे विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर तय समयसीमा में निर्णय लें? मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या अदालत राष्ट्रपति को निर्देश दे सकती है कि वह राज्य विधानसभा से आए विधेयकों पर कब और कैसे फैसला लें।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**संख्याः बीपीएल.एलसी.टी.657 दिनांक 26.08.2025**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (कार्य) पमरे, निर्माण कार्यालय भवन, डी.आर.एम. ऑफिस के पास रानी कमलापति, भोपाल– 462024 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदायें प्रतिष्ठित ठेकेदारों से, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा क्रमांक–** बीपीएल/एलसी/टी/657, **कार्य का विवरण–** रामगंजमंडी–भोपाल नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में भोपाल – ब्यावरा सेक्शन में स्टेशन एवं सर्विस बिल्डिंग, प्लेटफार्म/एफओबी/सीओपी की वायरिंग/लाइटिंग, क्वार्टर वायरिंग, केबलिंग, ओवरहेड लाइन का विद्युतीकरण एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था एवं जनरल सर्विस के अन्य विविध कार्य कराने हेतु। **कार्य पूर्ण करने की अवधि–** 18 माह, **अनुमानित कीमत रू.–** 39614816.00, **बयाना राशि रू.–** 348100.00, **टेंडर फार्म की कीमत रू.–** निल, **टेंडर बंद होने की दिनांक–** 18.09.2025 (15:00 बजे) ई निविदा की पूर्ण जानकारी IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। ई–बिड के आलावा कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। इस प्रकाशन में शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त वेबसाईट पर दिखाई देगा और इसे कहीं और प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

(हस्ता)

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI**
**Berasia, Distt. : Bhopal**

No./Nirman/25-26/765 Dated : 25.08.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Name & Place of Work - 01,** annual repair maintenace of existing structures at Mandi Yard Berasia Tender Number : 2025_MPSAM_446162_1 (PAC 16.52). **Work 02,** repair maintenance and painting of shed No 4,5,6 and repair maintenance painting and, height increasing of 7, 8, 9 nos shed at Mandi Yard Berasia (IInd call) Tender Number : 2025_MPSAM_446937_1(PAC 83.36).The following works Tender to be received Online up to 5:30 PM on Dated 19.09.2025. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/121747/2025 **SECRETARY**



**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

**क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल**

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक,एम.पी. नगर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **मेसर्स काकड़ा स्टोन क्रशर** पताः खसरा नं. 04, सागर एस्टेट के पास, नरेला शंकरी, भोपाल, म.प्र.-462041 ऋणी/बंधककर्ताः **श्रीमती किरण गोयल पत्नि श्री नरेंद्र कुमार गोयल,** जमानतदार/बंधककर्ताः **श्री नरेंद्र कुमार गोयल पुत्र डी सी गोयल** ऋणी/जमानतदार **(1) श्रीमती शुभ्रा गोयल, पत्नी नीरज गोयल (2) श्रीमती मेघा गोयल, पत्नी विशाल गोयल (3) श्रीमती कुंजन गोयल, पत्नी अनिल गोयल** जमानतदारः **(1) श्री विशाल गोयल पुत्र नरेंद्र कुमार गोयल (2) श्री नीरज गोयल पुत्र नरेंद्र कुमार गोयल (3) श्री अनिल गोयल पुत्र नरेंद्र कुमार गोयल** सभी का पताः बी 1 काकड़ा अभिनव होम्स, अयोध्या बाईपास रोड, सागर कॉल के पास, भोपाल-म.प्र.-462041 | **मांग सूचना दिनांक : 18.08.2025** **दिनांक 18.08.2025 को बकाया राशि ₹ 228020889.80 + ब्याज एवं अन्य खर्चे** **NPA : 14.08.2025** | **चल संपत्तिः** (1) स्टॉक एवं बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधन (2) वाहन पंजीकरण संख्या MP04ED5171 मेक मॉडल- जीप/कम्पास S2.0 (डीजल) निर्माण वर्ष 2021 और पंजीकरण तिथि 02.03.2022 के अनुसार वाहन का दृष्टिबंधन, **शीर्षक धारक का नामः मेसर्स काकड़ा स्टोन क्रशर** **अचल संपत्तिः** (1) बंधक संपत्ति लीज्ड फैक्ट्री भूमि और भवन स्थित खसरा संख्या 04 के भाग पर स्थित, क्षेत्रफल- 174240 वर्गफुट जिला उद्योग केंद्र भोपाल द्वारा आवंटित स्थित ग्राम नरेला शंकरी, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल चर्तुसीमाएं- पूर्व- खुली भूमि पश्चात सड़क, पश्चिमः खुली भूमि, उत्तरः सड़क, दक्षिणः खुली भूमि, **शीर्षक धारक का नामः मेसर्स काकड़ा स्टोन क्रशर** (2) बंधक संपत्ति रिहायशी डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 204/1/1/2/6 (नया 204/1/2/6) (क्षेत्रफल- 0.1010 हेक्टेयर), खसरा नं. 204/1/1/8 (नया 204/2/8) (क्षेत्रफल- 0.1010 हेक्टेयर) और खसरा नं. 204/1/1/2/7 (नया 204/2/7) (क्षेत्रफल- 0.1010 हेक्टेयर) कुल भूमि 0.3030 हेक्टेयर स्थित ग्राम दामखेड़ा, वार्ड क्रमांक 63, पटवारी हल्का दामखेड़ा, राजस्व निरीक्षक मंडल- दामखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (विलेख के अनुसार चर्तुसीमाएँ): पूर्व- खसरा नं. 206 की भूमि, पश्चिम- अन्य भूमि, उत्तर- खसरा नं. 205 की भूमि, दक्षिण - खसरा नं. 204/1/1/2 की भूमि और सड़क, चर्तुसीमाएँ (वास्तविक) : पूर्व- किरण गोयल की भूमि, पश्चिम- फैशिंग एवं मालिक की भूमि, उत्तर- अन्य भूमि, दक्षिण- नाला पश्चात सड़क, **शीर्षक धारक स्वामित्व धारकका नामः श्री नरेंद्र कुमार गोयल** (3) बंधक संपत्ति खसरा नंबर 204/2/1/4 स्थित ग्राम दामखेड़ा, पटवारी हल्का दामखेड़ा, राजस्व निरीक्षक मंडल- दामखेड़ा, वार्ड क्रमांक 74, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल क्षेत्रफल- 0.2020 हेक्टेयर (विलेख के अनुसार चर्तुसीमाएँ) : पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-किरण गोयल की भूमि, उत्तर-खसरा नं. 205 की भूमि, दक्षिण-सड़क, चर्तुसीमाएँ (वास्तविक) : पूर्व-किरण गोयल की भूमि, पश्चिम-एन के गोयल की भूमि, उत्तर-अन्य की भूमि खसरा नं. 205, दक्षिण-सड़क, **शीर्षक धारक का नामः श्री नरेंद्र कुमार गोयल और श्रीमती किरण गोयल** (4) बंधक संपत्ति खसरा संख्या 204/2/5/1/1 स्थित ग्राम दामखेड़ा, पटवारी हल्का दामखेड़ा, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल क्षेत्रफल- 0.1210 हेक्टेयर, चर्तुसीमाएं - पूर्व- एन के गोयल की भूमि, पश्चिमः नरेंद्र गोयल और किरण गोयल की भूमि, उत्तरः अन्य भूमि, दक्षिणः अयोध्या बाईपास रोड |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।

उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 29/08/2025**

**प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक**



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्र्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेंद्र चतुर्वेदी पुत्र श्री एल एम चतुर्वेदी निवासी हाउस नंबर. ई 13, 14 फार्चून शैल परिसर, होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) पूर्व में मेरा नाम जितेंद्र कुमार चतुर्वेदी था जिसे मैंने बदल कर जितेंद्र चतुर्वेदी रख लिया है. अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम जितेंद्र चतुर्वेदी लिखा है। अतः मुझे भविष्य में मेरे नए नाम जितेंद्र चतुर्वेदी से जाना व पहचाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मैं दिनेश मीणा पुत्र श्री महाराज सिंह आयु 42 वर्ष निवासी-तह. नटेरन, पडरिया जागीर, जिला-विदिशा, म.प्र.। मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम ब्रजेश मीणा (BRAJESH MEENA) पुत्र श्री दिनेश मीणा (DINESH MEENA) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश संजय मैना (SANJAY MAINA) पुत्र दिनेश मैना (DINESH MAINA) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को ब्रजेश मीणा (BRAJESH MEENA) पुत्र श्री दिनेश मीणा (DINESH MEENA) के नाम से जाना व पहचाना जावे।
शपथ पत्र क्रमांक CZ 124127

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9654778825..
R-26 to 29-09-2025

सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800
R- 29-09-2025 to 01-sep-25

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5972



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5971 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | म | हा | व | र | ■ |
| का | म | ■ | ही | र | ■ | म | सि | ■ | थ | ल |
| फी | ■ | शा | न | ■ | वं | ■ | ल | ब | ■ | क्ष्य |
| ■ | ■ | य | ■ | म | हा | न | ■ | र | ■ | ■ |
| ■ | फ | र | मा | न | ■ | र | स | खा | न | ■ |
| का | की | ■ | ल | ■ | ■ | ■ | न | ■ | र | ति |
| ■ | र | नि | वा | स | ■ | ह | म | द | म | ■ |
| ■ | ■ | य | ■ | र | ज | क | ■ | स्त | ■ | ■ |
| जा | ■ | म | जा | ■ | हां | ■ | श | क | ■ | का |
| न | शा | ■ | य | म | ■ | पा | प | ■ | सा | या |
| ■ | म | हा | का | ल | ■ | ल | थ | प | थ | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5982

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5981 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम कर रहीं बसें, टनों माल किया जा रहा परिवहन

# बसों से हो रहा करोड़ों का माल परिवहन बिना बिल, ई-वे बिल, प्रतिबंध की मांग

आत्माराम सोनी ⏭ भोपाल

खास खबर

निजी बस यानी पैसेंजर बस संचालकों द्वारा यात्रियों से ज्यादा माल का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ऐसा करके निजी बस ऑपरेटर माल लादकर लाने व ले जाने के खेल से करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। राजधानी सहित मध्यप्रदेश और देशभर में चल रही अधिकांश बसों में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से माल लाद कर लाया और ले जाया जाता है। जिससे सरकार को बतौर राजस्व के रूप में करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। राजधानी सहित मध्यप्रदेश और अतंरप्रांतीय राज्यों के ट्रांसपोर्टरों ने इस संबंध में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मांग की है कि पैसेंजर वाहनों में माल का हो रहे अवैध परिवहन पर हस्ताक्षेप करें। ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि हम लोग लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करते आ रहे हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, हम लगातार अपनी आपत्ति प्रत्येक संबंधित सरकारी कार्यालय चाहे वह केंद्रीय या राज्य परिवहन विभाग हो, जीएसटी विभाग हो या यातायात पुलिस हर जगह दर्ज कराते रहेंगे।

### मप्र में करीब 200 बसों में 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल का अवैध परिवहन प्रतिदिन



भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि मध्यप्रदेश में करीब 200 बसों से 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल प्रतिदिन मध्यप्रदेश के भीतर एवं अन्य प्रदेशों जैसे मुंबई, पूना, नागपुर, रायपुर, अहमदाबाद, सूरत, भीलवाड़ा जयपुर, आगरा, दिल्ली, कानपुर आता -जाता है। किसी भी शहर के बस स्टैंड के आस-पास बस के केबिन में ऊपर एवं यात्रियों की सीट के नीचे बनी डेक में करीब तीन टन माल आ आता और पैसेंजर वाहन मालकों एवं चालकों द्वारा माल अवैध रूप से भरा जाता है। सुबह एवं शाम के बाद, डेक बनी, ऊंची -ऊंची बसें बस अड्डों के आसपास , इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर अन्य शहरों में माल उतरते और चढ़ाते देखा जा सकता है। बस कंपनियों द्वारा माल परिवहन की बुकिंग, डिलीवरी, गोदाम आदि की शिकायत कई बार संगठन ने आरटीओ और पुलिस के अधिकारी से की,लेकिन शिकायत करने के बाद इन्हें कुछ नजर नहीं आता। ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि ट्रक-ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कई बार इसकी शिकायत शासन से भी की। माल ढोने के लिए ट्रक है, ट्रक में एक सवारी बैठा लें, तो पुलिस चालान बना देती है, व्यापारी के बिल में, अथवा ई-वे बिल में कोई त्रुटि हो जाए तो शास्ती ट्रांसपोर्टर को भरनी पड़ती है, लेकिन इसके विपरीत जबकि बसों से करोड़ों का माल बिना बिल, बिना ई-वे बिल के परिवहन हो रहा है और करोड़ों की जीएसटी चोरी हो रही है, तो यह सब न ही विभाग जिम्मेदारों को नजर आ रहा है और पुलिस वालों को, निजी बसों में अवैध माल परिवहन सरकार के नीचे सब साहूकारी से चल रहा है।



### जो बसों में टनों माल लाद रहे हैं वे कर रहे यात्रियों की जान से खिलवाड़

राजपूत ने कहा कि जो बसें टनों के हिसाब से माल लाद रहे हैं वे कर रहे यात्रियों की जान से खिलवाड़ भी कर रहे हैं। ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम बसें कर रही है, जिसके कारण हम ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के बिजनेस पर भी असर पड़ रहा है, सीधा -सीधा ट्रकों का हक बसों द्वारा छीना जा रहा है। अतः शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि माल से भरी बसों का परमिट रद्द किया जा और बसों में व्यवसायिक माल की बुकिंग पूर्णतः बंद हो सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि हम ट्रांसपोर्टरों को राहत मिल सकें।

### यात्रियों की जान को खतरा होने के साथ जीएसटी की करोड़ों रुपए की चोरी



भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा के संस्थापक नरेंद्र मिश्रा ने कहाकि पैसेंजर बसों में माल ढुलाई करना पैसेंजर के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बसे को पैसेंजर परिवहन के लिए आरटीओ परमिशन देता है। जबकि ट्रक को माल परिवहन के लिए। जो कि गुड्स कैरियर जो गाड़ियों के सामने लिखा होता है, लेकिन आज के समय में बसों के मालिक आरटीओ अधिकारी के मिलीभगत से खुलेआम भारत के संविधान, नियमों का उलंघन कर रहे हैं । आरटीओ अधिकारी खुलेआम पैसे की वसूली कर रहे हैं। अगर बसों में माल ढुलाई होता है तो मोटर वाहन मालिक को कड़ी सजा का प्रावधान हो और बस का परमिट तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाए।

### पैसेंजर बसों में सामान ढुलाई पर नकेल कसे शासन-प्रशासन



ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (पंजी.) के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहाकि संगठन लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करती आ रही है। मेरा मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, संगठन अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पैसेंजर बसों द्वारा माल ढुलाई के चलते ट्रक ऑपरेटरों को वैध पार्किंग की जगह नहीं मिलती। पार्किंग माफिया बसों से मोटा पैसा वसूलते हैं। इन पार्किंग स्थलों पर न केवल माल उतारा और लादा जाता है, बल्कि आने-जाने वाले प्रत्येक माल पर भी अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है।

### यह पड़ रहा परिवहन पर प्रभाव

- पैसेंजर बसों में सामान बिना बिल और दस्तावेजों के ले जाया जाता है, जिससे सरकार को जीएसटी का राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।
- **प्रतिबंधित और मादक पदार्थों की तस्करी**
  पान मसाला, गुटखा, सिगरेट जैसे प्रतिबंधित और मादक पदार्थ बड़ी मात्रा में पैसेंजर बसों के माध्यम से एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचाए जाते हैं, जो समाज और युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक है।
- **बिना कागजात का माल परिवहन:**
  अधिकांश बस ऑपरेटर बिना किसी वैध कागजात के माल परिवहन करते हैं और इसके एवज में भारी-भरकम नकद वसूली करते हैं।
- **यात्रियों की जान को खतरा**
  पैसेंजर बसों को मुख्यतः यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाया जाता है। जब इन बसों में अतिरिक्त माल, भारी-भरकम बोरियाँ, बॉक्स या प्रतिबंधित सामान लादा जाता है तो न केवल बस का लोड बढ़ जाता है बल्कि आग लगने, दुर्घटना और जान-माल की हानि का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। यात्रियों की सुरक्षा से इस प्रकार का खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।
- **ट्रांसपोर्ट उद्योग पर दुष्प्रभाव**
  इस अवैध गतिविधि से वैध ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गहरा नुकसान हो रहा है। अनेक परिवहन कंपनियां पहले ही बंद हो चुकी हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं, जिससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। हमारी पुरजोर मांग है की सरकार तुरंत पैसेंजर बसों में सामान ढुलाई पर सख्ती से रोक लगाए। साथ ही अवैध पार्किंग और इस धंधे में संलिप्त माफिया पर कठोर कार्यवाही करें। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेगी और वैध परिवहन उद्योग का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।

### आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से चल रहा अवैध परिवहन का धंधा



भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर कोकता के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि बस हल्के वजन से बनती उसमें कमानी नहीं होती, बस वाले केबिन पर माल लोड करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना आए दिन होती हैं। बस से माल का परिवहन करना दंडनीय अपराध हैं , लेकिन आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से पैसेंजर बसों में अवैध परिवहन का गोरख धंधा चल रहा है। गुप्ता ने कहाकि पैसेंजर बसों में माल ढुलाई के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों का विरोध और प्रतिबंध की मांग परिवहन क्षेत्र की एक आम समस्या है। ट्रांसपोर्टरों की मुख्य शिकायत यह है कि बस कंपनियां यात्री सेवा के साथ-साथ अवैध रूप से माल ढुलाई करती हैं, जिससे माल परिवहन करने वालों का व्यापार प्रभावित होता है और उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। वे यात्री बसों के इस अनधिकृत माल ढुलाई को रोकने और इन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं ताकि परिवहन व्यवस्था में प्रतिस्पर्धात्मकता बनी रहे।

---

## हमारा प्रयास 100 प्रतिशत प्लेसमेंट : डॉ. सुनील कपूर

# श्री सत्य साईं विवि में रोजगार मेला 96 युवाओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल , कल्पतरू,ए.डी.सी. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट,शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस आयोजन में डॉ. गौतम टेटवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र. शासन द्वारा रोजगार मेले तथा इंडस्ट्रीयल पार्क का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप चेयरमैन डॉक्टर सुनील कपूर, कुलाधिपति डॉक्टर साधना कपूर, रुचि कपूर, कुलपति डॉक्टर मुकेश तिवारी और डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रियरंजन स्वरूप सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। मंत्री डॉ. टैटवाल ने कहा कि ग्रुप चैयरमैन कपूर साहब को इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि उनके संस्थान में बच्चे सुई से लेकर हवाई जहाज़ बनाने का कोशल सीख रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सरकार अनेकों योजनाओं से




युवा वर्ग को आर्थिक सहायता एवं रोजगार प्रदान करने के प्रयासों के प्रति सक्षम है और आज इस मेले में ऑनलाईन 1400 रजिस्ट्रेशन हुए है इन में से आज प्रथम दिन 96 को चयनित किया गया । यह हम सबके लिये बड़ी गौरव की बात है। चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि इस स्टेट के मंत्री डॉ. टेटवाल का आना हमारे लिए इसलिए शुभ है क्योकि इस बार इस सरकार ने इस ग्रुप पर जितना आशीर्वाद दिया है वो अदभुत संयोग है। हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश की प्रगति और भावी युवा पीढ़ी को आर्थिक उन्नति है और इसके लिए हम उन्हें उच्च शिक्षा एवं संपूर्ण विश्व में रोजगार उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है ।

(सी.आई.डी.सी.) के डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रियरंजन स्वरूप द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे विश्वविद्यालय को सदैव अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस आयोजन में डॉ .साधना कपूर कुलाधिपति आर केडीएफ ग्रुप भोपाल ने सभी चयनित छात्रों को आशीर्वाद दिया। सुश्री रूचि कपूर (एमडी, एसएसएसयूटीएमएस) की उपस्थिति रही।

### हर साल होगा रोजगार मेला : डॉ. मुकेश तिवारी

विश्वविद्याल के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि इस रोजगार मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता रहेगा। हमारे विश्वविद्यालय से हर वर्ष 2500 से ज्यादा छात्र छात्राएं पास आउट होते है, इसलिए बड़े स्तर पर हमारे छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट की आवश्यकता होती है। हमारे विश्वविद्यालय से निकलने वाले स्टूडेंट्स को भी मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा बड़े पैकेज पर रिक्रूट किया जाना संभव है।

# चांदी की हॉलमार्किंग...1 सितंबर से बदलेंगे कई नियम, जेब पर पड़ेगा असर

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

हर महीने की पहली तारीख कुछ नई शुरुआत और बदलाव लेकर आती है। इस बार 1 सितंबर 2025 से भी कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। इनमें चांदी की अनिवार्य हॉलमार्किंग, एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर नए चार्ज और डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा का स्पीड पोस्ट में विलय जैसे नियम शामिल हैं।

### एसबीआई डेबिट असफल होने पर 2 फीसदी की पेनल्टी

एसबीआई ने अपने क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब यदि आपके कार्ड का ऑटो-डेबिट असफल होता है, तो 2 फीसदी पेनल्टी देनी होगी। इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन, फ्यूल और ऑनलाइन शॉपिंग पर भी अतिरिक्त चार्ज लग सकते हैं। साथ ही, रिवॉर्ड पॉइंट्स की वैल्यू घट सकती है और कार्ड प्रोटेक्शन प्लान भी बदलेंगे। 16 सितंबर 2025 से सभी ग्राहकों को नए वेरिएंट में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### *अब चांदी पर भी हॉलमार्किंग अनिवार्य*

*1 सितंबर से चांदी के गहनों और सिक्कों पर भी हॉलमार्किंग जरूरी होगी। अभी तक यह नियम केवल सोने पर लागू था। इससे ग्राहकों को शुद्धता की गारंटी मिलेगी, हालांकि ज्वैलर्स का मानना है कि इससे चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।*

### *रजिस्ट्री का स्पीड पोस्ट में विलय*

*डाक विभाग ने बड़ा बदलाव करते हुए रजिस्टर्ड पोस्ट को स्पीड पोस्ट का हिस्सा बना दिया है। अब 1 सितंबर से कोई भी रजिस्ट्री सीधे स्पीड पोस्ट सेवा से जाएगी। इससे प्रक्रिया तेज और सरल हो जाएगी।*

### *जीएसटी परिषद की बैठक*

*3-4 सितंबर 2025 को जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक होगी। इसमें टैक्स दरों को घटाकर मौजूदा चार स्लैब की जगह दो स्लैब (5 फीसदी और 12फीसदी ) करने का प्रस्ताव चर्चा में रह सकता है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर पड़ेगा।*

### भारत के जीडीपी पर 25 फीसदी टैरिफ का नहीं पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव : फेडरेशन

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा वैश्विक व्यापार युद्ध के अंतर्गत भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जो दिनांक 27 अगस्त 2005 से लागू होने की संभावना है। साथ ही रूस से तेल आयात करने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगाया है। इंटरनेशनल क्रेडिट एजेंसी के अनुसार इस टैरिफ से भारत की जीडीपी पर कोई विशेष नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि इन एजेंसीयों ने भारत की रेटिंग को डाउन ग्रेड नहीं किया है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच बनी रहने की पूर्ण संभावना है, लेकिन साथ ही साथ कुछ क्षेत्र जैसे परिधान, आभूषण एवं हीरे, झींगा, मशीनरी, जैविक रसायन, तांबा एवं एल्युमिनियम पर इन टैरिफ का असर पडने की संभावना है। हालांकि अमेरिका ने कुछ क्षेत्रों पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, एपीआई और स्मार्टफोन उद्योग को इस शुल्क से छूट प्रदान की है। जिससे हमारे व्यापार को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पडने वाला है। हांलाकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारत सरकार एवं उद्योग जगत सक्रिय है और अमेरिका पर निर्भरता को कम करने के लिए नए बाजारों की खोज प्रारंभ कर दी है।

### ग्रीनप्लाई ने लांच किया पहला एमडीएफ कैंपेन

**नई दिल्ली।** ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एमडीएफ श्रेणी के कैंपेन 'लेटेस्ट डेकोर का रिप्लाई' की शुरुआत की है। यह कैम्पेन ग्रीनप्लाई की उन्नत एमडीएफ रेंज-710 एचडीएमआर एचडीएफ और प्री-लैमिनेटेड एमडीएफ को सामने लाता है। तीन प्रभावशाली फिल्मों के जरिए कंपनी दिखा रही है कि उसके प्रोडक्ट मजबूत, टिकाऊ और डिजाइन में बहुउपयोगी हैं। यह कैंपेन ग्राहकों, ठेकेदारों और व्यापार साझेदारों को भरोसा दिलाता है

### आरआर काबेल ने लांच की वायरों की नई सीरीज




**भोपाल।** आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लांच की है। इस नई सीरीज में फ्लेमेक्स एचआर प्लस एफआर और फायरएक्स एलएसओएच-ईबीएक्सएल जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा- तीनों में बेहतर हैं। कंपनी के कार्यकारीनिदेशक राजेश काबरा ने कहाकि जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है, तो वायरों को भी बदलना होगा। हमारी नई रेंज आज की ही नहीं, बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है- चाहे वो बढ़ता तापमान हो या ज्यादा बिजली का दबाव या फिर सुरक्षा और पर्यावरण की जिम्मेदारी।

**न्यायालय तहसीलदार राजधानी परियोजना टी टी नगर भोपाल**

(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)
प्र.क्र 0168/अ-6/2025-26
// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता कुकरेजा पत्नी श्री महेश कुकरेजा निवासी- मकान नंबर 30 ग्लोब गार्डन चुनाभट्टी भोपाल द्वारा ग्राम चूनाभट्टी स्थित खसरा नंबर 4ख/1/2/2/6/3क/2, 4ख/1/2/2/6/2क, 4ख/1/2/2/6/3ख, 4ख/1/2/6/2ख का अंश भाग भू-खण्ड नंबर 43 जिसका क्षेत्रफल 1623 वर्गफिट अर्थात 150.84 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**टी.टी. नगर वृत्त भोपाल**

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीशं महोदय वर्ग- I आष्टा जि. सीहोर**

वाद क्र.आर. सी. एस. ए.0000076/24
आज्ञा दिनाक 14-8-25
पेशी दिनाक 19.9.25

दिलीपसिंह आदि
विरुद्ध
बताशीबाई आदि
बनाम
गुलाबसिंह आ. सवाईसिंह पता ग्राम कानडाखेड़ी तह. आष्टा जिला सीहोर म.प्र.हाल मुकाम ई. डब्ल्यु एस. 16 चिनार पार्क कालोनी ग्राम महु इन्दौर म.प्र.

सूचनापत्र

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध वादीगण द्वारा वाद स्वत्व घोषणा व राजस्व प्रविष्टी अवैध घोषित कराए जाने बाबत प्रस्तुत किया है आप प्रतिवादी क्र.1 को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 19-9-2025 को दिन के 11 बजे स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में अपना जवाब प्रस्तुत करे दिनांक 19-09-2025 को आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध इस प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। नियत पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 19/08/2025 जारी किया गया।

**(नदीम जावेद खान)**
न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड आष्टा के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश आष्टा, जिला सीहोर (म.प्र.)

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में तनवानी ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मानव तनवानी (अधिवक्ता, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय) ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ द्वारा रियल एस्टेट डेवलपमेंट ऑथोरिटी की कार्यप्रणाली तथा उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे प्रायोगिक जानकारी प्रदान की। साथ ही धोखाधड़ी होने पर कैसे शिकायत दर्ज कर सकते हैं इसकी भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विधि विभाग के डायरेक्टर मुकेश साहू, वीसी डॉ.एन के. थापक , डायरेक्टर डॉ.आरके चौरसिया, रजिस्टार डॉ. एके सोनी एवं सहायक प्राध्यापकों सहित विभाग के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की सफलता पर एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ.अनुपम चौकसे धर्मेन्द्र गुप्ता (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) सहित सभी ने बधाईयां दी।

### सेंट पॉल को-एड स्कूल में इंडिया एंड अब्रॉड एजुकेशन एक्सपो का आयोजन



**भोपाल।** सेंट पॉल को-एड स्कूल, आनंद नगर में इंडिया एंड अब्रॉड एजुकेशन एक्सपो 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को एक छत के नीचे एकत्रित किया गया। एडुकॉन -द एजुकेशन कंसल्टेंसी और भृगु स्टडी अब्रॉड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के सहयोग से आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य भारत और विदेश में गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ कक्षाओं के 500 से अधिक विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विश्वभर के विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर अपनी जिज्ञासा व्यक्त की। विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रमों, छात्रवृत्ति के अवसरों, करियर पथ और विदेशी शिक्षा विकल्पों का अन्वेषण किया। प्राचार्य डॉ. फादर थॉमस ने कहाकि विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा मंच है, जिससे उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल सके। करियर परामर्श सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और अपने भविष्य के लिए शैक्षणिक निर्णय लेने की प्रेरणा मिलेगी।

### पीएनबी ने खोली अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया है। स्टार्टअप इंडिया पहल के अनुरूप, इस शाखा का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और बैंकिंग समाधान के सभी पहलुओं सहित सेवाओं के माध्यम से नवाचार का समर्थन करना है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार, महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अशोक चंद्र (पीएनबी) उपस्थित थे। इस अवसर पर एसटीपीआई के निदेशक सुबोध सचान, एसटीपीआई के अतिरिक्त निदेशक अंकेश कुमार, तथा पीएनबी और एसटीपीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने भारत की उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए पीएनबी की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### सैमसंग ने गैलेक्सी एंपावर्ड लांच किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने गैलेक्सी एम्पावर्ड कार्यक्रम लांच किया। इस अनूठे समुदाय-प्रेरित कार्यक्रम का मकसद शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और स्कूल प्रशासकों को नए डिजिटल टूल्स और आधुनिक शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित करके कक्षाओं में बदलाव लाना है। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम की सफल शुरुआत के बाद, जहां 250 से अधिक स्कूलों में 2,700 से ज्यादा शिक्षकों को प्रमाणित किया गया, गैलेक्सी एम्पावर्ड अब मुंबई में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है।

### निवा बूपा की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी रीएश्योर 3.0 पेश

**गुरुग्राम।** निवा बूपा ने अपनी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ₹रीएश्योर 3.0₹ पेश की है, जिसमें असीमित कवरेज, कल्याण पुरस्कार, वैश्विक देखभाल और विभिन्न लचीले ऐड-ऑन के विकल्प शामिल हैं। यह पॉलिसी जीवन के हर चरण में संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है और 4 वेरिएंट्स - क्लासिक, सेलेक्ट, एलीट और ब्लैक में उपलब्ध है। कंपनी के सीओओ, डॉ. भबतोष मिश्रा ने कहाकि निवा बुपा में हमेशा सीमाओं को चुनौती देने और ग्राहकों के लिए इनोवेशन लाने का प्रयास करते हैं।

### स्पाइस लाउंज ने बदला अपनी कंपनी का नाम

**नई दिल्ली।** स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने अपनी कंपनी का नाम आधिकारिक रूप से बदल दिया है। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स पूर्ण-सेवा डाइनिंग के अपने गहरे अनुभव का उपयोग करते हुए विभिन्न कांसेप्ट्स और प्रारूपों के माध्यम से उत्कृष्ट और स्थायी खाद्य अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी तेज-गति वाले कैजुअल, क्विक सर्विस, स्केलेबल, निर्यात योग्य और एसेट-लाइट मॉडल का निर्माण कर रही है, जिसे तकनीक द्वारा संचालित किया गया है और जो नई आकांक्षी भारत की सोच के साथ जुड़ा हुआ है। कंपनी के पास वैश्विक ब्रांड्स जैसे बफेलो वाइल्ड विंग्स, विंगजोन, ई टच और टेकसॉफ्ट के लिए विशेष फ्रैंचाइज अधिकार हैं।

### सर्वेश्वर ने बनाई स्टोर्स नेटवर्क दोगुना करने की योजना

**नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह अपने निंबार्क ऑर्गेनिक सिग्नेचर स्टोर्स का विस्तार कर रही है और अपने आक्रामक विकास रणनीति के तहत भारत में खुदरा उपस्थिति को मज़बूत करने तथा हिमालय से प्रीमियम ऑर्गेनिक उत्पादों को उपभोक्ताओं के और करीब लाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ में एक नया स्टोर खोलने जा रही है। चंडीगढ़ में इस नए स्टोर के उद्घाटन के साथ निंबार्क ऑर्गेनिक स्टोर्स की कुल संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी और कुल स्टोर्स की संख्या 15 हो जाएगी।

पी एम विश्वकर्मा — सम्मान . सामर्थ्य . समृद्धि
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
सत्यमेव जयते
सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
भारत सरकार
कयर बोर्ड

**रिक्ति अधिसूचना**

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय, कयर बोर्ड, अखिल भारतीय सेवाओं या किसी अन्य केंद्रीय सेवा समूह 'क' या राज्य सेवा समूह 'क' के अधिकारियों, जो भारत सरकार के उप सचिव के समकक्ष पद धारण करते हैं या भारत सरकार के उप सचिव के समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र हैं, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कयर बोर्ड के सचिव के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | वेतन स्तर (7 वां सीपीसी) | रिक्ति की संख्या | तैनाती स्थान |
|---|---|---|---|
| सचिव, कयर बोर्ड | लेवल 12 | 1 | कयर बोर्ड मुख्यालय एम.जी. रोड, कोच्ची, एर्णाकुलम, केरल |

विस्तृत विज्ञापन के लिए आवेदक कयर बोर्ड की वेबसाइट (www.coirboard.gov.in) देख सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन (उचित माध्यम से) श्री एन. राजा स्वामी, अवर सचिव (कयर), एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, वर्क हॉल संख्या 32110, द्वितीय तल, सीसीएस बिल्डिंग संख्या 3, कर्तव्य पथ, नई दिल्ली-110001 को रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 (पैंतालीस दिन) के भीतर हार्ड कॉपी में पहुँच जाने चाहिए।

कयर बोर्ड वेबसाइट के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

19.08.2025 ह/- सचिव, कयर बोर्ड

CBC 25131/12/0014/2526

## चिंतन

# क्यों आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा सोना

पीली धातु यानि सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। महिलाओं में आभूषणों की चाहत की सबसे उपयोगी धातु आसमान पर पहुंच गई है। 28 अगस्त को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। सोना 622 रुपये बढ़कर 1,01,506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गया। इससे पहले 1,00,884 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,240 रुपये बढ़कर 1,17,110 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 थी। आम आदमी की पहुंच से सोने के फिसलने के एक नहीं अनेक कारण हैं। पहला कारण दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा तनाव है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई मुसीबत आती है, सोने की कीमत तेजी से बढ़ने लगती है। जब दुनिया में डर का माहौल होता है, तो लोग सोना खरीदते हैं। सोने को एक सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। डिमांड बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। दूसरा कारण है ग्लोबल इकोनॉमी की हालत। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ रही है। इससे दुनिया में मंदी की आशंका है। मंदी से बिजनेस प्रभावित होगा और इसलिए लोग सोना खरीद रहे हैं ताकि उनका पैसा सुरक्षित रहे। सोने में तेजी का एक बड़ा कारण महंगाई भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे महंगाई बढ़ना तय माना जा रहा है। सोना महंगाई से बचाता है। इसके अलावा दुनिया के अनेक बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिसके चलते उत्पादन से कहीं ज्यादा डिमांड हो गई है। चीन, भारत, तुर्की और पोलैंड जैसे देशों के सेंट्रल बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि सोने का भंडार ज्यादा होने के बाद विश्व स्तर पर उनकी अहमियत बढ़ेगी, अमेरिका की डॉलर मोनोपोली पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। गोल्ड में उछाल का एक कारण डॉलर का कमजोर होना भी माना जा रहा है। जब डॉलर कमजोर होता है, तो विदेशियों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है। इससे सोने की मांग बढ़ जाती है। जब मांग बढ़ती है तो दाम उछलना स्वाभाविक है। इसके अलावा देशों के साथ-साथ आम आदमी भी सोने को सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है और बॉन्ड से भी ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में आम लोग सोना खरीद रहे हैं। इससे कीमतें बढ़ रही हैं। दुनिया भर में ब्याज दरें कम होना भी सोने के दाम बढ़ने का एक कारण है। बैंक में ब्याज कम हो रहा है। भारत में आरबीआई लगातार रेपो रेट में कटौती कर चुका है। भारत में कई बैंकों ने एफडी और सेविंग अकाउंट्स पर ब्याज दरों में कटौती की है। अमेरिका में भी फेड रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद है। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो सोना रखने का फायदा बढ़ जाता है। आम निवेशक को लगता है कि सोना ब्याज से ज्यादा फायदा देगा। इसी चाह में सोने के दाम आसमान पर पहुंच रहे हैं। एक तरफ तो मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर सोने का उत्पादन लगातार कम हो रहा है। सप्लाई और मांग में अंतर से कीमतें बढ़ रही हैं। सोने की कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना आसपास नजर नहीं आ रही। अगर दुनिया में तनाव और बढ़ता है तो कीमतें कम होना तो दूर इसमें ज्यादा उछाल आ सकता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में दुनिया में परिस्थितियां कैसी रहती हैं।

# खेलों में हो विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर



खेल दिवस
अरविंद जयतिलक

> अच्छा प्रदर्शन केवल पदक जीतने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि राष्ट्र के स्वास्थ्य, मानसिक अवस्था एवं लक्ष्य के प्रति सतर्कता व जागरुकता को भी रेखांकित करता है। दो राय नहीं कि कॉमनवेल्थ और पेरिस ओलंपिक में मिली उपलब्धियों ने देश को गौरवान्वित किया है। लेकिन एक सच यह भी है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश को इससे बड़ी उपलब्धि की दरकार है। ऐसा तभी संभव होगा जब देश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, अकादमियों और प्रशिक्षकों को बढ़ावा मिले। आंकड़ों के मुताबिक देश में सिर्फ पंद्रह प्रतिशत लोग ही खेलों में अभिरुचि रखते हैं। उचित होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेल के विकास के लिए ईमानदार और स्पष्ट नीति को लागू कर उसका क्रियान्वयन और अनुपालन कराएं।

आज खेल दिवस है। आज भारत के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है। खेल में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन को भारत में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद विश्व हॉकी में शुमार महानतम खिलाड़ियों में से एक अद्भुत खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा व लगन से देश का मस्तक गौरवान्वित किया। अच्छी बात है कि देश के खिलाड़ी उनसे प्रेरणा लेकर अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले वर्ष ही संपन्न पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते थे। गत वर्ष पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत अपने खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन से गौरवान्वित हो चुका है। तब भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पदकों की झड़ी लगाते हुए कुल 61 मेडल हासिल किए थे। इसमें 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने चौथा स्थान हासिल किया जिससे देश का मस्तक स्वाभिमान से दमक उठा।

कॉमनवेल्थ गेम्स की तरह ही टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। भारत के खाते में एक गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज समेत कुल सात पदक आए थे। पेरिस और टोक्यो दोनों ओलंपिक पर नजर दौड़ाएं तो नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, अमन सहरावत, विनेश फोगाट, मीराबाई चानू, रवि दहिया, पीवी सिंधु, लवनीना बोरगेहेन, बजरंग पुनिया समेत भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरते देखे गए। उम्मीद करें कि अब अगले कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक में भारत एक नया कीर्तिमान रचेगा। यह समझना होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रतिभा खेलों में उसकी उत्कृष्टता और हासिल होने वाले पदकों से जुड़ी होती है। अच्छा प्रदर्शन केवल पदक जीतने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि राष्ट्र के स्वास्थ्य, मानसिक अवस्था एवं लक्ष्य के प्रति सतर्कता व जागरुकता को भी रेखांकित करता है। दो राय नहीं कि कॉमनवेल्थ और पेरिस ओलंपिक में मिली उपलब्धियों ने देश को गौरवान्वित किया है। लेकिन एक सच यह भी है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश को इससे बड़ी उपलब्धि की दरकार है। ऐसा तभी संभव होगा जब देश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, अकादमियों और प्रशिक्षकों को बढ़ावा मिले। आंकड़ों के मुताबिक देश में सिर्फ पंद्रह प्रतिशत लोग ही खेलों में अभिरुचि रखते हैं। यह आंकड़ा निराश करने वाला है। विचार करें तो इसके लिए भारतीय समाज का नजरिया और सरकार की नीतियां दोनों जिम्मेदार हैं। समाज में यह धारणा है कि खेलकूद के जरिए नौकरी या रोजी-रोजगार हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए पढ़ाई पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए। नतीजा सामने है। बच्चों में खेल के प्रति लगन और उत्सुकता में कमी है। चिंता की बात यह भी कि सरकारें भी खेल के विकास का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के बजाए राष्ट्रीय खेल अकादमियों का अध्यक्ष व सदस्य कौन होगा, उस पर ज्यादा फोकस करती देखी जाती हैं। भला ऐसे माहौल में खेल का विकास कैसे होगा? खेलों के विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार की खेल नीति स्पष्ट व ईमानदार हो। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व खेल अकादमियों में बुनियादी



ढांचे के विकास की गति तेज हो। बेहतर होगा कि सरकारें स्कूल स्तर से ही खेल को बढ़ावा देने का मिशन चलाएं। स्कूलों में बच्चों की प्रतिभा एवं विभिन्न खेलों में उनकी अभिरुचि को ध्यान में रखकर उन्हें विभिन्न किस्म के खेलों में समायोजित कर उनके उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करे। ऐसा करने से उनकी प्रतिभा का सार्थक इस्तेमाल होगा और खेल को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन देखें तो स्कूलों में खेल के प्रति घोर उदासीनता है। इसका मूल कारण खेल संबंधी संसाधनों की भारी कमी और खेल से जुड़े योग्य शिक्षकों-प्रशिक्षकों का अभाव है। अगर प्राथमिक स्कूलों से इतर माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की बात करें तो यहां भी स्थिति कमोवेश वैसी ही है। यहां संसाधन तो हैं लेकिन इच्छाशक्ति और प्रशिक्षण के अभाव में खेलों के प्रति रुझान नहीं बढ़ रहा है। उचित होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेलों में सुधार के लिए पटियाला में स्थापित खेल संस्थान की तरह देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के संस्थान खोलें। ऐसा इसलिए कि उचित प्रशिक्षण के जरिए ही देश में खेलों का स्तर ऊंचा उठाया जा सकता है। यहां यह भी समझना होगा कि जब तक खेलों को रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक खेल प्रतिभागियों में स्पर्धा का वातावरण निर्मित नहीं होगा। अगर खेलों में नौजवानों को अपना भविष्य सुनिश्चित नजर नहीं आएगा तो स्वाभाविक है कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा नहीं लेंगे। खेलों में भविष्य सुरक्षित न होने के कारण ही नौजवानों में उदासीनता है और खेल के क्षेत्र में भारत फिसड्डी देशों में शामिल है। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि खेलों में खराब स्थिति के लिए एकमात्र सरकार की उदासीनता ही जिम्मेदार नहीं है। खेल से विमुखता के लिए काफी हद तक समाज का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज भी देश में एक कहावत खूब प्रचलित है कि 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब'। स्कूलों में भी गुरुजनों द्वारा अकसर बच्चों से कहते सुना जाता है कि दिन भर खेलोगे तो पढ़ोगे कब। इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। बच्चों को खेलने के लिए उत्साहित करना चाहिए। अगर सरकार की नीतियों में खेल से रोजगार का जुड़ाव हो तो फिर माता-पिता के मन में भी बच्चे के भविष्य को लेकर किसी तरह की आशंका-चिंता नहीं रहेगी। खेल के प्रति उत्साहजनक वातावरण निर्मित न होने के कारण ही आज देश अंतरराष्ट्रीय खेल पदकों की फेहरिस्त में निचले पायदान पर रहता है। यह सही है कि अब पहले के मुकाबले कॉमनवेल्थ, ओलंपिक और एशियाड खेलों में भारत के खिलाड़ी उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं। वे पदक जीतकर देश का मान बढ़ा रहे हैं। भारत को अपने पड़ोसी देश चीन से सबक लेना चाहिए कि 1949 में आजाद होने के बाद 1952 के ओलंपिक में एक भी पदक नहीं जीता। लेकिन 32 वर्ष बाद 1984 के ओलंपिक में 15 स्वर्ण पदक झटक लिए। आज चीन हर ओलंपिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुनिया को अचंभित कर रहा है। उचित होगा कि भारत भी चीन की तरह खेल को अपनी शीर्ष प्राथमिकता में शामिल कर अपनी नीतियों को उसी अनुरूप ढाले। इससे अपेक्षित परिणाम मिलना तय है। इसके लिए भारत को गांवों से लेकर नगरों तक के खेल की बुनियादी ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित करना होगा। अच्छी बात है कि भारत की मौजूदा सरकार इस दिशा में ठोस पहल कर रही है। खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है। उचित यह भी होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेल के विकास के लिए ईमानदार और स्पष्ट नीति को लागू कर उसका क्रियान्वयन और अनुपालन कराएं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## रायसीना हिल
विवेक शुक्ला



# देश के अहम फैसलों का मूक गवाह हैं नॉर्थ-साउथ ब्लॉक

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ-नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह कर्तव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था। बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947 में जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था, राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे। 1911 में राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद ब्रिटिश नौकरशाही के लिए बनाए गए ये ब्लॉक 1947 में स्वतंत्र भारत की सत्ता के केंद्र बन गए। विजय चौक पर हर साल होने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह, जो इन दोनों ब्लॉकों के बीच होता है, इनकी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अहमियत को और बढ़ाता है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत 2025 के अंत तक इन्हें संग्रहालय में बदलने की योजना है, लेकिन इनकी वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक कीमत उन्हें हमेशा प्रिय बनाए रखेगी। संजय बारू अपनी किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में लिखते हैं, "1991 में भारत एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय में प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक ऐतिहासिक बजट तैयार किया, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बदल दिया। बजट पेश करने से पहले पूरी गोपनीयता बरती गई थी। जब डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में अपना भाषण खत्म किया, तो उन्होंने विक्टर ह्यूगो के शब्दों को उद्धृत किया: 'कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है।" इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे। हालांकि साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के ऑफिस जल्द ही दूसरी जगह शिफ्ट होंगे, एक चीज़ नहीं बदलेगी, बंदर। दशकों से, सैकड़ों बंदर इन ब्लॉकों के आसपास परेशानी का सबब बने हुए हैं। वे कर्मचारियों के हाथों से खाना छीन लेते हैं और कभी-कभी तो अहम फाइलें और दस्तावेज़ भी लेकर भाग जाते हैं। बहरहाल, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक सिर्फ़ पत्थर और ईंट की इमारतें नहीं हैं, बल्कि भारत के हर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव के मूक गवाह हैं।

( ये उनके अपने विचार हैं।)


# पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
**दर्शन**

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### राजनीति में आकर नेता अपने वादे भूल जाते हैं

अगर किसी को अमीर बनना है तो वो राजनीति में आ जाए। भीड़ में से एक इनसान को चुना जाता है ताकि वो लोगों की तकलीफों को दूर करे। लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि अपने वायदे भूल जाते हैं। हमारे देश भारत में राजनीति के नकारात्मक पहलू देखे जा सकते हैं। जो भी राजनीति में आता है, अमीर ही अमीर बनता जाता है।क्या नेता, लोगों की गरीबी को दूर करते-करते अमीर हो गए हैं या कुछ और? न्यूज चैनल वाले बताते हैं कि किस जगह का कौनसा नेता कितना अमीर है, कितनी संपत्ति है उसके पास। क्या इन लोगों को पता है कौन कितना गरीब होता जा रहा है, कितनों के पास दो टाइम का खाना नहीं है, कितने लोग बिना छत के हैं। जितनी सैलरी नेताओं को दी जाती है, उतनी अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को भी नहीं दी जाती है।

*- नरेन्द्र तिवारी, सरायपाली*

## ट्रेंड

### यूनिवर्सिटी विशेष बसें



आज से शुरू हुईं 25 यूनिवर्सिटी विशेष बसें विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और समर्पित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इन बसों का शेड्यूल कॉलेज टाइमिंग्स के साथ तालमेल में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### तृणमूल छात्र परिषद



तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई। बंगाल को और भी उन्नत व मजबूत बनाने के लिए हमारे संघर्ष में वे भी शामिल हैं। मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहती हूं, किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। अपना मस्तक ऊंचा करके जिएं।

**-ममता बेनर्जी, सीएम, पं. बंगाल**

### किसान-व्यापारी बर्बाद होंगे



आज हमारा देश दो तरफ़ से मार खा रहा है। एक तरफ़ ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाकर हमारी इंडस्ट्री को खत्म करने की साजिश की और दूसरी तरफ़ मोदी जी ने अमेरिका के माल पर टैरिफ ही हटा दिया। अब भारत का किसान और व्यापारी दोनों बर्बाद होंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### एसआईआर की जरूरत




झारखंड में 2019-24 के बीच मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम जुड़े हैं। यहां एसआईआर की सख्त जरूरत है, राज्य सरकार को इस प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग करना चाहिए।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर


# विदेशी छात्रों का अमेरिका में रहना अब होगा सीमित



ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को 'एफ' वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है। डीएचएस प्रवक्ता ने कहा, लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को अमेरिका में लगभग अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ है, करदाताओं के पैसे की भारी हानि हुई है, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान हुआ है।प्रवक्ता ने कहा, यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित कर इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## पन्ना के श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन

# रासलीला में मटकी फोड़ का मनोहारी दृश्य हर तरफ गूंजे 'गोविंदा आला रे' के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से 27 से 31 अगस्त तक राधाष्टमी के अवसर पर श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में प्रतिदिवस रासलीला, भक्ति गायन एवं प्रदेश के स्थानीय लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है। समारोह के दूसरे दिन पूर्वरंग अंतर्गत चंदा कुशवाहा एवं साथी, छतरपुर द्वारा भक्ति गायन में कृष्ण भजन गोरी के नंदन है अभिनन्दन बाजो बाबा गणेश भले जू..., मेरा कान्हा भोला..., महीना बीत गया श्याम को पता नईया..., दिल में श्याम नाम की ज्योति जला के देख..., जैसे भजन एवं लोक गीत की प्रस्तुति दी।

### मटकी फोड़, माखन चोरी, नारद प्रसंग को किया मंचित

अगले क्रम में माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलाकारों ने मटकी फोड़, माखन चोरी, नारद प्रसंग को मंचित किया। 30 कलाकारों के समूह ने कार्यक्रम में बुधवार की रात मटकी फोड़ का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना। जैसे ही श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखाओं के साथ मिलकर ऊंचाई पर टंगी दही-हांडी को फोड़ा, पूरा पंडाल 'गोविंदा आला रे' और जय-जयकार से गूंज उठा। रासलीला के इस विशेष दृश्य में बालकृष्ण की चंचलता और उनके नटखट स्वभाव को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने श्रीकृष्ण और उनके सखा-सखियों की भूमिका में अद्वितीय प्रदर्शन किया। मंच पर जैसे ही मटकी फोड़ी गई, मंच के ऊपर से दही और फूलों की वर्षा हुई, जिससे दर्शक भावविभोर हो उठे। वहीं कलाकारों ने माखन चोरी, नारद प्रसंग भी मंचित किया।

### फागें गा कर किया बुंदेलखंड का राई नृत्य

राजू यादव एवं साथी- छतरपुर द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यह नृत्य बुंदेलखंड के जनमानस का हर्ष और उल्लास अभिव्यक्त करता है। इस नृत्य में कलाकार फागें गा कर नृत्य करते हैं। राई के गीत ख्याल, स्वांग आदि और भी कई प्रकार के होते हैं। मृदंग की थाप पर घुंघरुओं की झंकारती राई और उसके साथ नृत्यरत स्वांग मनोरंजन के साथ परंपरा को व्यक्त करते हैं। राई नृत्य के साथ यहां विशेषतः सुप्रसिद्ध लोक कवि ईसुरी की फागें भी गाई जाती हैं।



# युवा आगाज युवा आवाज युवा सम्मेलन 2025' आज से रवींद्र भवन में

*केजल सावला, नागेश्वर पांचाल, माणक मटियानी, गौतम गौरी जैसी प्रमुख हस्तियां करेंगी सत्र को मोडरेटर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिनर्जी संस्थान द्वारा दो दिवसीय युवा आगाज 'युवा आवाजः युवा सम्मेलन 2025' का आयोजन 29 और 30 अगस्त को रविंद्र भवन में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 300 से अधिक प्रतिभागी (युवा, सिविल सोसाइटी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और विशेषज्ञ) एक साथ जुटेंगे। सम्मेलन में 70 से अधिक वक्ता और 12 से अधिक युवाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें रोजगार और उद्यमिता, लैंगिक समानता, डिजिटल दुनिया, जलवायु संकट, लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी, मानसिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्थलों का पुनर्निर्माण और सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे।

### सुनील जैकब, जॉन किंग्सली करेंगे उद्घाटन

उद्घाटन सत्र में विश्वास कैलाश सारंग (खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, म.प्र.), जॉन किंग्सली (आईएएस), अनिल गुलाटी यूनिसेफ, सुनील जैकब (यूएनएफपीए), और प्रतिभा श्रीवास्तव (डब्ल्यू एचएच उपस्थित रहेंगी। इसमें विशेष आकर्षण के रूप में युवा अभिव्यक्ति सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें मुंबई से आए लोकप्रिय गायक और कवि कविश सेठ सहित विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### सिनर्जी संस्थान के बारे में

सिनर्जी संस्थान युवाओं द्वारा प्रारंभ की गई एक स्वैच्छिक संस्था है, जो लगभग दो दशकों से मध्यप्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, नेतृत्व और आजीविका जैसे मुद्दों पर युवाओं के साथ काम कर रही है। इस युवा सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं के मुद्दों को हाशिए से मुख्यधारा में लाना और उन्हें संवाद व कार्रवाई के केंद्र में स्थापित करना है।


### यह होंगे मुख्य वक्ता



'भारत में युवा होना - आशाएं, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर 'ब्लू रिबन मूवमेंट और विजडम ट्री' केजल सावला मोडरेटर की भूमिका निभाऐंगी।



'कौशल और भविष्य से आजीविका के लिए तत्परता और उद्यमिता' विषय पर 'मेरा गांव मेरी दुनिया' से अपनी अलग पहचान बनाने वाले नागेश्वर पांचाल होंगे मोडरेटर।



'लैंगिक असमानता और पुरुषत्व' विषय पर नारीवादी समलैंगिक कार्यकर्ता माणक मटियानी, मोडरेटर की भूमिका निभाऐंगे।



डिजिटल दुनिया में बढ़ते हुए कदम पर मॉडरेटर होंगी गौतम गौरी।

*अंतर्विभागीय युवा पहचान विषय पर मोडरेटर होंगे मोहसिन खान, अंश हैप्पीनेस सोसाइटी।*

जलवायु संकट के दौर में युवा को मोडरेट करेंगी कीर्ति जैन।

## इंडियनप्रेन्योर ने आयोजित किया समारोह



# डॉ. तिवारी को मिला राष्ट्रीय सम्मान, बने इंडिया मोस्ट विजनरी वाइस चांसलर-2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल के कुलगुरु डॉ. नरेश कुमार तिवारी को एडएक्स अवॉर्ड 2025 में इंडिया मोस्ट विजनरी वाइस चांसलर इन हायर एजुकेशन डेटा ड्रिवन यूर्निवसिटी ट्रांसफार्मेशन सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार इंडियनप्रेन्योर द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर देशभर के कई नामी शिक्षाविद् और उद्योग जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। आयोजकों ने डॉ. तिवारी को विशेष रूप से विश्वविद्यालय में किए गए डेटा-ड्रिवन नवाचार, शिक्षा में सुधार और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए सराहा। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं बल्कि पूरी सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी परिवार के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। हमारा संकल्प है कि शिक्षा को नई दिशा देकर विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्रदान की जाए।

# बीएसएसएस के छात्र पहुंचे चिड़ी-खो, स्थापत्य और आध्यात्मिक परंपराओं को जाना

मिट्टी की दीवारों वाले कमरे, लकड़ी के अंदरूनी भाग का किया अनुभव

शैक्षणिक अनुभव को यादगार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के वाणिज्य विभाग ने चिड़ी-खो, नरसिंहगढ़-कोटरा का एक दिवसीय सह-शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया, जिससे छात्रों को क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पारिस्थितिक विरासत, गृह प्रवास और ग्रामीण पर्यटन का अनुभव मिले। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम), जिला पंचायत राजगढ़ के जिला प्रबंधक आशीष कौशिक और दृष्टि सक्सेना के सहयोग से आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव-स्किल, ट्रिपवंजा की सीईओ और मध्य प्रदेश की एकमात्र महिला टूरिस्ट गाइड, दृष्टि सक्सेना के अथक प्रयासों से निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित हुए और शैक्षिक अनुभव को यादगार और सार्थक बनाया गया।





### 16 खंभे हाजिब अली दरगाह, श्याम जी मंदिर का किया भ्रमण

यात्रा में 16 खंभे हाजिब अली दरगाह, श्याम जी मंदिर, लौर्दू मठ चर्च-कोटरा सहित महत्वपूर्ण स्थल शामिल थे, जिससे क्षेत्र की स्थापत्य और आध्यात्मिक परंपराओं की जानकारी मिली। छात्रों को चिड़ी खो झील के मनोरम दृश्य का अनुभव कराने और पक्षी दर्शन में भाग लेने का अवसर भी मिला, जिससे जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ी। छात्रों ने कोटरा गांव (राधा होमस्टे और जानकी होमस्टे) में होमस्टे के अनुभव की दृश्य झलकियां देखीं। ये चित्र पारंपरिक ग्रामीण वास्तुकला को देहाती आकर्षण के साथ मिश्रित रूप में दर्शाते है। मिट्टी की दीवारों वाले कमरे, लकड़ी के अंदरूनी भाग, सादा लेकिन आरामदायक साज-सज्जा, जो एक होमस्टे का एहसास दिलाते हैं। साइट विजिट के साथ भ्रमण में स्थानीय हस्तशिल्प कार्यशाला, मिट्टी के बर्तन बनाने का काम और पारंपरिक आदिवासी व्यंजनों का स्वाद लेना भी शामिल था जिससे छात्रों को स्वदेशी प्रथाओं और जीवन शैली का ज्ञान प्राप्त हुआ। लगभग तीन घंटे तक चलने वाले 7.5 किलोमीटर के ट्रेक ने सहनशक्ति, टीम वर्क और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता ने भ्रमण के शैक्षिक मूल्य को और बढ़ाया। इस भ्रमण का समन्वय डॉ. सुषमा एस. टिर्की और डॉ. अमृता साहू ने किया।

# क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में 'जैविक संग्रह का संरक्षण' पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 20 हाई स्कूल शिक्षकों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में जैविक संग्रह का संरक्षण विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों के विद्यालयों में कार्यरत 20 हाई स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के आरंभ में संग्रहालय की कार्यालय अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक-डी डॉ. बीनिश रफत ने संरक्षण तकनीकों एवं आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। इसके बाद कार्यशाला के प्रथम सत्र में संग्रहालय के वैज्ञानिक-सी मानिक लाल गुप्त एवं वरिष्ठ शिक्षा सहायक अस्मिता चौधरी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को संग्रहालय के कंकाल दीर्घा, प्रकृति का ताना बाना दीर्घा, मध्य प्रदेश की नदियां दीर्घा, अंधेरे में जंगल दीर्घा, खोज केंद्र, प्लास्टिक प्रदुषण से मुक्ति, अस्थायी प्रदर्शनी, औषधीय उद्यान आदि का भ्रमण कराया। इसी क्रम में संग्रहालय की कार्यालय अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक-डी डॉ. बीनिश रफत ने वेट प्रिजर्वेशन की तकनीक के बारे में बताया।

### *हरबेरियम बनाने की विधि पर विस्तार से की चर्चा*

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में डॉ. सुदेश आर. वाघमारे, पूर्व उप वन संरक्षक ने हरबेरियम बनाने की विधि बताए एवं रसायनों के उपयोग, संग्रहण की विधि और हरबेरियम को प्रेस करने की विधि और हरबेरियम शीट के बारे में भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## लघुकथा शोध केंद्र का सम्मान समारोह आयोजित

# पुस्तकालय को भेंट की कृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा विगत दिनों अखिल भारतीय अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्रीय कविता सम्मान से सम्मानित रामनिवास मानव एवं संत सिंगा लोक भाषा प्रादेशिक सम्मान से सम्मानित विजय जोशी का लघुकथा कथा केंद्र समिति द्वारा उनकी इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानव ने केंद्र को अपनी कृतियों पुस्तकालय हेतु भेंट की तथा केंद्र की और से लघुकथा शोध केंद्र समिति की निदेशक कांता रॉय ने उड़ान तथा अपना कहानी संग्रह रानो भेंट किया।

# भोपाल में होगा दो दिवसीय अखिल भारतीय प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग

## 30 व 31 अगस्त को देशभर से स्वदेशी कार्यरत महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के लिए देश में मातृशक्ति की सक्रिया भूमिका और दिशा की स्पष्टता के लिए अखिल भारतीय प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग आयोजित किया जा रहा है।

30 व 31 अगस्त को आयोजित इस दो दिवसीय वर्ग में देशभर से स्वदेशी कार्यरत महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी। डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी, अखिल भारतीय महिला कार्य सह प्रमुख, प्रतिभा शुक्ला लघु उद्योग भारती, सीमा भारद्वाज मध्य भारत प्रान्त प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच महिला प्रकोष्ठ ने बताया कि स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग का आयोजन राजधानी के राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में किया जाएगा। 30 अगस्त को सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. चंद्र चारू त्रिपाठी, स्वदेशी जागरण मंत्र के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार शामिल होंगे। 31 अगस्त को समापन सत्र दोपहर 1 बजे आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, पूर्व मुख्य सचिव मप्र वीरा राणा, स्वदेशी जागरण मंत्र के राष्ट्रीय संयोजक आरके सुन्दरमं, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल शामिल होंगे।



## उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर दिया प्रजेंटेशन

**भोपाल।** उज्जैन सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की कड़ी में पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष एक निजी कंपनी के द्वारा प्रयागराज कुंभ के अनुभवों पर एक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पुलिस अफसर जुड़े एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# शौर्य स्मारक में सैन्य फिल्म 'द साइलेंट आर्मे' का प्रदर्शन

## नौसैनिक जोश और हौसले की कहानी कहती 'द साइलेंट आर्मे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समंदर की गहराई से देश की सुरक्षा में तैनात पनडुब्बियों का योगदान और उपयोगिता पर आधारित सैन्य फिल्म 'द साइलेंट आर्मे' शौर्य स्मारक के मुक्ताकाश मंच की स्क्रीन पर गुरुवार शाम दिखाई गई। फिल्म्स डिवीजन ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में भारतीय नौसेना की पनडुब्बियां और उनके अंदर सुरक्षा का फर्ज निभाते वीर नौसैनिकों की कार्यप्रणाली तथा दिनचर्या को दिखाया। नौसैनिक पनडुब्बियां किस तरह समंदर की गहराई में उतारी जाती हैं, कैसे संचालित किया जाता हैं और कैसे संचारतंत्र के जरिए नौसेनिकों के बीच निर्देशों का आदान-प्रदान किया जाता हैं। ये सब इस फिल्म के माध्यम से दिखाया गया।



### सामान्य परिस्थितियों में सैनिकों की भूमिका को दर्शाया

फिल्म में दिखाया कि युद्धकाल के अलावा सामान्य परिस्थितियों में सैनिकों की भूमिका और उपयोगिता क्या हैं एवं इनके अंदर काम करने के तौर-तरीके क्या हैं ये सब रोमांचक गतिविधियां इस फिल्म में दिखाई गई। समीरन दत्ता निर्देशित इस सैन्य फिल्म का निर्माण विजय बी.चंद्र द्वारा किया गया। शुक्रवार शाम मुक्ताकाश मंच पर सैन्य फिल्म फॉमीर्डेबल फ्रंटियर्स प्रदर्शित की जाएगी। यह फिल्म दुर्गम सीमाओं की रक्षा के लिए तैनात सिपाहियों की कठिनाइयों एवं परिस्थितियों पर आधारित है।

## राजधानी के समाचार

# बस से उतर रहे बुजुर्ग की जेब से सवा 8 हजार झपटकर भागे बदमाश, यात्री ने एक दबोचा

शिकायत के बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एम्स के पास गुना से अपने बीमार रिश्तेदार को देखने आए 65 साल के बुजुर्ग के कुर्ते की जेब से दो बदमाशों ने 8 हजार 340 रुपए निकाल लिए। घटना एम्स के गेट नंबर 3 के सामने सिटी बस से उतरते समय हुई। बस में सवार यात्रियों ने एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि एक बदमाश रुपए लेकर भागने में कामयाब हो गया था। बाद में बाग सेवनिया पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी की निशानदेही पर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लूटी रकम बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला गुना निवासी राधेश्याम मीना (65) का कोई रिश्तेदार एम्स में भर्ती है। गुरुवार सुबह वह अपने एक साथी के साथ बीमार रिश्तेदार को देखने गुना से भोपाल पहुंचे थे। सुबह करीब साढ़े 11 बजे वे दोनों सिटी बस में सवार होकर एम्स पहुंचे और गेट नंबर तीन पर बस से उतरने का प्रयास करने लगे। तभी राधेश्याम मीना के पास बस के गेट खड़े दो बदमाशों में से एक बदमाश ने उनका हाथ पकड़ लिया, जबकि दूसरे बदमाश ने उनके कुर्ते की जेब से 8 हजार 340 रुपए निकाल लिए और बस से कूदकर भाग निकला। थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि बस के गेट पर खड़े राधेश्याम मीना के साथी और एक अन्य यात्री ने मिलकर पहले वाले बदमाश को पकड़ लिया।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पब्लिक की गिरफ्त में आए आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी से की गई पूछताछ में रकम ले कर फरार हुए आरोपी की पहचान हुई और पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर रकम बरामद कर ली। आरोपियों के नाम मधु पाइकराव और सुनील शर्मा बताए गए हैं। उनसे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# मोबाइल चोरी या गुम होने पर घबराएं नहीं, संचार साथी को करें रिपोर्ट

## दूरसंचार विभाग ने मोबाइल सुरक्षा, स्पैम नियंत्रण और 4जी विस्तार में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर महानिदेशक दूरसंचार रामजी तिवारी ने गुरुवार को बताया कि दूरसंचार विभाग राज्य में दूरसंचार सुरक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दूरसंचार सुरक्षा एवं नागरिक जागरुकता के क्षेत्र में 'संचार साथी पोर्टल' नागरिकों को कई सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसके माध्यम से नागरिक अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, खोए, चोरी हुए मोबाइल की रिपोर्ट सीईआईआर पर दर्ज कर सकते हैं, मोबाइल हैंडसेट की सत्यता जांच सकते हैं तथा संदिग्ध, स्पैम कॉल और एसएमएस की रिपोर्ट भी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 'फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर' प्रणाली शुरू की गई है, जो बैंकों, यूपीआई प्रदाताओं और अन्य वित्तीय संस्थानों को साइबर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों की पहचान करने में सहायक है। इस उद्देश्य से मध्य प्रदेश में दूरसंचार विभाग, कानून प्रवर्तन एजेंसियों एवं सेवा प्रदाताओं की संयुक्त टास्क फोर्स गठित की है। प्रदेश में अब तक 1.24 लाख से अधिक डिवाइस ब्लॉक किए, 80 हजार से अधिक डिवाइस ट्रेस किए और 26,611 मोबाइल फोन रिकवर किए जा चुके हैं, जिनकी कीमत करीब 10.35 करोड़ है। इसके अतिरिक्त लगभग 95,000 संदिग्ध नंबर, जो स्पैम गतिविधियों में प्रयुक्त हो रहे थे, को डिस्कनेक्ट किया है। नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी डिस्प्ले, दूरदर्शन मध्य प्रदेश के कार्यक्रम तथा रेलवे स्टेशनों के माध्यम से संदेश लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं।

# बिहार विस चुनावः एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय, जेडीयू 102, भाजपा 101 और चिराग को मिलेंगी 20 सीटें!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं इससे पहले एनडीए ने सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तय कर लिया है। हालांकि इसकी अभी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि जेडीयू 102, भाजपा 101 और चिराग पासवान की पार्टी को 20 सीटें दी गई हैं। वहीं जीतनराम मांझी की और और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 10-10 सीटें दिए जाने पर सहमति बनी है। इससे पहले चिराग और मांझी 40-40 और उपेंद्र कुशवाहा 15 सीटों की आस लगाए बैठे हुए थे। संभावना है कि एनडीए जल्द ही ऐलान हो सकता है। इस दौरान जेडीयू और भाजपा में 1-2 सीटों का अंतर हो सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 17, जेडीयू ने 16, एलजेपी ने 5 और जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने एक-एक सीट पर चुनाव लड़ा था। लोस में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा लड़ी थी, लेकिन विधानसभा में जेडीयू, भाजपा से एक-दो ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

*लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़ा था*

*चिराग और मांझी 40-40 और उपेंद्र कुशवाहा 15 सीटों की आस लगाए बैठे हुए थे*

### हम और आरएलएम 10-10 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



### जेडीयू की 13 और भाजपा की 9 सीटें घटेंगी

2020 के चुनाव से तुलना करें तो इस बार भाजपा की 9 सीटें घट रही हैं, वहीं जदयू जो 115 सीटों पर लड़ी थी, उसे इस बार 13 सीटों पर कॉम्प्रोमाइज करना पड़ेगा। इनकी घटाई गई सीटें लोजपा और बाकी दलों में बंटेंगी। पिछले चुनाव में एनडीए में चार पार्टियां ही थीं। इसमें जदयू और भाजपा ने अपने कोटे से हम को 7 और वीआईपी को 11 सीटें दी थीं।

### 2020 में 135 सीटों पर लड़ी लोजपा

2020 का चुनाव तत्कालीन लोजपा ने अकेले लड़ा था। पार्टी ने 135 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। हालांकि एक सीट पर ही जीत मिली थी। लोजपा ने खासतौर से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के खिलाफ अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, जबकि भाजपा के खिलाफ प्रत्यक्ष रूप से नहीं लड़ा। हालांकि जून 2021 में लोजपा में टूट हुई और पशुपति पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) बनी, जबकि चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) है, जो इस बार के चुनाव में एनडीए का हिस्सा है।

### नीतीश की अगुवाई में लड़ा जाएगा चुनाव

सूत्रों के अनुसार, एनडीए ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ा जाएगा। अगर एनडीए चुनाव जीतता है तो नीतीश कुमार ही ये तय करेंगे कि आगे की रणनीति क्या होगी। सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम निर्णय वे स्वयं लेंगे।

### इंडिया ब्लॉक ने भी शुरू की तैयारियां

वहीं, दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन (जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के खिलाफ जनजागरूकता अभियान शुरू किया है।

### विपक्ष में अब भी खींचातानी!

एनडीए इस बार छोटे दलों को भी मजबूती से साथ रखना चाहता है। यही वजह है कि इस बार उनकी ताकत को देखते हुए उन्हें ज्यादा महत्व दिया है। जहां एनडीए में सीट बंटवारे की तस्वीर लगभग साफ है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के बीच अभी बातचीत जारी है। सूत्रों के मानें तो महागठबंधन के कई दल आपस में उलझे हैं। इससे विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति बनी है। भाजपा और जेडीयू भले ही कम सीटों पर लड़ें, लेकिन छोटे दलों को मजबूत करके गठबंधन को एकजुट बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बस ने कुचलाः परिवार के 4 लोगों की मौत

**मंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के तलापडी में बृहस्पतिवार को कासरगोड से मंगलुरु जा रही केएसआरटीसी की एक बस के ब्रेक फेल होने के बाद बस स्टैंड व एक ऑटो-रिक्शा से टकराने की दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।




### हरियाणा में 25 से लागू होगी लाडो लक्ष्मी योजना

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने राज्य में 25 सितंबर से 'लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने का ऐलान किया है। इसके तहत पात्र महिलाओं को 2,100 रुपए की मासिक सहायता दी जाएगी। लाडो लक्ष्मी योजना लागू करना हरियाणा में भाजपा के चुनावी वादों में शामिल था। सैनी ने इस फैसले की घोषणा की।



### ऑनलाइन-मनी बेस्ड खेलों पर लगाए बैन को चुनौती

**बेंगलुरु।** भारत की एक ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ए 23 ने गुरुवार को मोदी सरकार की ऑनलाइन-मनी बेस्ड खेलों पर लगाए गए बैन को चुनौती देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से हस्ताक्षर करने के बाद इस कानून के खिलाफ कोर्ट में यह पहली याचिका दाखिल की गई है।



### मराठा आरक्षण कार्यकर्ता की हार्ट अटैक से मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के जुन्नार के निकट मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के 40 वर्षीय एक समर्थक की बृहस्पतिवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जरांगे और उनके समर्थक आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन करने के लिए मुंबई की ओर कूच कर रहे हैं।




## सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई संभल हिंसा की रिपोर्ट

# दहशत के चलते संभल में तेजी से घटी हिंदुओं की संख्या, 45 प्रतिशत थे अब 15 प्रतिशत बचे

### साढ़े 4 सौ पन्नों की रिपोर्ट में 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र नहीं, ऐतिहासिक दंगों की दी विस्तार से जानकारी

- 1947 में संभल नगर पालिका क्षेत्र में हिंदू 45% और मुस्लिम 55% थे
- अब हिंदू घटकर सिर्फ 15% रह गए, मुस्लिम आबादी 85% तक पहुंच गई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते वर्ष में हुई हिंसा के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 450 पृष्ठों की एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का जिक्र है, बल्कि संभल के इतिहास में हुए दंगों की संख्या और उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी विवरण दिया गया है। रिपोर्ट पहले राज्य कैबिनेट के समक्ष पेश की जाएगी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इसे सदन में रखा जाएगा। विस्तृत रिपोर्ट में संभल में हिंदुओं की घटती आबादी का कारण भी बताया गया है और दंगों की साजिशों का भी जिक्र है। 24 नवंबर 2024 को संभल की मस्जिद में सर्वे करने के दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया था। संभल में हिंसा पर न्यायिक जांत रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी जिक्र है, जहां कभी यहां की 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी, लेकिन यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत रह गई है। बता दें कि संभल में पिछले साल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें 4 लोगों की जान गई थी। 29 नवंबर, 2024 को यूपी सरकार ने हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया था। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, रिटायर्ड आईएएस अमित मोहन और रिटायर्ड आईपीएस अरविंद कुमार जैन शामिल थे। माना जा रहा है कि रिपोर्ट में बाबर के दमन के साक्ष्य के साथ डेमोग्राफिक बदलाव, दंगे और आतंकी नेटवर्क पर बड़ा खुलासा किया गया है। रिपोर्ट को बेहद गोपनीय बताया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई रिपोर्ट में संभल जनपद को लेकर कई गंभीर और चौंकाने वाले तथ्य दर्ज हैं। इस रिपोर्ट से बड़े मामले सामने आएंगे।



### हिंसा में विदेशी हथियार का प्रयोग

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि सम्भल में 1947, 1948, 1953, 1958, 1962, 1976, 1978, 1980, 1990, 1992, 1995, 2001, 2019 में दंगे हुए। जो आजादी के बाद से अबतक 15 हैं। वहीं यह भी कहा गया है कि संभल कई सारे आतंकवादी संगठनों का अड्डा बन चुका है। इसके अलावा संभल दंगों में विदेशी हथियार का प्रयोग किया गया था।

### रिपोर्ट में क्या-क्या कहा गया?

- रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया हरिहर मंदिर पर बाबर काल के साक्ष्य मिले हैं
- हरिहर मंदिर की नींव में बाबरी काल के प्रमाण मिले हैं
- जिस पर ऐतिहासिक विवाद फिर गहरा सकता है
- डेमोग्राफिक बदलाव का बड़ा सच
- तुष्टिकरण, योजनाबद्ध दंगे और डर का माहौल इस बदलाव की प्रमुख वजहें मानी गई हैं
- दंगों की पूरी श्रृंखला का ब्योरा
- रिपोर्ट में 1947 से 2019 तक 15 बड़े दंगों का दस्तावेजी विवरण
- दंगों में सबसे अधिक नुकसान हिंदू समुदाय को हुआ

### हिंसा पूर्वनियोजित थीः रिपोर्ट

सूत्रों के हवाले से संभल हिंसा जांच कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा पूर्वनियोजित और षड्यंत्र का नतीजा थी। नमाजियों को उकसाने के लिए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने कहा था कि हम इस देश के मालिक हैं। सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, विधायक के पुत्र सुहैल इकबाल और इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी मुख्य भूमिका में थे। आरोप है कि संभल जामा मस्जिदकी इंतेजामिया कमेटी ने मिलकर साजिश रची। 22 नवंबर को नमाजियों को संबोधित करते हुए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि हम पुलिस प्रशासन सरकार से दबने वाले थोड़ी हैं, अरे हम इस देश के मालिक है नौकर, गुलाम नहीं हैं'। मैं खुले रूप से कह रहा हूं कि मस्जिद थी, मस्जिद है, इंशा-अल्ला मस्जिद रहेगी कयामत तक। जिस तरह अयोध्या में हमारी मस्जिद ले ली गई, वैसा यहां नहीं होने देंगे।

### सर्वे की बात कैसे हुई थी लीक

रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 नवंबर को हुए दंगे पर साजिशकर्ता को ये पता था कि वहां सर्वे होना है। संभवतः वहीं से सर्वे की बात लीक हुई और भीड़ जुटी। वहां अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा भी था। रिपोर्ट में पिछले दंगों की तिथियां, उनमें हुई जनहानि, प्रशासनिक कार्रवाई और उसके बाद की स्थिति का भी पूरा विवरण शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग संजय प्रसाद ने बताया कि संभल में हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने आज मुख्यमंत्री को सौंप दी।

# राजस्थान में एसआई भर्ती परीक्षा रद्द, ट्रेनिंग पर थे तो कुछ की पोस्टिंग हो गई थी

2021 में हुई परीक्षा में पेपर लीक हुआ और करीब सवा सौ लोगों की गिरफ्तारी हुई

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने अपना बड़ा फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद भर्ती परीक्षा को आखिरकार रद्द कर दिया है। यह परीक्षा लंबे समय से विवादों में बनी हुई थी। इस परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) जांच कर रही थी। इस एसआईटी की लीडिंग जांच एजेंसी एसओजी इस मामले में अब तक 50 से ज्यादा ट्रेनी थानेदारों को गिरफ्तार चुकी है। इनमें से अधिकांश को पुलिस सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। हाईकोर्ट की जस्टिस समीर जैन की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया है। एसआई पेपर लीक केस में अब तक दर्जनों अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। परीक्षा में चयनित थानेदारों को ट्रेनिंग के बाद फील्ड पोस्टिंग मिल चुकी है। परीक्षा में फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद से ही इस पर संकट के बादल मंडराने लग गए थे। यह परीक्षा 859 पदों के लिए हुई थी। इसे सूबे की सबसे बड़ी एजेंसी राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने आयोजित करवाया था। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में यह परीक्षा बड़ा मुद्दा थी। सरकार ने जांच एसआईटी से कराने का ऐलान किया था। उसके बाद भजनलाल सरकार सत्ता में आई. उसने आते ही राजस्थान में पेपर लीक केस की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया।

### 50 ट्रेनी थानेदार गिरफ्तार

इस एसआईटी की कमान सूबे के वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर वीके सिंह को सौंपी गई। उसके बाद एसआईटी ने केस की जांच शुरू की तो फिर इसकी कलइयां खुलने लग गईं। जांच में सामने आया कि एसआई का पेपर जयपुर से लीक हुआ था। बाद में पेपर माफियाओं ने यह पेपर 15 से 20 लाख रुपये लेकर कई कैंडिडेट्स को पढ़ाया था। एसआईटी ने इस केस में अलग-अलग चरणों में 50 से ज्यादा ट्रेनी थानेदारों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। बाद में उन सबको बर्खास्त कर दिया गया। इस केस में अब तक करीब सवा सौ आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इनमें पेपर माफिया दलाल, परीक्षा एजेंसी आरपीएससी के सदस्य और पेपर खरीदने वाले अभ्यर्थी शामिल हैं। जांच के बाद सरकार ने इस परीक्षा को रद्द करने या नहीं करने पर फैसला करने के लिए कैबिनेट सब कमेटी बनाई थी। इस सब कमेटी ने परीक्षा रद्द नहीं करने की अनुशंषा की थी।

## एसआईआर पर ममता ने बोला हमला

# जब तक मैं जिंदा हूं... पश्चिम बंगाल में नहीं छिनेगा मताधिकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है। कोलकाता में टीएमसी की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए, बेनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से 500 से ज्यादा टीमें पश्चिम बंगाल में तैनात की हैं। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने रैली में कहा, आपको खुद जांच करनी चाहिए कि आपका नाम अभी भी मतदाता सूची में है या कट गया है... आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके पास आधार कार्ड हैं। सीएम ममता ने आगे कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने दूंगी।

## मगर क्राइम सीन पर नहीं मिले सबूत

# निक्की ने अस्पताल में कहा था सिलेंडर फटने से लगी आग

एजेंसी ▶▶ नोएडा



निक्की की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। फोर्टिज अस्पताल के डॉक्टर और नर्स ने पुलिस को बताया कि भर्ती के वक्त निक्की ने खुद कहा था कि घर में गैस सिलेंडर फटने से आग लगी थी। हालांकि, पुलिस को क्राइम सीन पर सिलेंडर विस्फोट के कोई सबूत नहीं मिले हैं, जिससे जांच नए सवालों की ओर बढ़ गई है। दोनों ने अपने बयान में बताया कि जब निक्की को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उस समय वह होश में थी और बातचीत कर रही थी। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, निक्की ने ही उन्हें बताया था कि घर में सिलेंडर फटने से आग लगी थी। हालांकि,क्राइम सीन की पड़ताल के दौरान पुलिस को कहीं भी गैस सिलेंडर फटने जैसे सबूत नहीं मिले थे। अस्पताल में सिलेंडर फटने की बात क्यों कही थी। शक यह भी जताया जा रहा है।

## अनुबंध पर दोबारा नियुक्ति को मंजूरी

# रेलवे बोर्ड चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार बने रहेंगे, मिला एक साल का सेवा विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह सीईओ सतीश कुमार को उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी पद पर बनाए रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने सतीश कुमार को एक साल का सेवा विस्तार देने के फैसले पर मुहर लगा दिया है। एक साल के सेवा विस्तार के साथ सतीश कुमार का कार्यकाल बतौर रेलवे बोर्ड चेयरमैन सीईओ अब 31 अगस्त 2026 तक रहेगा।

**क्यों मिला विस्तारः** सरकार ने रेलवे में जारी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए सतीश कुमार को विस्तार दिया है।

### प्रमोशन चेन पर पड़ेगा असर



सतीश कुमार को मिले सेवा विस्तार से रेलवे बोर्ड में प्रमोशन की राह ताक रहे कई वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से असर पड़ेगा। दो से तीन वरिष्ठ अधिकारी, जो वरिष्ठता क्रम में अध्यक्ष पद के दावेदार थे। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर अन्य ग्रेड के अधिकारियों तक भी पड़ेगा क्योंकि शीर्ष पद खाली न होने से नीचे तक प्रमोशन चेन रुक जाती है। कुछ पूर्व बोर्ड सदस्य और विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े प्रोजेक्ट्स के बीच में नेतृत्व बदलने से काम की रफ्तार पर असर पड़ता है, इसलिए निरंतरता जरूरी है।

**रेलवे में सेवा विस्तार का पैटर्नः** सतीश कुमार को दिया गया यह विस्तार कोई नया अपवाद नहीं है। पिछले एक दशक में कई बार रेलवे बोर्ड अध्यक्षों को सेवा विस्तार दिया गया है।

*धर्मों के लोगों के बीच भूमि लेनदेन के लिए एसओपी*

# असम में हिंदू अब सीधे मुस्लिम को नहीं बेच पाएंगे खुद की जमीन

एजेंसी ▶▶ दिसपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि असम मंत्रिमंडल ने विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच भूमि लेनदेन के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की है। नए नियमों के तहत यदि कोई हिंदू किसी मुस्लिम को, कोई मुस्लिम किसी हिंदू को, या कोई अन्य धर्म जैसे ईसाई, बौद्ध या जैन धर्म के व्यक्ति को जमीन बेचता है, तो इसे 'अंतर-धार्मिक लेनदेन' माना जाएगा और इसे विस्तृत सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा। कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम सरमा ने कहा कि असम जैसे संवेदनशील राज्य में दो धार्मिक समूहों के बीच भूमि हस्तांतरण को बहुत सावधानी से संभालने की जरूरत है। इसलिए यह एसओपी बनाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एसओपी केवल 'अंतर-धार्मिक लेनदेन' के लिए लागू होगी।

### एनजीओ पर भी नजर



मुख्यमंत्री सरमा ने स्पष्ट किया कि यदि असम के बाहर के एनजीओ राज्य में जमीन खरीदना चाहेंगे, तो उन्हें भी इस प्रक्रिया का पालन करना होगा। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि केरल जैसे कई बाहरी एनजीओ जमीन खरीदकर संस्थान स्थापित करते हैं, जो भविष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। ऐसे एनजीओ को इस प्रक्रिया से गुजरना होगा। हालांकि, असम में पंजीकृत एनजीओ को इन अतिरिक्त जांचों से छूट मिलेगी। जांचों के बाद विशेष शाखा अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद डीसी अंतिम निर्णय लेगा कि लेनदेन को मंजूरी दी जाए या नहीं। यदि डीसी की ओर से मंजूरी मिलती है, तो जमीन दूसरे पक्ष के नाम पर हस्तांतरित हो जाएगी।

## पीएम मोदी की दिवंगत मां को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग

# राहुल की रैली में विवादित बयानों की गूंज, भाजपा बोली ये सड़क छाप यात्रा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राहुल गांधी भाजपा और पीएम मोदी के खिलाफ रैली के जरिए जमकर हमला बोल रहे हैं। इस बीच उनकी एक रैली में पीएम मोदी और उनकी मां स्व.हीराबेन के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया।

भाजपा ने इस बात का दावा करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने दावा किया कि इस हफ्ते बिहार चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां हीराबेन मोदी के खिलाफ बेहद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। इस कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं, कांग्रेस के राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव के पोस्टर लगे थे।

*स्टालिन के बिहार आने पर नेताओं ने कसे तंज*

*बिहारियों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे राहुल गांधी*



### स्टालिन के बयान ने बढ़ाया विवाद

रैली में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी चुनाव आयोग पर हमला बोला। उन्होंने बिहार में वोटर लिस्ट के रिवीजन को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कहा, 65 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटना आतंकवाद से कम नहीं है। स्टालिन ने दावा किया कि भाजपा को लगता है कि वह राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को नहीं रोक पाएगी, इसलिए वोटर लिस्ट में हेरफेर की साजिश रची जा रही है।

### सीतामढ़ी में राहुल ने कहा-प्रदेशों में वोट चोरी के सबूत जल्द करेंगे उजागर

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वोट काटना गरीब लोगों के अधिकारों को छीनने की शुरुआत है। अगर मताधिकार चला गया तो गरीब लोगों के पास कुछ नहीं बचेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन सीतामढ़ी में लोगों को संबोधित करते हुए चुनावों में की जा रही धांधली को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अभी सिर्फ कर्नाटक की एक सीट पर वोट चोरी का सबूत दिया है। आने वाले समय में पार्टी लोकसभा चुनाव, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में वोट चोरी के जरिए भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के और भी सबूत पेश करेगी।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने मुजफ्फरपुर की रैली में पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और गृह मंत्री अमित शाह पिछले 20 साल से चुनाव आयोग की मदद से 'वोट चोरी' करके चुनाव जीत रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान का जिक्र किया, जिसमें ट्रंप ने युद्ध रुकवाने की बात कही थी। राहुल ने गुजरात मॉडल पर भी सवाल उठाए और कहा कि मोदी की लोकप्रियता नहीं, बल्कि 'चुनावी चालबाजियां' उनकी जीत का राज हैं। राहुल के बयानों पर भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने जिस तरह पीएम मोदी के लिए शब्दों का इस्तेमाल किया, वही कांग्रेस का असली डीएनए है। देश की जनता अब समझ चुकी है कि विपक्ष का नेता कितना अपरिपक्व है।

# श्रीनगर और हिमाचल में बाढ़ जैसी स्थिति, चंबा में 1200 मणिमहेश यात्री फंसे

एजेंसी ⏩ जम्मू/ अमृतसर

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटना हुईं हैं। जम्मू में कटड़ा से लेकर डोडा तक भारी नुकसान हुआ है। कई पुल टूटे हैं, बिजली की लाइन और मोबाइल टावर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कश्मीर घाटी में अनंतनाग जिले के संगम और श्रीनगर के राम मुंशी बाग में झेलम नदी बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गई। लोगों को पुलिस ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। झेलम नदी का पानी कुर्सु राजबाग में घुसने से लोगों में दहशत रही।

पहाड़ों में बारिश का कहर जारी

अनंतनाग कोर्ट में बाढ़ के दौरान नाव से जज पहुंचे, न्यायिक कामकाज जारी रहा। अनंतनाग में लिद्दर नदी में फंसे 22 लोगों को एसडीआरएफ ने बचाया। अवंतीपोरा में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। भूस्खलन से किश्तवाड़-बटोत एनएच 244 वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। 29 अगस्त के बीच जम्मू संभाग और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच जम्मू संभाग में भारी बारिश के आसार हैं। 2 से 5 सितंबर को फिर मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा।

## बिजली-पानी, आवागमन और इंटरनेट पर आफत

## अनंतनाग कोर्ट में बाढ़ के दौरान नाव से जज पहुंचे


झेलम नदी में आई बाढ़ से अनंतनाग में दुकान में पानी घुसने से सामान खराब हो गया

### तेलंगाना में बारिश, 1000 लोग बचाए

*तेलंगाना में बीते 48 घंटे से भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पांच लोगों की मौत हो गई है। बचाव कार्य में एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एनडीआरएफ और सेना को तैनात किया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आगे भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच बाढ़ की चुनौती से निपटने को खुद सीएम रेवंत रेड्डी ने मोर्चा संभाल लिया है। बारिश और बाढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर यातायात बाधित है। राज्य में अभी 1 व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि 1000 से अधिक लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।*



## हिमाचल में 535 सड़कें बंद, मुश्किलें बढ़ीं

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें, बिजली ट्रांसफार्मर व जल आपूर्ति योजनाएं ठप हैं। कई इलाकों में मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं भी बाधित हैं। पंडोह डैम के साथ लगते कैंची मोड़ के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे का बड़ा हिस्सा गायब हो गया है। यहां पैदल चलने के लिए भी रास्ता नहीं बचा है। राज्य में 535 सड़कें बंद रहीं। 1,184 बिजली ट्रांसफार्मर व 503 जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप हैं। चंबा में मणिमहेश यात्रा पर गए 1200 श्रद्धालु जगह-जगह फंसे हैं। इनमें गौरीकुंड में 100, धन्छो में 500, भरमौर के चौरासी मंदिर में 600 श्रद्धालु फंसे हुए हैं।


कुल्लू के रायसन क्षेत्र में सड़क मरम्मत की जा रही

### चंबा में 2 लापता, 9 घर बहे

चंबा जिले में बुधवार को दो जगह भूस्खलन से भाई-बहन समेत अब तक चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लापता हैं। भरमौर के होली क्षेत्र के सलून गांव में नाले में बाढ़ आने से नौ घरों के बहने की सूचना है। कांगड़ा की दुर्गम पंचायत बड़ा भंगाल में रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से हेलीपैड के समीप दो सरकारी स्कूल भवन, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, पंचायत भवन, राशन डिपो, गांव को जोड़ने वाले पुल भी बहे हैं।

## पंजाब में उज्ज, रावी-ब्यास और सतलुज उफनाई


कपूरथला में बाढ़ पीड़ित परिवार का सहारा बनी नाव


सेना के वाहन से प्रभावितों को सुरक्षित निकाला

पंजाब में रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में जलस्तर बढ़ने से पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों के 200 से अधिक गांव डूब गए हैं। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना बचाव कार्य में जुटी है। माधोपुर हेडवर्क्स के गेट टूटने से सिंचाई विभाग के कर्मचारी विनोद कुमार पानी के तेज बहाव में बह गए जिनकी तलाश की जा रही है। होशियारपुर में टांडा उड़मुड़ के

### मोर्चे पर डटी सेना

अमृतसर में रावी दरिया का जल स्तर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है। जिले के 40 से ज्यादा गांव में पानी भर गया है। सेना की ओर से मोर्चा संभालते हुए लोगों को रेस्क्यू किया और अटोर एन1200 आधुनिक वाहन से बाढ़ प्रभावित लोगों को निकाल सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।

सलेमपुर मंड क्षेत्र में ब्यास दरिया की बाढ़ में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गई। पठानकोट के बॉर्डर क्षेत्र में पड़ते रावी दरिया के कथलोर पुल के नीचे एक 9 वर्षीय बच्ची की लाश मिली है। बच्ची की मौत पानी में डूबने से हुई है। लगातार हुई बारिश और रावी दरिया का जलस्तर बढ़ने से अमृतसर के 40 से ज्यादा गांवों में पानी भर गया है। गुरुवार को सेना ने मोर्चा संभाला बाढ़ प्रभावित गांवों से लोगों को निकालना शुरू किया।

## खबर संक्षेप

### रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव पर 37 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रूस के टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के दौरान कोर्ट पर एक फोटोग्राफर पर गुस्सा निकाला। वे अंपायर को देखकर भी चिल्लाए और मैच के बाद रैकेट भी तोड़ दिया। मेदवेदेव की इस हरकत को खेलभावना के विरुद्ध माना गया और उन पर 42,500 डॉलर (करीब 37 लाख रुपए) जुर्माना लगाया गया। यह राशिद मेदवेदेव की मैच फीस (1,10,000 डॉलर) से काटी जाएगी।



### केंद्र ने चुनाव आयोग का अनुरोध ठुकराया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर की राज्यसभा सीटों के कार्यकाल को क्रमबद्ध करने के लिए राष्ट्रपति के आदेश की गुजारिश की थी, जिसे कानून मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। मंत्रालय का कहना है कि ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। बता दें, जम्मू और कश्मीर में राज्यसभा की 4 सीटें हैं, जो 2021 से ही खाली पड़ी हुई हैं। पिछले साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव भी हो चुके हैं।




### रूस का कीव पर हमला 3 की मौत, 24 घायल

**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। कीव के शहरी प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय लड़की भी शामिल है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इससे एक दिन पहले हुए हमले में 10 लोग मारे गए थे।



## गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

# एलओसी के पास 2 आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी




एजेंसी ⏩ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को सेना ने गुरवार को नाकाम कर दिया, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि गुरेज सेक्टर में नौशहरा नार्द के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। इलाके में अभी तलाशी अभियान चल रहा है। 25 अगस्त को संयुक्त बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। 25 अगस्त को संयुक्त बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। उरी सेक्टर के तोरणा इलाके में आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जब नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी।

### पहलगाम आतंकी हमले पर एनआईए का खुलासा

*एनआईए ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की वजह बड़ी संख्या में मौजूद पर्यटक और इलाका थोड़ा अलग-थलग होना था। आतंकियों ने सोचा था कि पहलगाम में हमले के बाद सुरक्षाबलों की प्रतिक्रिया आने में वक्त लगेगा और इसी का फायदा उठाकर वे ज्यादा नुकसान कर सकते हैं। इसमें स्थानीय स्तर पर पाकिस्तानी आतंकियों को मदद मिली थी। खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों ने कई हवाला रैकेट और ड्रग तस्करी के नेटवर्क को पकड़ा है, जिनके तार सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं से जुड़े थे। इसीलिए संयुक्त बल हवाला रैकेट और ड्रग तस्करी जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ निशाना बना रहे हैं, साथ ही हथियारों का इस्तेमाल करने वाले आतंकियों से भी निपट रहे हैं।*

### चिनार कोर ने शहीद सैनिक को दी श्रद्धांजलि

*सेना ने गुरुवार को बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक सैनिक 'कर्तव्य निभाते हुए शहीद' हो गया। चिनार कोर ने एक्स पर किये गए पोस्ट में कहा, 'चिनार कोर कुपवाड़ा जिले में ऑपरेशनल ड्यूटी निभाते हुए बहादुर हवलदार इकबाल अली के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है।*

## भारत पर टैरिफ लगाकर घर में ही घिरे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

हर तरफ से मिल रही कड़ी आलोचना

# भारत को निशाना बनाना उचित नहीं यह पूरी तरह भ्रामक नीतिगत फैसला

*अमेरिकी राजनेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों और भारत पर लगाए गए शुल्कों की कड़ी आलोचना की है। कई अमेरिकी सांसदों, राजनयिकों और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक को नुकसान पहुंचा सकता है*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल की खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूस की आर्थिक मदद का आरोप लगाते हुए भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। वहीं अमेरिकी दल ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत के अगले दौर को भी स्थगित कर दिया है। इन नीतियों की वजह से अब ट्रंप को घर में ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी राजनेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों और भारत पर लगाए गए शुल्कों की कड़ी आलोचना की है।

**भारत के साथ संबंधों को कमजोर करना एक आपदा**

**ट्रंप का फैसला अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा**



### पूर्व उपराष्ट्रपति भी असहमत

वहीं अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने भी ट्रंप की नीति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियां और अमेरिकी उपभोक्ता अमेरिकी टैरिफ की कीमत चुका रहे हैं। पेंस ने एक लेख भी शेयर किया जिसमें बताया गया था कि कैसे फोर्ड ने अपनी ज्यादातर गाड़ियां अमेरिका में बनाईं। इसके बावजूद सिर्फ तीन महीनों में 80 करोड़ डॉलर का टैरिफ चुकाया।



### मोदी को घुटने नहीं टेकने चाहिए: पूर्व उप विदेश मंत्री

*अमेरिका के पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने अमेरिका और भारत की साझेदारी को 21वीं सदी में अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण रिश्ता बताया है। पीएम मोदी को राष्ट्रपति ट्रंप के आगे घुटने नहीं टेकने चाहिए। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर ने भी इन चिंताओं को दोहराया और कहा कि अचानक टैरिफ की घोषणा एक कूटनीतिक झटका है।*



### संबंध कमजोर होंगे: रिपब्लिकन पार्टी

ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा था कि व्यापार को लेकर भारत के साथ संबंधों को कमजोर करना एक रणनीतिक आपदा होगी, जिससे चीन का मुकाबला करने की अमेरिका की क्षमता कमजोर होगी। ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन ने टैरिफ को एक गलती करार दिया है और चेतावनी दी है कि इससे भारत चीन और रूस के करीब जा सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री बोले

**हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करते**

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना है।



## गणेशोत्सव में दिखाया सेना का शौर्य





**हैदराबाद।** पूरे देश में गणेश चतुर्थी उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है। कई शहरों में बड़े-बड़े पंडाल लगाकर गणेश मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। इस दौरान तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक पंडाल में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित करते हुए एस-400 मिसाइल प्रणाली की प्रतिकृति पर भगवान गणेश की मूर्ति प्रदर्शित की गई।

## यूएस में प्रार्थना सभा में गोलाबारी

# आरोपी की बंदूक पर लिखे थे कई डराने वाले संदेश

एजेंसी ⏩ वॉशिंगटन

अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को एक चर्च में प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे स्कूली बच्चों पर गोलीबारी में दो छात्रों की मौत हो गई। इस दौरान 17 अन्य लोग घायल भी हुए। 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन नाम के शूटर ने तीन हथियारों एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्तौल का इस्तेमाल किया और एनुंसिएशन कैथोलिक स्कूल के चर्च पर दर्जनों राउंड फायरिंग की। बाद में वेस्टमैन पार्किंग में वह मृत पाया गया। अधिकारियों का मानना है कि



उसने खुद को गोली मार ली। अब उसके डिलीट हो चुके यूट्यूब चैनल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उसकी बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रंप को मार डालो', 'ट्रंप को अभी मार डालो', 'इजराइल को हारना चाहिए' और 'इजराइल को जलाकर राख कर दो' लिखा हुआ था।

## भारत और कनाडा के बीच संबंध सुधरे

# कनाडा में भारत के उच्चायुक्त बने दिनेश पटनायक, संभालेंगे कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

वर्ष 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी और वरिष्ठ राजनयिक दिनेश के. पटनायक को कनाडा में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। जिससे फिलहाल बेपटरी हो चुके दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। बीते करीब नौ महीने से यह पद खाली पड़ा हुआ था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिनेश पटनायक, जो वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं। उन्हें कनाडा के अगले उच्चायुक्त के तौर पर नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार संभालेंगे। इस साल जून महीने में कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के कार्यभार संभालने के बाद हुई पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने आपसी संबंधों की पुनः बहाली और अपने-अपने देश की राजधानियों में रिक्त पड़े हुए राजनयिकों के पदों को जल्द भरने को लेकर सहमति प्रदान की थी।



## आयरलैंड में भारतीयों को निशाना बना रहे कम उम्र के किशोर

# कर रहे नस्लवादी हिंसा, भारत वापस जाने को कह रहे

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

पिछले 10 वर्षों में आयरलैंड जाने वाले भारतीयों की संख्या तीन गुना से अधिक हो गई है, जो 2015 में लगभग 20,000 से 2024 में 70,000 से अधिक हो गई है। भारतीय समुदाय के लोगों ने आयरलैंड की स्वास्थ्य सेवा और तकनीक से लेकर वित्त और फार्मा तक के क्षेत्रों में शानदार भूमिकाएं निभाई हैं। लेकिन हाल में यहां के कुछ नस्लवादी लोगों ने भारतीय प्रवासियों का विरोध करना शुरू कर दिया है। जुलाई के बाद से हमले भी होने लगे हैं। हिंसा के लिए मुख्य रूप से युवा किशोरों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।



हमलों का भारतीय समुदाय के लोग विरोध जताते हुए

### अप्रैल 2024 में भारतीयों की संख्या बढ़ी

*अप्रैल 2024 में समाप्त होने वाले वर्ष में लगभग 1.5 लाख लोग आयरलैंड आए, जो लगभग दो दशकों में 12 महीनों में सबसे बड़ी वृद्धि है। भारतीय अब देश के सबसे बड़े जातीय अल्पसंख्यक समूहों में से एक हैं। इन सब बातों ने आरोपों और गलतफहमियों को बढ़ावा दिया है।*

### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवइजरी

भारतीय समुदाय ने हाल के दिनों में अपने ऊपर हुए हमलों की अन्य घटनाओं की भी सूचना दी है। 1 अगस्त को, डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है। आयरलैंड में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें, खासकर इस समय में।

### 2025 में कब-कब हुए हमले

19 जुलाई: डबलिन के एक उपनगर में एक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर बेरहमी से हमला किया गया। 1 अगस्त: भारतीय मूल के टैक्सी चालक 40 वर्षीय लखवीर सिंह पर डबलिन के एक उपनगर में उन्हें छोड़ने के बाद दो लोगों ने हमला कर दिया। 4 अगस्त: वाटरफोर्ड शहर में 8 से 14 साल के बच्चों के एक समूह ने छह साल की एक बच्ची पर हमला कर दिया।

### पूर्व पीएम भारतीय मूल के

आयरलैंड की राजधानी डबलिन में नवंबर 2023 में भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ प्रदर्शन उस समय तेज हो गए थे, जब बसों में आग लगा दी गई थी और दुकानों में लूटपाट की गई थी। लियो वराडकर, जिनके पिता महाराष्ट्र से हैं, उस समय पीएम थे। भारतीयों ने आयरलैंड में 'सेल्टिक टाइगर' बूम के दौरान आना शुरू किया।

## नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे पाक आतंकी

# 50 हजार का इनाम, जांच अभियान चला रही पुलिस, हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

एजेंसी ⏩ मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)

नेपाल के रास्ते भारतीय क्षेत्र के बिहार में घुसे पाकिस्तान के तीन आतंकियों की खोज में जिले की पुलिस व सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल व अन्य सुरक्षा एजेंसियां जुटी हैं। खुफिया एजेंसी की ओर से दी जानकारी के आधार पर जैश-ए मोहम्मद के जिन तीन आतंकियों की खोज की जा रही है, उनमें रावलपिंडी पाकिस्तान का निवासी हसनैन अली, उमरकोट का आदिल हुसैन एवं बहावलपुर का मोहम्मद उस्मान शामिल है। राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अलर्ट के आदेश में पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

### वाहनों की तलाशी ली जा रही




*एसपी की ओर से जारी निर्देश के बाद पूरे जिले में सघन वाहन जांच की जा रही है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस की टीम एक-एक व्यक्ति की तलाशी ले रही है।*

### पासपोर्ट लगी तस्वीर जारी की

पुलिस अधीक्षक ने सभी आतंकियों के पासपोर्ट लगी तस्वीर व उनका नाम पता जारी करते हुए कहा है कि आतंकियों के सिर पर 50 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। एसपी ने आम आदमी के लिए दो नंबर जारी किए हैं।

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल
शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी



### वैभव सूर्यवंशी
**आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी**

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

### तन्वी पत्री
**बैडमिंटन में बढ़ती पहचान**

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। 13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इससे बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टॉप टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगडू में चेंगडू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *



### लव-कुश
**देश के सबसे नन्हे पहलवान**

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



### धिनिधि देसिंघु
**लहरों से खेलने वाली लड़की**

**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *




# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात
मोनिका शर्मा



**खे**लना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉश्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारी डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## जुगनू जैसी चमकती कहानियां

**ब**च्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब :** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक :** विज्ञान भूषण
**मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

---

बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

---

## जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

---

# साइकिल रेस

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।





कहानी
पूनम पांडे

**बा**र-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

---

कविता
डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोल कीपिंग कर रहे लड़के की टीशर्ट पर नंबर प्रिंट नहीं है। 4.दाहिनी तरफ लाल टीशर्ट पहने लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाहिनी तरफ हरियाली कम दिख रही है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?



# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप : सिंधु ने अंतिम 8 में बनाई जगह, वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी को दी मात

**महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु पिछले काफी समय से अपने खराब फॉर्म के चलते आलोचना का सामना कर रही थी, पर उन्होंने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में विश्व नंबर-2 की खिलाड़ी को मात देने के साथ अब महिला सिंगल्स के अंतिम 8 में अपनी जगह बना ली है।**

## झी यी वांग को सीधे सेटों में हारकर महिला सिंगल्स में जगह की पक्की

एजेंसी ▶▶| पेरिस

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 28 अगस्त को भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पीवी सिंधु ने चीन की वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी झी यी वांग को सीधे सेटों में मात देने के साथ महिला सिंगल्स के अंतिम 8 में अपनी जगह को पक्की कर ली है।

सिंधु के लिए ये काफी बड़ी जीत भी है क्योंकि उन्होंने साल 2019 में इस खिताब को जीता था तो वहीं साल 2021 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्की करने में कामयाब हो पाई हैं।



### नहीं गंवाया एक भी सेट

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पीवी सिंधु के फॉर्म का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अब तक तीन मैच टूर्नामेंट में खेले हैं, जिसमें एक भी सेट में उन्हें मात नहीं मिली है। अब पीवी सिंधु 29 अगस्त को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी, जिसमें उनका सामना वर्ल्ड नंबर-9 रैंकिंग खिलाड़ी इंडोनेशिया की कुसुमा वर्दानी से होगा। कुसुमा का फॉर्म सिंधु के मुकाबले इस साल काफी देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने जहां 27 मैच जीते हैं तो वहीं सिंधु सिर्फ 9 मुकाबलों में जीत हासिल करने में कामयाब हो पाई हैं।

## विश्व चैंपियनशिप में प्रणय का सफर खत्म



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंचकर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हारकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गए। दो साल पहले विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके प्रणय को डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में 8-21, 21-17, 21-23 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने हार के बाद कहा,'मैंने आखिर में कुछ खराब शॉट्स खेले। मुझे थोड़ी ऊर्जा और रखनी चाहिए थी। आखिर में मैंने उसे आसान मौके दे दिए।' उन्होंने कहा,' मैच प्वाइंट गंवाना हमेशा अखरता है, खासकर बड़े टूर्नामेंटों में । एक मैच टूर्नामेंट की दिशा बदल सकता है। फॉर्म में चल रहे किसी खिलाड़ी को हराने से आत्मविश्वास बढ़ता है लेकिन हारने के बाद उलटा हो जाता है। मैं उस स्थिति में नहीं आना चाहता था।' प्रणय ने संकेत दिया कि कैरियर को लेकर कोई फैसला लेने से पहले वह एक विश्व चैंपियनशिप और खेलना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने वापसी के साथ दो गोल किए, जिसकी मदद से इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को 3-1 से हराकर लीग्स कप फाइनल में प्रवेश कर लिया। इंटर मियामी का सामना रविवार को एलए गैलेक्सी और सीएटल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे मेस्सी ने दो सप्ताह में दूसरी बार वापसी की है। ओरलैंडो के लिए मार्को पासालिक ने एकमात्र गोल किया।

### क्वार्टर फाइनल नहीं खेल पाएंगे जुरेल और ईश्वरन





**बेंगलुरु।** मध्य क्षेत्र के कप्तान ध्रुव जुरेल और पूर्वी क्षेत्र के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार और ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर रहेंगे। ईश्वरन के नहीं खेलने से पूर्वी क्षेत्र को करारा झटका लगा है, जिसका सामना पूर्वी क्षेत्र से होना है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर ईशान किशन वैसे ही टीम में नहीं हैं। ईश्वरन के नहीं खेलने से असम के हरफनमौला रियान पराग को कप्तानी सौंपी गई है। समझा जाता है कि एशिया कप के लिए भारत के स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल जुरेल को कल चोट लगी और उन्हें मैच से बाहर रहने की सलाह दी गई है। उत्तर पूर्व के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को मध्यक्षेत्र की कमान दी गई है। उत्तर क्षेत्र की टीम में कप्तान शुभमन गिल नहीं हैं, जो बुखार से उबर नहीं सके हैं। ऐसे में हरियाणा के अंकित कुमार कप्तानी कर रहे हैं।

### डीपीएलः प्लेआफ में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स



**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने वर्षाबाधित मैच में पुरानी दिल्ली 6 को आठ विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण मैच सात ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर सुपरस्टार्स ने जीत दर्ज करके दो अंक अर्जित किए। जीत के लिए 134 रन के लक्ष्य के जवाब में तेजस्वी दहिया और अनमोल शर्मा ने अर्धशतक जमाए। दोनों ने 5.5 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। तेजस्वी 21 गेंद में 69 रन बनाकर आउट हुए जबकि शर्मा ने 17 गेंद में नाबाद 56 रन बनाए। इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 के लिए देव लाकड़ा ने 23 गेंद में नाबाद 85 और युग गुप्ता ने 14 गेंद में 38 रन बनाए।

## नोवाक ने चार सेट में जीता दूसरा मुकाबला

# 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे जोकोविच, फेडरर को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी साल के आखिरी यूएस ओपन 2025 ग्रैंडस्लैम में सर्बिया के नोवाक जोकोविच कुछ खास रंग में नजर नहीं आ रहे हैं। बिना फॉर्म के भी जोकोविच ने पहले दो राउंड के मुकाबले जीते और तीसरे दौर में जगह बना ली है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना 145वीं रैंक के खिलाड़ी जाचारी वाजदा से था। लेकिन उनसे भी जोकोविच पहला सेट हार गए थे लेकिन फिर वापसी करते हुए चार में तीन सेट जीतकर जोकोविच ने मैच को अपने नाम कर लिया। जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

जोकोविच ने तीसरे राउंड में रखा कदम


दुनिया में सबसे अधिक 24 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम कर चुके नोवाक जोकोविच जुलाई माह में विंबलडन सेमीफाइनल हारने के बाद पहली बार खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरे राउंड में अमेरिका के जाचारी वाजदा को 6-7, 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। अब तीसरे राउंड में नोवाक जोकोविच का सामना ब्रिटेन के कैम नौरी से होगा, जिनको वह छह बार हरा चुके हैं। वहीं ब्रिटेन के कैम नोरी की बात करें तो वह अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (5), 6-3, 6-7 (0), 7-6 (4) से हराकर तीसरे दौर में आ चुके हैं।



### टाउनसेंड और ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस

वहीं टेलर टाउनसेंड और येलेना ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस हो गई। युगल में नंबर एक अमेरिका के टाउनसेंड ने दूसरे दौर का मुकाबला 7-5, 6-1 से जीता। इसके बाद उन्होंने कहा कि 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन लाटविया की ओस्टापेंको ने उन्हें कहा कि उनमें 'क्लास' नहीं है और वह पढ़ी लिखी भी नहीं हैं। वहीं पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे पांचवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। 12वीं रेंकिंग वाले कैस्पर रुड को बेल्जियम के रफेल कोलिंगनन ने 6-4, 3-6, 3-6, 6-4, 7-5 से मात दी।

### सबालेंका पहुंची तीसरे दौरे में




आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन के तीसरे दौरे में जगह बना ली है। सबालेंका ने पोलिना कुडेरमेतोवा को हराकर तीसरे दौरे में जगह बनाई। सबालेंका ने दूसरे दौर के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में पोलिना कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया।



### अल्काराज की दूसरे दौर में आसान जीत

दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डेढ़ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया । अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिन्होंने अपना सिर मुंडवा रखा है। उनके भाई ने उनके बालों से छेड़खानी की तो उन्होंने सारे बाल ही कटवा लिए। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था।

### पाओलिनी ने दूसरे दौर में इवा जोविक को हराया




सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। लेकिन, जोविक ने वापसी करते हुए तीन बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन वे इसे भुना नहीं पाईं। दो गेम बाद जोविक को दो और ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन वह इसका फायदा भी नहीं उठा सकीं। पाओलिनी ने सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरा सेट भी पाओलिनी ने 6-3 से अपने नाम किया। विश्व की आठवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी का सामना तीसरे दौरे में 32वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी मैककार्टनी केसलर से होगा।

हॉकी एशिया कप

## विश्व कप में जगह बनाने पर होगी भारत की नजर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

राजगीर। तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी, जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है।भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है, जिसने ओमान की जगह ली है। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा।

### विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का आखिरी मौका

यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे, जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है। भारत को इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग मिली है और टीम बेहतरीन प्रदर्शन करके आलोचकों का मुंह बंद करना चाहेगी।



## इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला में भारत के 26 पदक पक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में आयोजित तीसरे 'बेल्ट एंड रोड' 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' अंडर-17, अंडर-19 और अंडर-23 अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में 26 पदक पक्के किए। भारत ने अंडर-17 आयु वर्ग में 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (+80 किग्रा) शामिल हैं जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम से कम एक पदक पक्का किया। भारतीय जूनियर लड़कियों ने भी शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया।



## आज से पीकेएल का आगाज भिड़ेंगी टाइटंस और थलाइवाज

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



स्थानीय टीम पसंदीदा तेलुगु टाइटन्स शुक्रवार को शुरू होने वाले प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सत्र के पहले मैच में तमिल थलाइवाज से भिड़ेगी। यह लीग सात वर्षों के अंतराल के बाद इस शहर में वापसी कर रही है। बेंगलुरु बुल्स और पुणेरी पल्टन के बीच दिन का दूसरा मैच विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

नए सत्र से पहले पीकेएल के 12 कप्तानों ने भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में आईएनएस कुरसुरा का दौरा किया। यह एक पनडुब्बी है जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। पीकेएल का पहला चरण यहां 29 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद यह लीग जयपुर (12 सितंबर से 28 सितंबर), चेन्नई (29 सितंबर से 10 अक्टूबर) और नई दिल्ली (11 अक्टूबर से 23 अक्टूबर) में आयोजित की जाएगी। प्लेऑफ और ग्रैंड फिनाले के लिए स्थल अभी तय नहीं किए गए हैं।

### अमेरिकी ओपन : भांबरी बोपन्ना उतरेंगे कोर्ट में

**न्यूयॉर्क।** भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अनुभवी रोहन बोपन्ना सत्र के अंतिम ग्रैंडस्लैम अमेरिकी ओपन में देश की चुनौती की अगुआई करेंगे। भांबरी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि बोपन्ना के जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो होंगे। भांबरी और वीनस को 14वीं वरीयता मिली है। उनका सामना मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी से होगा, जो मजबूत एकल खिलाड़ी भी हैं। वहीं बोपन्ना और अर्नेडो अपने अभियान की शुरुआत रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ करेंगे। अर्जुन काधे अपने इक्वाडोर के जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो के साथ खेलेंगे। इस जोड़ी का सामना अल साल्वाडोर और क्रोएशिया के मेट पाविच की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।



## सिनक्यूफील्ड कप : वेसली ने जीता खिताब

# प्रज्ञानानंद ने किया ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| सेंट लुइस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेआफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानानंदा तथा फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेआफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए।

प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारुआना को हराया जबकि कारुआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन , कारुआना और प्रज्ञानानंदा भी क्वालीफाई कर चुके हैं।



### क्लासिकल वर्ग में सो, कारुआना और प्रज्ञानानंदा के 5.5 अंक



क्लासिकल वर्ग में सो, कारुआना और प्रज्ञानानंदा के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैंपियन डी. गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे। प्रज्ञानानंदा ने पहले टाइब्रेक मुकाबले में कारुआना को हराकर जीत की उम्मीदें बढा दी थी लेकिन वह दूसरे दौर में सो से हार गए, जिन्होंने आखिरी दौर में कारुआना को ड्रॉ पर रोककर खिताब जीता।



## लालबागचा राजा के दर्शन करने सिद्धार्थ संग पहुंची जाह्नवी...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी आज रिलीज हो रही है। दोनों इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले दोनों लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान का दोनों का वीडियो सामने आया है। हालांकि, भीड़ में जाह्नवी थोड़ी अनकंफर्टेबल दिखती हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि जाह्नवी भीड़ में आगे जाती हैं। उनके एक्सप्रेशन से साफ पता चल रहा है कि वह भीड़ में परेशान हो रही हैं। उसके पीछे वहीं सिद्धार्थ नजर आ रहे हैं। एक ने कमेंट किया, 'ऐसे भीड़ में क्यों भेजा, अगर वह अनकंफर्टेबल है तो?' जाह्नवी को कितना अजीब लग रहा है, समझ सकते हैं।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## मलयालम फिल्म नागम्मा में आएंगी नजर

प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी। माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता सिबी मलयिल भी मौजूद थे। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। मोनालिसा, इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर महेश्वर की रहने वाली हैं। वे इस साल प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया सेंसेशन बन गईं। मोनालिसा वहां माला बेचने गई थीं। अपनी खूबसूरत आंखों के चलते वे आकर्षण का केंद्र बन गईं। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है।



हॉलीवुड मसाला




## लिंकिन पार्क का प्रदर्शन अब भारत में

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे।



## शेखा महरा ने की रैपर फेंच मोंटाना से सगाई

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना और दुबई की राजकुमारी शेखा महरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों ने हाल ही में अपनी सगाई की पुष्टि की है। यह सगाई पेरिस फैशन वीक के दौरान हुई, जहां फ्रेंच मोंटाना ने अपनी लेडी लव शेखा महरा को अंगूठी पहनाई। खबर सामने आने के बाद दुनियाभर के फैन्स हैरान रह गए, क्योंकि महरा ने कुछ महीने पहले ही अपने पहले पति से तलाक लिया था। शेखा महरा दुबई के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। महरा की मां जोई ग्रिगोराकॉस ग्रीस से हैं और अब अपने पति से अलग रह रही हैं। तलाक के कुछ ही समय बाद शेखा की मुलाकात फ्रेंच मोंटाना से हुई।



## रिलीज हुआ शिल्पा की फिल्म का पोस्टर


**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा शिल्पा शिरोडकर एक लंबे अंतराल के बाद फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम जटधारा है और गुरुवार के दिन इसका पहला लुक जारी किया गया है। इस पोस्टर में शिल्पा शिरोडकर का अंदाज रहस्यमयी और बेहद ताकतवर दिखाई दे रहा है। उनके किरदार का नाम शोभा है। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। अभी तक इस फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है। बस पहला पोस्टर आउट किया और फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में जानकारी दी है। इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर के साथ सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। यूं तो ये तेलुगू फिल्म है, लेकिन इसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। लोगों को शिल्पा की फिल्म का पोस्टर पसंद आ रहा है।



## परिवार के साथ मनाई गणेश चतुर्थी...

**मुंबई।** सलमान खान हर साल गणेश चतुर्थी परिवार के साथ सेलिब्रेट करते हैं। अब इस साल भी सलमान ने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गणेश चतुर्थी सेलिब्रेट की। इस सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है जहां सलमान के पैरेंट्स भाई, दोनों बहनें और उनका परिवार और उनके दोस्त भी अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। सलमान ने खुद वीडियो शेयर किया है, जिसकी शुरुआत होती है गणपति बप्पा से जिन्हें काफी खूबसूरती से सजाया है। पहले सलमान की मां सलमा और पिता सलीम खान आरती करते हैं साथ में। इसके बाद सोहेल खान आरती करते हैं। इसके बाद सलमान खान आरती करते हैं फिर अरबाज, बहन अलवीरा और छोटी बहन अर्पिता आरती करते हैं। सलमान के भांजे और भांजी इस दौरान नजर आ रहे हैं।

## नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे रणवीर



**मुंबई।** गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नजर आए।

## एक ही परिवार ने बनाई पांच धांसू फिल्में सभी में नजर आया एक जैसा पैटर्न

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में कई परिवार फिल्म मेकिंग के बिजनेस से जुड़े हैं। बॉलीवुड में एक ऐसा परिवार है जिसके सदस्यों ने समय-समय पर 5 ऐसी फिल्में बनाईं, जिनका पैटर्न काफी हद तक ऐसा जैसा ही था। इन पांचों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सभी फिल्में ब्लॉकबस्टर निकलीं और सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। हम बात कर रहे हैं भट्ट फैमिली और उनके रिश्तेदारों की। फिल्मकार महेश भट्ट और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों ने पिछले 34 साल में पांच ऐसी फिल्में बनाईं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।*

***आशिकी*** : सबसे बात करते हैं 1990 में आई आइकॉनिक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म आशिकी की। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। राहुल रॉय, अनु अग्रवाल, दीपक तिजोरी लीड रोल में थे। नदीम-श्रवण का म्यूजिक, समीर के गीत सुपरहिट रहे थे। दिल का आलम, बस एक सनम चाहिए, नजर के सामने और धीर धीरे से मेरी जिंदगी में आना जैसे गानों ने 90 के दशक में धूम मचा दी थी। हर गली-मोहल्लों, बस-ऑटो, पान की दुकानों पर ये गाने सुनाई देते थे। 90 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

***राजा हिंदुस्तानी*** : 1996 में महेश भट्ट के भांजे धर्मेश दर्शन एक फिल्म लेकर आए थे। नाम था : राजा हिंदुस्तानी। करीब 5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। यह फिल्म 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और इमोशन्स का पूरा डोज था। नदीम-श्रवण के म्यूजिक से सजी इस फिल्म के गाने बहुत पॉप्युलर हुए थे 'परदेसी परदेसी जाना नहीं' तो सबसे ज्यादा सुना गया था।

***राज़*** : महेश भट्ट 2002 में एक बार फिर से महेश भट्ट ने पर्दे पर वापसी की। इस बार वह हॉरर-रोमांटिक फिल्म 'राज' लेकर आए थे। हॉरर जॉनर की इस फिल्म में बिपाशा बसु और डिनो मोरिया लीड रोल में थे। 5 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 37 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

***आशिकी 2*** : 2013 में महेश भट्ट के भांजे मोहित सूरी के निर्देश में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई थी जिसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर थे. इस फिल्म का म्यूजिक भी कमाल का था। खासकर 'तुम ही हो' और 'सुन रहा है ना तू' गाना बहुत पॉपुलर हुआ था। ये 1990 की 'आशिकी' का सीक्वल थी। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

**सैयारा** : 2025 में पूरे 12 साल बाद मोहित सूरी के निर्देशन में बनी एक और रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। फिल्म को लेकर युवाओं में एक अलग ही क्रेज देखने को मिला।

## तान्या मित्तल ने किया खेला, मां-बेटे के रिश्ते में डाली दरार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस सीजन 19 में ड्रामा और साजिश का लेवल हर नए दिन बढ़ता ही जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत से ही कंटेस्टेंट्स के बीच टकराव देखने को मिला। खासकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच बना मां-बेटे का रिश्ता, प्यारा लग रहा था, वो भी टूटने की कगार पर पहुंच चुका है। इस पूरी साजिश के पीछे हैं तान्या मित्तल।




## असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल किसी हीरो से कम नहीं

# एक्टर जो दिन में खोजते थे चांस और रात को करते थे होटल में काम

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की दुनिया बाहर से देखने पर जितनी भी चमकदार दिखती है, अंदर से उतनी ही स्ट्रगल से भरी होती है। हर एक्टर और एक्ट्रेस की बॉलीवुड के कदम रखने की अपनी-अपनी वजह और कहानी है। कुछ कलाकार इन कहानियों को कभी दुनिया के सामने नहीं लाते तो कुछ वक्त के साथ खुलकर बताते हैं कि उन्होंने फिल्मों में आने का सफर कैसे तय किया। आज हम ऐसे ही एक्टर की कहानी लेकर आए हैं जिन्होंने ज्यादातर फिल्मों में भले ही लीड रोल न निभाया हो, लेकिन असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही। फिल्मी दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए दीपक तिजोरी दिन में प्रोड्यूसर्स के दफ्तरों के चक्कर लगाते थे और रात को होटल में काम करते थे। दीपक तिजोरी का परिवार मूल रूप से गुजरात के मेहसाणा से था। उनके परदादा तिजोरियां बनाने का काम करते थे, इसी वजह से दीपक का सरनेम 'तिजोरीवाला' पड़ गया, जो वक्त के साथ 'तिजोरी' हो गया। दीपक तिजोरी के पिता गुजराती वैष्णव और मां पारसी ईरानी थीं। मां को फिल्मों में काम करने का शौक था, लेकिन परिवार के रूढ़िवादी होने की वजह से उनका सपना अधूरा रह गया। हालांकि, उन्होंने अपने बेटे दीपक को एक्टिंग की दुनिया में जाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।*

### असल दुनिया में कदम रखते ही झटका लगा

दीपक की पढ़ाई मुंबई के नरसी मोनजी कॉलेज से हुई, जहां से उन्हें एक्टिंग में गहरी रुचि जगी। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर ग्रुप जॉइन किया और यहीं उनकी मुलाकात आमिर खान, आशुतोष गोवारिकर, परेश रावल जैसे कई कलाकारों से हुई, जो आगे चलकर बड़े नाम बने। कॉलेज में दीपक हर प्ले में हीरो का रोल निभाते थे और उन्हें भरोसा हो चला था कि कॉलेज से निकलते ही उन्हें फिल्मों में भी हीरो बनने का मौका मिल जाएगा, लेकिन असल दुनिया में कदम रखते ही उनकी इस सोच को झटका लगा।

### घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी

कॉलेज खत्म होते ही जब दीपक ने फिल्मों में काम खोजना शुरू किया तो उन्हें समझ आ गया कि यहां बिना किसी पहचान के आगे बढ़ना आसान नहीं है। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पिता की आमदनी सीमित थी और बड़े भाई के कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी थी। ऐसे में दीपक ने रात में बांद्रा के होटल में फ्रंट डेस्क पर काम शुरू कर दिया, ताकि दिन में वह फिल्म स्टूडियो और प्रोड्यूसर्स के दफ्तर जा सकें। यह उनके जीवन का सबसे कठिन और उन्हें सबसे मजबूत बनाने वाला समय था। दिनभर स्ट्रगल और रातभर काम, कुछ इस तरह उन्होंने अपने सपने को जिंदा रखा।



### आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला

धीरे-धीरे दीपक को छोटे-मोटे मॉडलिंग असाइनमेंट मिलने लगे और फिर एक दिन उन्हें एक्टर अवतार गिल का फोन आया। उन्होंने बताया कि महेश भट्ट उन्हें ढूंढ रहे हैं। दीपक ने तुरंत उनसे सम्पर्क किया और तब जाकर उन्हें फिल्म आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला। यह रोल छोटा जरूर था, लेकिन असरदार इतना था कि इसके बाद दीपक को एक के बाद एक फिल्में मिलती गईं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930